e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 325
रविवार
01.12.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
छल करोगे तो छल मिलेगा, आज नहीं तो कल मिलेगा, अगर जियोगे जिंदगी सच्चाई से तो सुकून हर पल मिलेगा!

ताजा खबरों के लिए देखें

## सरकार में शामिल नहीं होगा भाकपा माले : दीपंकर भट्टाचार्य

**दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा,लंबे समय बाद हमारी पार्टी ने धनबाद से दो सीटें जीती हैं। हालांकि,बगोदर और धनवार सीट पर हार का सामना करना पड़ा।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** भाकपा माले के राष्टीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड की जनता ने निर्णायक बहुमत देकर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाई है। उन्होंने कहा कि पिछली बार सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की गई थी,लेकिन इस बार केंद्र सरकार को झारखंड सरकार का सम्मान करना चाहिए।
झारखंड को उसका हक और सम्मान मिलना ही चाहिए। इंडिया गठबंधन ने झारखंड के साथ जो वादे किए हैं, हमें उम्मीद है कि वे पूरे किए जाएंगे। सरकार में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा, हम सरकार में शामिल नहीं होंगे।
हमारे विधायक विधानसभा के अंदर और बाहर जनता के मुद्दों पर संघर्ष करते रहेंगे। हम सरकार को सही मुद्दों पर पूरा सहयोग देंगे। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा,लंबे समय बाद हमारी पार्टी ने धनबाद से दो सीटें जीती हैं। हालांकि,बगोदर और धनवार सीट पर बार हार का सामना करना पड़ा। विनोद सिंह एवं राजकुमार यादव की कमी झारखंड को खलेगी। लेकिन उनके अनुभवों और पार्टी की सांगठनिक शैली का लाभ आगे भी उठाया जाएगा।
दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा का प्रभाव छोटानागपुर और पलामू प्रमंडल के साथ-साथ झारखंड के बड़े शहरों में भी बना हुआ है। इसलिए, नफरत और झूठ के प्रचार को कमजोर करना तथा समाज में एकता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होगी।

### महत्वपूर्ण वर्ष होगा 2025

दीपांकर भट्टाचार्य ने बताया कि हाल ही में भाकपा (माले) और मासस के बीच एकता हुई है। उन्होंने कहा, ÷हमारी पार्टी अब राज्य सम्मेलन की ओर बढ़ रही है। 2025 हमारे लिए महत्वपूर्ण वर्ष होगा, क्योंकि इस साल महेंद्र सिंह और गुरुदास चटर्जी की शहादत के 25 वर्ष, बिरसा मुंडा की जयंती के 150 वर्ष और झारखंड के 25 वर्ष पूरे हो जाएंगे। यह वामपंथी आंदोलन के लिए प्रेरणा लेकर संघर्ष तेज करने का समय होगा।उन्होंने घोषणा की कि 26 नवंबर को संविधान दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर में संविधान जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। हम सामूहिक रूप से संविधान का पाठ करेंगे और पूरे देश में तिरंगा मार्च का आयोजन करेंगे।

### विनोद सिंह व राजकुमार यादव की कमी झारखंड को खलेगी

**देश में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की हो रही है कोशिश**

उन्होंने कहा,बाबरी मस्जिद विध्वंस असंवैधानिक और अपराध था। 1991 के पूजा स्थल कानून के अनुसार, किसी भी धार्मिक स्थल की स्थिति में बदलाव नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके, अदालत से सर्वे के आदेश दिए जा रहे हैं। ऐसे मामलों से देश में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। हमारी पार्टी न्यायप्रिय नागरिकों से अपील करती है कि वे ऐसी विभाजनकारी कोशिशों का विरोध करें।




### भारत सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है

**अंबानी पर अमेरिका में जारी जांच का जिक्र करते हुए भट्टाचार्य ने कहा,जो घोटाला भारत में हुआ, उस पर कार्रवाई अमेरिका में हो रही है। भारत सरकार की उदासीनता का खामियाजा देश की आम जनता को उठाना पड़ रहा है। बिजली की कीमतें बढ़ाई जा रही हैं और इसका बोझ आम जनता पर पड़ रहा है। शेयर बाजार में गिरावट का प्रभाव छोटे निवेशकों पर पड़ता है। हमारी पार्टी इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।**

## पीएलएफआई का एरिया कमांडर लंबू मुठभेड़ में मारा गया



**पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है. चाईबासा पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सूत्रों से सूचना मिली थी कि पीएलएफआई कमांडर अपने दस्ते के सदस्यों के साथ टेबो और बंदगांव थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में भ्रमणशील है. किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है.**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस बल की विशेष टीम के साथ हुए मुठभेड़ में पीएलएफआई एरिया कमांडर लंबू मारा गया. वह टेबो थाना क्षेत्र के तोमरोंग गांव के जंगल में मारा गया है. यह जानकारी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने दी है. उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है.चाईबासा पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सूत्रों से सूचना मिली थी कि पीएलएफआई कमांडर अपने दस्ते के सदस्यों के साथ टेबो और बंदगांव थाना के सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में भ्रमणशील है. किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है. सूचना मिलने पर विशेष अभियान दल का गठन किया गया और 29 नवंबर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया. इसी दौरान शनिवार की सुबह 9 बजे के आसपास तोमरोम के जंगली क्षेत्र में रोरो नदी के किनारे उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई. बाद में सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख पीएलएफआई के उग्रवादी भाग खड़े हुए.मुठभेड़ के बाद आस-पास के इलाके में सर्च अभियान चलाया गया. इसी दौरान पीएलएफआई के एक उग्रवादी का शव मिला. जिसकी पहचान एरिया कमांडर रांडुग बोदरा उर्फ लंबू के रूप में की गई. मुठभेड़ स्थल के पास से हथियार कारतू और अन्य सामान भी बरामद किए गए.

### स्टोन माइंस में फायरिंग करने वाले 5 अपराधी अरेस्ट

मेदिनीनगर- पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र स्थित चांदो स्टोन माइंस में अपराधियों ने फायरिंग की. फायरिंग कर भाग रहे अपराधियों को पुलिस ने पकड़ लिया. पकड़े गए पांच अपराधियों के पास से पुलिस ने चार हथियार बरामद किया है. यह घटना शनिवार के अहले सुबह की है. घटना के बाद पुलिस इलाके में सर्च अभियान चलाया. बता दें कि चांदो में स्टोन माइंस का संचालन होता है. बाइक सवार अपराधी इलाके में पहुंचे थे, माइंस को टारगेट कर सात राउंड फायरिंग की।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान की सेना ने हेलीकॉप्टर से आतंकवादियों पर किया बड़ा हवाई हमला, 17 को मार गिराया

**पेशावर:** आतंकवादियों के खिलाफ पाकिस्तानी सेना का अभियान जारी है। पिछले कुछ दिनों से सेना ने आतंकियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। ताजा मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में आतंकवादियों के ठिकानों पर हेलीकॉप्टर से हमला किया। इस दौरान सेना ने कम से कम 17 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया है। सेना के सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर बन्नू और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में इन अभियानों को अंजाम दिया गया। बन्नू जिले के बाका खेल इलाके में सुरक्षा बलों ने हाफिज गुलबहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों के ठिकाने पर हेलीकॉप्टर से हमला करके 12 आतंकियों को मार गिराया। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली के हासो खेल इलाके में अंजाम दिया गया, जहां पांच आतंकवादी मारे गए।

### विश्व एड्स दिवस पर सेमिनार आयोजित

**कठुआ :** रेड रिबन क्लब ने गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज फॉर वुमेन कठुआ की एनएसएस इकाई के सहयोग से विश्व एड्स दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार सही रास्ता अपनाएं विषय पर केंद्रित था, जिसमें एचआईवी एड्स के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता और सूचित निर्णय लेने पर जोर दिया गया। सेमिनार में आठ उत्साही स्वयंसेवकों ने वक्ता के रूप में भाग लिया और विषय पर ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ दीं। इस कार्यक्रम को सौरभ दत्ता और डॉ. तेजिंदर कौर ने जज किया। प्रतियोगिता में शिवांगी देवी, शिवानी देवी, कृतिका विजेता रहीं। सेमिनार कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सावी बहल के संरक्षण और रेड रिबन क्लब के संयोजक डॉ. रितु कुमार शर्मा की देखरेख में आयोजित किया गया था।

### पश्चिम बंगाल एसटीएफ ने एक करोड़ रुपये से अधिक की अफीम जब्त की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने एक बड़ी कार्रवाई में एक करोड़ रुपये से अधिक की अफीम जब्त की है। एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नदिया जिले के कालीगंज थाना क्षेत्र के देवग्राम रेलवे स्टेशन मैदान में छापेमारी कर दो अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनसे अफीम बरामद की गई है.पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जगजीवन सिंह मुंडा निवासी रांची, झारखंड और अब्बास मंडल निवासी कालीगंज, नदिया के रूप में हुई है। दोनों पर मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त होने का आरोप है। पुलिस ने तलाशी के दौरान उनके पास से 8.5 किलोग्राम अफीम का अर्क बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

### राज्यपाल होंगे एमजीसीयू के दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि

**पूर्वी चंपारण :** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह अगामी 07 दिसंबर को मोतिहारी शहर के राजा बाजार स्थित गांधी प्रेक्षागृह में संपन्न होगा। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन व विश्वविधालय प्रशासन के समन्वय से तैयारी जोरो पर है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपराष्टपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। इसके साथ बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर विशिष्ट अतिथि होगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने शनिवार को राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की और सम्मानपूर्वक उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।जिसकी स्वीकृति दे दी है। विश्वविधालय के लिए यह तीसरा अवसर है जब बिहार के राज्यपाल महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के समारोह में शामिल हो रहे हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 11° |

## महाराष्ट्र : पांच दिसंबर को होगा महायुती सरकार का शपथ समारोह



**एजेंसी**
**मुंबई :** मुंबई के आजाद मैदान में 5 दिसंबर को महायुती सरकार के मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा। बीजेपी से कुल 16,416 विधायक, सांसद, विविध प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व मंडल के अध्यक्ष कार्यक्रम में शामिल होंगे।सीएम पद की शपथ को लेकर महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात का ऐलान किया। एक्स पर बावनकुले ने लिखा कि महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में होगा। हालांकि, महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष बावनकुले ने अपनी पोस्ट में ये नहीं बताया कि किस नेता को मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर आजाद मैदान में खास तैयारियां की जाएंगी। बताया जा रहा है कि एकनाथ शिंदें की शिवसेना से 6 से 7 हजार कार्यकर्ता पदाधिकारी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। अजित पवार की एनसीपी की ओर से 4 हजार पदाधिकारी और कार्यककर्ता आ सकते हैं।बता दें कि आजाद मैदान की क्षमता 50 हजार लोगों की है। तकरीबन 25 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

## चक्रवात फेंगल ने तमिलनाडु व पुडुचेरी में मचाई तबाही

*** भारी बारिश के कारण चेन्नई एयरपोर्ट पर कई उड़ानें रद्द**



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** चक्रवात फेंगल का असर तमिलनाडु और पुडुचेरी के कुछ हिस्सों में शनिवार दोपहर से ही दिखने लगा. यहां के कई इलाकों में भारी बारिश बारिश से लोग काफी परेशान हो रहे हैं.
चेन्नई हवाई अड्डे पर फ्लाइट सेवाएं निलंबित कर दी गई. भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर मंडरा रहा चक्रवाती तूफान फेंगल दोपहर पुडुचेरी में दस्तक दे दिया. भारी बारिश और चक्रवात के खतरे को देखते हुए तमिलनाडु सरकार ने राज्य के सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी घोषित कर दी है और आईटी कंपनियों से अपने कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने का आग्रह किया है. ईस्ट कोस्ट रोड और ओल्ड महाबलीपुरम रोड पर आज दोपहर सार्वजनिक परिवहन सेवाएं निलंबित रहेंगी.
पुडुचेरी में चक्रवात फेंगल के आने से पहले, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तैयारियों की समीक्षा की और चेन्नई में आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष का दौरा किया. वहीं तमिलनाडु के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए शनिवार को एक बैठक की और लोगों से समुद्र तटों, मनोरंजन पार्कों में जाने से बचने के लिए कहा है. तमिलनाडु और पुडुचेरी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण चेन्नई एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन प्रभावित हुआ. शनिवार सुबह से 22 उड़ानें रद्द की गई.

## हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने के लिए विश्व जनमत बनाए केंद्र : आरएसएस



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरे और इस्कॉन मंदिर से जुड़े चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद हालात खराब होते जा रहे हैं। उनके जेल जाने की खबरों के बाद से लगातार हंगामा जारी है। भारत का पड़ोसी देश इस समय सांप्रदायिक आग में झुलस रहा है। हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने चिंता जताई। संघ ने शनिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने और दास को तुरंत जेल से रिहा करने की अपील की। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर कड़ा रुख अपनाते हुए आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि केंद्र सरकार को हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। केंद्र सरकार को विश्व जनमत तैयार कर भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को रोकने के लिए उचित प्रयास करना चाहिए। संघ ने इस्कॉन मंदिर के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास को तुरंत रिहा किए जाने की मांग की है।
उन्होंने आगे कहा,बांग्लादेश में हिंदुओ पर इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा हमले व हत्याएं बेहद चिंताजनक हैं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसकी निंदा करता है।

## कांग्रेस के सवालों का चुनाव आयोग ने दिया जवाब

**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाता रिकॉर्ड और मतदान प्रतिशत से संबंधित कांग्रेस की आशंकाओं का समाधान करने के लिए चुनाव आयोग ने उसके प्रतिनिधिमंडल को तीन दिसंबर को मिलने के लिए आमंत्रित किया है. इससे पहले कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद भी ईवीएम को लेकर भी कुछ आशंकाएं जताई थीं. चुनाव आयोग ने कहा है कि वह कांग्रेस की सभी वैध चिंताओं की समीक्षा करेगा और पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को सुनने के बाद लिखित जवाब देगा.ईसीआई ने यह भी दोहराया कि राजनीतिक दलों की भागीदारी के साथ ही एक पारदर्शी मतदाता सूची बनाई जाती है. अधिकारियों ने कहा कि आयोग ने अभी भी कांग्रेस को अपनी सभी वैध चिंताओं की समीक्षा करने का आश्वासन दिया है. मतदान के आंकड़ों के संबंध में कांग्रेस द्वारा उठाए गए मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए, चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता मतदान डेटा में कोई विसंगति नहीं है.

असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
स्ट्रोक का इलाज उपलब्ध
there's treatment if you act FAST.
F Facial weakness Can the person smile? Has their mouth or eye drooped?
A Arm weakness Can the person raise both arms?
S Speech problems Can the person speak clearly and understand what you say?
T Test all Three symptoms
7808368888
Immediately Come to Our Emergency
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद - 828105

# लोक अदालत में 30 मामले का हुआ निपटारा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें सुलह समझौते के आधार पर 30 मामले का निस्तारण किया गया ।वहीं एक लाख 54 हजार 278 रुपए का मामला सेटल हुआ। लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 10 पीठो का गठन किया गया था। प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान




न्यायाधीश संजीव कुमार दास व अधिवक्ता बीना मिश्रा कर रहे थे। द्वितीय पीठ में विद्युत विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय कर रहे थे ।पीठ संख्या तीन सभी सेशन कोर्ट के सम्बंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त न्यायाधीश चतुर्थ अखिलेश कुमार व अधिवक्ता अमिताभ चन्द्र सिंह का रहे थे। पीठ संख्या चार में सभी तरह के अपराधिक वादों का निस्तारण सीजेएम आनंद सिंह व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे। सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज सीनियर डिवीजन परमानंद उपाध्याय व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे। सिविल जज जूनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन रश्मि चंदेल व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे।जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण समीरा खान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स रॉय कर रहे थे। रेलवे कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण प्रागेश निगम रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे।

## अवैध नशीले सिरप को पुलिस ने किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के करमा गाँव में अवैध नशीले सिरप के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। दिनांक 30.11.2024 को सुबह करीब 5:00 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि करमा गाँव स्थित मस्जिद के पास मो. नवाज अंसारी अपने घर से अवैध रूप से नशे के लिए प्रयोग किए जाने वाले सिरप की बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक पलामू और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज (पांकी) को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज (पांकी) श्री मनोज कुमार झा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने करमा गाँव में मस्जिद के पास स्थित मो. नवाज अंसारी के घर पर छापा मारा।

## दलित महिलाओं को पीटनेवाले पुलिसकर्मियो को बर्खास्त करे सरकार : अनुज



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बहुजन समाज पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार ने शनिवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर कहा कि मनुवादी व सामंती मानसिकता के शिकार पाटन पुलिस ने लठैत की भूमिका मे आकर मानवधिकार व महिला अधिकार की गला घोट रही है। उन्होंने कहा कि दलित विरोधी पाटन थाना प्रभारी लालजी कुमार के इशारे पर पुलिसकर्मियो के द्वारा सगुना पाटन के फुलवा देवी पति रामलाल राम और उनके पुत्रबधुओं व पुत्रों की सगुना मोड़ पर किस्त पर ली गई बाइक जब्त करने के विवाद में पिटाई की गई। कड़े शब्दों से निंदा करते हुए पलामू के पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की जाँच करवा कर थाना प्रभारी व पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करते हुए एसी एसटी एक्ट तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है।

## डेरी कॉपरेटिव सोसाइटी बनाने को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** डेरी कॉपरेटिव सोसाइटी पशुपालक किसानों के बीच बनाने को लेकर की गई महत्वपूर्ण बैठक, इस आम सभा बैठक में मुख्य रूप से डेरी क्षेत्रीय पर्यवेक्षक आनंद कुमार उपाध्याय एवं सहयोगी बृजेश गुप्ता मौके पर मौजूद थे। वही उपस्थित पशुपालक किसानो को क्षेत्रीय पर्यवेक्षक आनंद कुमार उपाध्याय के द्वारा डेयरी उत्पाद बढ़ावा के लिए किसानों के बीच अनेक तरह के जानकारियां दी गई। जानकारी देते हुए बताया गया कॉपरेटिव सोसाइटी के अंतर्गत आमसभा के माध्यम से 11 सदस्ये कमेटी गठित की जाएगी जिस कमेटी में अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। कमेटी गठित करने का मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य एवं केंद्र सरकार के माध्यम से सहकारी दुग्ध उत्पाद बढ़ावा के लिए आने वाला सरकारी फंड का संचालन कॉपरेटिव सोसाइटी माध्यम से की जाएगी जिसे सीधा लाभ पशुधन किसानों को मिलेगा, दूध उत्पादन किसानों ने क्षेत्रीय पर्यवेक्षक से दूध बिक्री को लेकर निराशा जाहिर करते हुए कम दर में दूध बिकने की बात कही जहां बताया ज्यादा से ज्यादा 40 रुपए लीटर तक डेरी केंद्र पर दूध बिकता है जो बाजार रेट से काफी कम है पशुधन पालने में काफी खर्च आ रही है जिससे दूध बिक्री कर पशुपालन कठिन होते जा रही है इसे लेकर राज्य सरकार से उचित मांग की है मौके पर छठू पांडेय, शैल पांडे, अमीन नरेंद्र पांडेय, रामचंद्र ठाकुर, त्रिवेणी पांडेय, नागेंद्र पांडेय, शौरभ पांडेय, अविनाश पांडेय, मुंद्रिका यादव, बसंत ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, परीक्षित पांडे, युगल किशोर पांडेय समेत काफी संख्या मे पशुपालक उपस्थित थे।

# पाटन थाना प्रभारी को अभिलंब बर्खास्त करें आरक्षी अधीक्षक : रूचिर तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने आरक्षी अधीक्षक पलामू से पाटन थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग किया उन्होंने कहा कि पाटन थाना प्रभारी का शुरू से ढुलमुल रवाया रहा है वह गरीब एवं आम नागरिक के पक्ष में काम ना करके केवल बड़े पैसेवाले एवं प्रभावशाली लोगों के पक्ष में काम करते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण कल की घटना देखने को मिला जिसमें दलित महिला को सरेआम रोड पर पुरुष के द्वारा पिटाई किया जा रहा है और थाना प्रभारी मुक्त दर्शक बनकर देख रहे थे ऐसा ही एक मामला पाटन थाना कांड संख्या



97/2024 का है जिसमें मोटरसाइकिल चोरी एवं मारपीट करने का झूठा मुकदमा बहुत पहले दर्ज किया गया और जिस व्यक्ति का मोटरसाइकिल चोरी नहीं हुआ उसकी पत्नी रुखसार खातून जब पलामू आरक्षी अधीक्षक को आवेदन देने गई कि मेरे पति का मोटरसाइकिल चोरी का झूठा मुकदमा मेरे ऊपर ही मेरे ससुर के द्वारा दर्ज कर दिया गया है तब दो दिन बाद पाटन थाना प्रभारी ने उस मोटरसाइकिल को रुखसार खातून के सिक्के कला ग्राम से उठाकर थाना ले गया और बाद में उसके पति को भी उठा कर ले गया बाद में बहुत दबाव के बाद छोड़ा गया अभी भी मोटरसाइकिल पाटन थाना में ही रखा गया है। ऐसी स्थिति में यह देखने को आ रहा हैं कि पाटन थाना प्रभारी कानून से ऊपर अपने आप को समझते हैं जिस पर लगाम लगाने की आवश्यकता है पलामू आरक्षी अधीक्षक अभिलंब पाटन थाना प्रभारी को बर्खास्त करें और उनकी इस क्रियाकलाप का जांच करावे सही पाए जाने पर उस पर मुकदमा भी दर्ज करें।

## अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी के निर्देश पर सदर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि दिनांक 29 नवंबर को संध्या में गुप्त सूचना मिली की डालटनगंज पाँकी रोड में आर्यन चौबे नाम का एक लड़का जो ग्राम बड़कागांव का रहने वाला है। अपने एक दोस्त के साथ पोखराहा पेट्रोल पम्प के पास हथियार लहराते हुए देखा गया है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक महोदया, पलामू के निर्देशन में एक टीम गठित कर सा0 पोखराहा से 1. सत्यम कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता रविन्द्र कुमार सा0 सगालीम आसेहार थाना पांकी 2. आर्यन कुमार चौबे उम्र करीब 19 वर्ष पिता आनन्द कुमार चौबे सा0 बड़कागाँव दोनों जिला पलामू को अवैध एक सिक्सर के साथ विधिवत जप्ती सूची बना कर जप्त किया गया इस संबंध में सदर थाना कांड सं0 121/2024 दिनांक 30.11.2024 धारा-25(1-क्ब) ड्ढ/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया तथा प्राथ0अभि0 1. सत्यम कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता रविन्द्र कुमार सा0 सगालीम आसेहार थाना पांकी 2. आर्यन कुमार चौबे उम्र करीब 19 वर्ष पिता आनन्द कुमार चौबे सा0 बड़कागाँव दोनों जिला पलामू को न्यायिक हिरसात में भेजा जा रहा है तथा कांड में शामिल अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार दोनों युवक के पास से पुलिस ने एक सिक्सर, एक मोबाईल बरामद किया है। छापामारी अभियान में सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई नबी अंसारी, निरंजन कुमार पुलिस जवान राजेश उराँव, चालक आरक्षी 1392 रामलाल शर्मा, सदर थाना शामिल थे।

## बैंक व पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड सुधार नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने व सुधार कराने में एसबीआई बैंक में संचालित केंद्र बंद है। इससे लोगों को आधार कार्ड बनाने व सुधार कराने में काफी परेशानी आ रही है। इसके लिए लोग सुबह से बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। शहर में पहले बैंक व पोस्ट आफिस में आधार कार्ड बनाने व सुधार का काम हो रहा था। पोस्ट ऑफिस में पहले से ही बंद हो गया है। लेकिन वहां भी कभी मशीन खराब तो कभी सर्वर डाउन का बहाना बनाकर लोगों को परेशान किया जा रहा है। ऐसे में लोगों को अन्य स्थान तक आधार कार्ड बनाने के लिए जाना पड़ रहा है। बैंक के बाहर स्कूली बच्चों व महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। एसबीआई के शाखा प्रबंधक रवि शंकर नायक ने बताया कि फिलहाल उपर से अगले आदेश तक बंद रखने की सूचना दी गई हैं। फिर पुनः आदेश आने पर आधार सुधार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएंगी। उधर लोगों ने बताया आधार कार्ड में सुधार के लिए परेशान होना पड़ रहा है। न तो कहीं आधार सुधार का केंद्र है, जहां बन रहे हैं ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से स्थानीय लोगों ने सरकार से बंद पड़े प्रज्ञा केन्द्रों पर आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया चालू कराने की मांग को हैं। क्षेत्र के लोगों ने जल्द से जल्द नया आधार कार्ड केंद्र खोलने की मांग की है।

# ऑपरेशन सतर्क के तहत 48 लीटर अवैध देसी शराब की बड़ी बरामदगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** पूर्व मध्य रेलवे के जपला पोस्ट पर ऑपरेशन सतर्क के तहत एक बड़ी कामयाबी मिली है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के निर्देशन में मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 13349 (सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस) में चेकिंग के दौरान 240 अदद ब्लू लाइम देसी शराब (मसाला) फ्रूटी बरामद की।जांच दल में उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, सहायक उप निरीक्षक उमेश चंद्र राम और आरक्षी अजीत कुमार शामिल थे। चेकिंग के दौरान, गाड़ी के जपला स्टेशन पहुंचने से पहले जनरल कोच (ईसीआर 114332) में सीट के नीचे एक जूट का बोरा और काला पिट्ठू बैग संदिग्ध अवस्था में पाए गए। यात्रियों से



पूछताछ करने पर किसी ने भी इन सामानों पर अपना दावा नहीं किया। जपला स्टेशन पर समय 00:40 बजे कोच से उतारे गए सामान की तलाशी ली गई। जूट के बोरे में चार पेटियां थीं, जिनमें प्रत्येक पेटी में 45 फ्रूटी पाई गई। वहीं, पिट्ठू बैग से 60 फ्रूटी बरामद हुई। कुल मिलाकर 240 फ्रूटी बरामद की गई, जिन पर उत्तर प्रदेश में बिक्री हेतु अंकित था। समय 01:15 बजे सभी बरामद माल को गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर आवश्यक कार्रवाई के लिए डाल्टनगंज, पलामू स्थित उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया। इस मामले में ओआर नंबर 106/2024-2025 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। रेलवे सुरक्षा बल की इस त्वरित कार्रवाई से अवैध शराब तस्करों को करारा झटका लगा है। ऑपरेशन सतर्क के तहत निरंतर निगरानी और सतर्कता से भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाइयों को जारी रखने का संकल्प जताया गया है।

## बिमरला में 62वां खान सुरक्षा सप्ताह की तैयारियां जोरों पर

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीजीएमएस चाईबासा क्षेत्र के तत्वावधान में 62 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह को आगामी 2 दिसंबर से 8 दिसंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। बिमरला में खान सुरक्षा सप्ताह को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इसके लिए बैठक कर कमिटी गठित की गई है। डीजीएमस द्वारा गठित निरीक्षक दल सभी खनन क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। खान सुरक्षा के प्रति जागरूकता संचालित की जा रही है। गठित समिति में अध्यक्ष सहायक महा प्रबंधक किरण शंकर सिंह, सचिव प्रत्युष राउत, उपाध्यक्ष चंद्रकांत दुबे, कोषाध्यक्ष अनुज सिंह, सचिव प्रज्वल साहू, प्रचार प्रसार अभय भारती, नागेंद्र सिंह एवं सुजीत झा को श्रमिक जागरूकता आदि के लिए मनोनीत किए गए हैं। बैठक में दीपक कुमार, सुरेश यादव, अंकित तिवारी, उमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद में राजद का निकला भव्य जुलूस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव की जीत पर शनिवार को हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज में बाजे गाजे के साथ भव्य जुलूस निकाली गई। जुलूस की शुरुआत विधायक संजय कुमार सिंह यादव के पुरंदरबिगहा स्थित आवास से निकाली गई। जुलूस प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पूर्व विधायक स्वर्गीय हरिहर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जुलूस का काफिला शहर के जेपी चौक, अंबेडकर चौक, गांधी चौक पटेल चौक पर स्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, इसके बाद शहर में भ्रमण कर लोगों को जीत के प्रति आभार जताया,जगह जगह पर लोगों ने विधायक को फूल माला पहना कर स्वागत किया, हैदर नगर जाने के दौरान हिन्दू मुस्लिम के आस्था का केंद्र दाता पीर बक्श शाह



के मजार पर चादरपोशी की, साथ ही हैदरनगर देवी धाम मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली की कामना की, मौके पर नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बन चुकी है। प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। यह जीत जनता के प्यार और इंडिया गठबंधन के समर्थन से मिला है। जिस उम्मीद से जनता ने हमें ऐतिहासिक जीत दिला कर प्रतिनिधित्व का मौका दिया है, उसपर उतरेंगे। उन्होंने लोगों के समर्थन का आभार व्यक्त किया। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता कलीमुद्दीन खान, खुर्शीद खान, युवा नेता रवि यादव प्रखंड अध्यक्ष कामख्या सिंह, मदन पासवान, बैंबुल अमीन, मोइनुद्दीन अंसारी, रामाशंकर चौधरी,जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, नेहाल असगर, मुन्ना कुमार देव, डॉक्टर एजाज आलम, राजद के प्रमोद कुमार, राजेश सिंह , रिजवान खान, अजय सिंह यादव, विनय सिंह यादव, राहुल यादव, मिंटू सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैयद हसनैन जैदी, शैलेश कुमार सिंह, रघुराई यादव, नदीम खान, समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# जिले में 15 दिसंबर से होगा धान अधिप्राप्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में 15 दिसंबर से धान अधिप्राप्ति किया जाना है। शत-प्रतिशत धान अधिप्राप्ति करने को लेकर जिले के उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी के तहत उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी,कृषि पदाधिकारी को धान अधिप्राप्ति को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को किसानों का निबंधन ईउपार्जन पोर्टल पर सुनिश्चित करने पर बल दिया।

**खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 02 लाख क्विंटल धान क्रय का है लक्ष्य**

खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में राज्य मुख्यालय द्वारा जिला के लिए 02 लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया



है।धान खरीद के लिए अधिकतम सीमा प्रति किसान 200 क्विंटल तक निर्धारित है।अबतक ईउपार्जन पोर्टल पर 12 हज़ार से अधिक किसानों ने अपना निबंधन कराया है।जिले के कुल 38 पैक्स केंद्रों पर धान अधिप्राप्ति की जायेगी।

**प्रज्ञा केंद्र या स्वयं से भी किसान करा सकेंगे निबंधन**

उपायुक्त ने संलग्न पदाधिकारी को कृषक मित्र सहित कृषि विभाग के अन्य क्षेत्रीय कर्मियों के माध्यम से किसानों के बीच धान अधिप्राप्ति से संबंधित पूरी जानकारियों का प्रचार करने, संबंधित पोर्टल पर अधिक से अधिक किसानों का निबंधन सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया।उन्होंने किसानों को पैक्स में ही धान बिक्री करने के लिए प्रेरित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

**इन 38 धान अधिप्राप्ति केंद्र पर होगी धान की खरीद**

विश्रामपुर पैक्स लि0, विश्रामपुर, चैनपुर व्यापार मंडल, चैनपुर, सलतुआ पैक्स लि0 चैनपुर, चैनपुर पैक्स लि0 चैनपुर, मुनकेरी पैक्स लि0 छतरपुर, उदयगढ़ पैक्स लि0, छतरपुर, तेलाड़ी पैक्स लि0 छतरपुर, लोहरपुरवा बरैवा पैक्स लि0 हैदरनगर, सेमरवार पैक्स लि0 हरिहरगंज, अररूआ पैक्स लि0, हरिहरगंज, खापकटैया पैक्स लि0 हरिहरगंज, वि0के0एस0 एग्री फार्म एफ0पी0ओ0, हुसैनाबाद, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, हुसैनाबाद, कोटखास पैक्स लि0 लेस्लीगंज, लेस्लीगंज पैक्स लि0 लेस्लीगंज, मनातु पैक्स लि0 मनातू, मोहम्मदगंज पैक्स लि0 मोहम्मदगंज, कंडा पैक्स लि0 नावाबाजार, चेराई 2 पैक्स लि0, नौडीहा बाजार, सरईडीह पैक्स लि0 नौडीहाबाजार, कुटमु पैक्स लि0 पांडू, तिसीबार कला पैक्स लि0 पांडू, छिछौरी पैक्स लि0 पंडवा, ताल पैक्स लि0 पांकी, अम्बाबार पैक्स लि0 पांकी, नुरू पैक्स लि0 पांकी, पाटन व्यापार मंडल, पाटन, पंचकेड़ीया पैक्स लि0 पाटन, सेमरी पैक्स लि0, पाटन, ढाबकला पैक्स लि0 पिपरा, मधुबाला पैक्स लि0 पिपरा, मायापुर हुटार पैक्स लि0 रामगढ़, जमुने पैक्स लि0 मेदिनीनगर, झाबर पैक्स लि0 मेदिनीनगर, सतबरवा पैक्स लि0 सतबरवा, सेलारी पैक्स लि0तरहसी, उदयपुरा 2 पैक्स लि0 तरहसी, करकट्टा एफ0पी0ओ0 ऊंटारी रोड।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

## डीसी मंजूनाथ पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**रांची** : रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। जानकारी के अनुसार उपायुक्त मंजूनाथ नें सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की है। अपनी याचिका में उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए चुनावी कार्य से दूर रखे जाने के आदेश को रद्द करने की मांग की है। मंजूनाथ भजंत्री की याचिका फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। मालूम हो कि 22 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट ने मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका स्वीकार कर ली थी। जिसके बाद उन्हें चुनाव के कार्य से दूर रखा गया था। इतना ही नहीं आचार संहिता के दौरान आनन-फानन में उन्हें रांची डीसी के पद से हटा कर वरुण रंजन को रांची डीसी नियुक्त कर दिया गया था। हालांकि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सरकार ने वापस मंजू नाथ भजंत्री को रांची उपायुक्त नियुक्त कर दिया।

## टेडेक्स कांके लेकर आ रहा है, बदलाव की प्रेरक कहानियां और नए सपनों का उड़ान

**रांची** : मैनेजमेंट ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट सेल रांची में कुछ अनोखे और यादगार पलों का गवाह बनने जा रहा है. टेडेक्स कांके एक नया युग नमक इवेंट रांची के एमटीआई सेल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कर रही है, जहां देश भर से तेरा जाने-माने स्पीकर्स अपने अनमोल अनुभव और प्रेरक कहानियां लोगों को साझा करेंगे. यह योजना केवल विचारों का संगम होगा बल्कि सपनों को साकार करने और बदलाव लाने का प्रेरणा देगा. इस बार की थीम एक नया युग रांची की तरक्की, इनोवेशन और बदलाव को सोच को दिखाएंगे . टेडेक्स कांके एक ऐसा मंच है जहां विचार और क्रिया का मिलन होता है इस साल का इवेंट लोगों के लिए इतिहास के साथ बदलाव के लिए तैयार करेगा.

# हारे हुए प्रत्याशियों के साथ हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में मिली जबरदस्त हार के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में देर तक आत्ममंथन किया गया । आलाकमान ने सभी हारे हुए प्रत्याशियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा चुनाव में मिली हार की विधानसभा क्षेत्रवार समीक्षा की। प्रत्याशियों ने अपनी हार के कारणों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों को अवगत कराया। मरांडी ने सभी प्रत्याशियों से बात की। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय और



भाजपा के सभी हारे हुए प्रत्याशीगण मौजूद थे। प्रदेश कार्यालय में हारे हुए प्रत्याशियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद विधानसभावार प्रभारियों के साथ समीक्षा की गयी। इस बैठक में राज्य के सभी सांसद भी मौजूद थे। विधानसभा चुनाव में सांसदों के क्षेत्र में पार्टी के प्रदर्शन को लेकर मंथन का दौर चला। अब पार्टी के हारे हुए प्रत्याशियों और सांसदों के साथ समीक्षा में हार की निकली वजहों का एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार किया जायेगा। वहीं, आगामी 3 दिसंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ होने वाली समीक्षा बैठक में तैयार रिपोर्ट कार्ड को पेश किया जायेगा।हालांकि हारे हुए ज्यादातर प्रत्याशियों ने मंईया सम्मान योजना पर ही ठिकरा फोड़ा है। वहीं नीरा यादव ने कहा कि हार की वजह यह भी है कि भाजपा के पुराने समर्पित चेहरे को नकार कर नये चेहरे या दूसरे दल से भाग कर आये वैसे चेहरों को अहमियत दी गई ,जो हार का मूल कारण है।

# समय पर स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है बिजली बिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड जेबीवीएनएल स्मार्ट मीटर लगने के बाद ऐप से बिल जमा नहीं कर पा रहे उपभोक्ताओं को बिजली बिल मिले इसके लिए रांची में कैंप लगाया गया था। बिजली बिल समय पर नहीं पा रहा है, के लिए क्षेत्रवार अधिकारियों के नंबर भी जारी किए थे, ताकि उन्हें समय पर बिजली बिल मिल सके। जेबीवीएनएल की और से कहा गया है कि डोरंडा, कुसई, तुपदाना, हटिया, एचईसी, धुर्वा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को घर-घर जाकर ऊर्जा मित्र बिजली बिल दे रहे हैं। वैसे क्षेत्र जहां अब तक ऊर्जा मित्र बिल नहीं पहुंचा पा रहे हैं, वहां के उपभोक्ता क्षेत्रवार अधिकारियों से संपर्क कर अपना बिजली बिल पा सकते हैं। जेबीवीएनएल की ओर से कहा गया है कि उपभोक्ता इन मोबाइल नंबरों पर फोन कर या वाट्सएप कर अपने उपभोक्ता संख्या की जानकारी देकर बिजली



बिल निर्गत करा सकते हैं। उपभोक्ताओं के लिए कैंप के आयोजन के साथ-साथ अधिकारियों के नंबर 28 नवंबर को जारी किए।30 नवंबर को कोकर में उपभोक्ताओं की भीड़ देखी गई । सभी की एक ही शिकायत कुछ बिजली बिल नहीं मिल रहा है और बिल मिल भी रहा है तो अनाप शनाप बिल आ रहा है। एक उपभोक्ता ने बताया कि दो महिने पहले 1400 रुपये जमा किया था, अभी नवंबर में जो बिल आया हो करीब 74 सौ रुपये का। ऐसे कई शिकायतें आ रही है। इन जगहों पर कैंप लगा। इनमें विद्युत आपूर्ति

**इन नंबरों पर फोन कर बिजली बिल लें**
डोरंडा, मनीटोला, आनंदपुर, 9431135643, मजिस्ट्रेट कॉलोनी कुसई, घाघरा, 56 सेट, अमरावती हिनू, बिरसा चौक, हुंडरू, 9431135671एईई कोकर ज जेईई कोकर 9431135627, 9431135659, 9431185649 9431135643, 9431135626, 9431135653 है।

अवर प्रमंडल डोरंडा, तुपुदाना, एचईसी धुवाँ, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कोकर, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लालपुर और विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल आरएमसीएच में कैंप लगा।

## झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसिएशन ने सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण सिंह, महामंत्री रमेश उरांव, कोषाध्यक्ष गुलाब महतो ,बैभव पाठक, सबिलूर रहमान ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर प्रचण्ड जीत की बधाई व शुभकामनाएं दिए। अध्यक्ष कर्ण सिंह ने कहा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चौथी बार शपथ लेने वाले और दूसरी बार सरकार बनाने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गये हैं।
अपने काम और पुलिस कर्मियों की मांग को पूरा करके उन्होंने बड़ा काम किया है। आगे भी उम्मीदें रहेगी।

## रांची में हत्या के विरोध में सड़क पर लगाया जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची के मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसाहा खटंगा गांव निवासी एरेनियुस टोप्पो की हत्या के मामले में शनिवार को आक्रोशित लोगों ने मांडर थाना गेट के सामने स्थित एनएच-74 मार्ग को जाम कर दिया और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। इस वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। हालांकि, अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम हटा लिया। इसके बाद वाहनों का आवगमन चालू हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ देर के लिए लोगों ने सड़क जाम किया था लेकिन समझा-बुझाकर जाम समाप्त करवाया गया। पुलिस मामले के आरोपितों की तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि एरेनियुस टोप्पो प्रतिदिन की तरह अपने मवेशी को



लेकर घर के नजदीक ही स्थित खेत में गये थे। यहां मवेशी को बांधने और खेती बारी के अन्य काम निपटाने के बाद वह ड्यूटी करने बेड़ो जाते थे। खेत के पास एक छोटा सा कमरा भी बना हुआ है। इसकी चाबी शुक्रवार को घर में ही भूल गये थे। इसके बाद उन्होंने चाबी लाने के लिए घर में फोन किया। थोड़ी देर बाद उनकी नतिनी नेहा सुरीन चाबी लेकर खेत पहुंची तो उसने एक अज्ञात व्यक्ति को भागते और खून से लथपथ एरेनियुस टोप्पो को जमीन पर पड़ा देखा था। टोप्पो की धरदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गयी थी।

## 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा विधानसभा सत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार गठन का पहला विधानसभा सत्र 9 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र चार कार्य दिवसों तक चलेगा, जिसमें कई महत्वपूर्ण कार्य होंगे। सत्र के पहले दिन, नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। 10 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 11 दिसंबर को राज्यपाल का अभिभाषण होगा, जो सुबह 11:30 बजे से शुरू होगा। इसी दिन सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी। सत्र के अंतिम दिन, 12 दिसंबर को राज्यपाल के



अभिभाषण और अनुपूरक बजट पर चर्चा और बहस होगी। बता दें कि राज्य सरकार ने 9 से 12 दिसंबर तक विधानसभा सत्र बुलाने का प्रस्ताव दिया था, जिसे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंजूरी दे दी है।

# एनएसजी ने रांची में नक्सल विरोधी जंगल में किया अभ्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एन एस जी) के द्वारा नक्सल विरोधी जंगल अभ्यास अभ्यास- थंडरबोल्ट, 27 से 30 नवंबर तक रांची में आयोजित किया गया। यह अभ्यास सहित रांची के बाहरी इलाकों में विभिन्न नक्सल प्रभावित संवेदनशील क्षेत्रों में आयोजित किया गया था। अभ्यास में नक्सलियों द्वारा अपनाई जा रही नवीनतम कार्यप्रणाली को शामिल करते हुए विभिन्न परिदृश्यों का अनुकरण किया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिक्रियाकर्ताओं को यथार्थवादी अनुभव प्रदान करना था। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य संभावित नक्सली खतरों का पूर्वानुमान लगाना तथा मुख्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एकीकृत मजबूत सुरक्षा ग्रिड को सक्रिय करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास करना था। इस अभ्यास में झारखंड पुलिस के नक्सल विरोधी विशेष बल झारखंड जगुआर, आतंकवाद विरोधी दस्ता तथा केंद्रीय सुरक्षा बल प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता के रूप में शामिल थे, जबकि एनएसजी ने अंतिम प्रतिक्रिया बल के रूप में कार्य किया। इस अभ्यास में त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रियाओं के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच नक्सल विरोधी अभियानों में अंतर-संचालन के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियान, बंधकों को छुड़ाना, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का पता लगाना और जंगल विशेष योजना और ऑपरेशनों के क्रियान्वयन पर आधारित था। एनएसजी ने इस बात पर जोर दिया कि ये अभ्यास न केवल तैयारी को बढ़ाते हैं बल्कि संकट के दौरान प्रतिक्रियाकर्ताओं को त्वरित और अधिक सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं। अभ्यास से पहले, एसपी (एटीएस) कार्यालय में एनएसजी द्वारा नक्सल विरोधी जंगल अभियानों के संचालन में प्रयुक्त हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। इस अभ्यास ने एन एस जी , झारखंड जगुआर और आतंकवाद विरोधी दस्ता द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और उनका अभ्यास करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। इस अभ्यास से नक्सलियों द्वारा शुरू की गई आपात स्थितियों का अधिक प्रभावी ढंग से जवाब देने और संकट के समय जनता की रक्षा करने के लिए एनएसजी और स्थानीय प्रशासन की क्षमता में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## आम जन को शिकायतें दर्ज कराने के लिए व्हाट्सएप नंबर किया जायेगा जारी : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सुबह अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर रांची समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई के सन्दर्भ में निर्देश दिए। समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रखरखाव को और बेहतर बनाने के लिए उपायुक्त द्वारा नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया। जिला स्तर पर प्रत्येक कार्यालय में कर्मी समय पर अपने कार्यालय पहुंचें इस हेतु प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने के लिए भी नोडल पदाधिकारी को उपायुक्त द्वारा



प्रतिनियुक्त किया गया है।समाहरणालय के पदाधिकारी एवं कर्मियों के आईडी कार्ड बनाने तथा आम जनों की शिकायतों के निस्तारण हेतु व्हाट्सएप नंबर पर सतत फॉलो अप बनाए रखने हेतु प्रतिनियुक्ति संबंधित कार्य में हुई प्रगति की जानकारी उपायुक्त ने ली। विदित हो कि जिला प्रशासन द्वारा रांची जिला स्तर पर एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया जाएगा जिसमें आम जन अपनी शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। आम लोगों की समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभाग द्वारा उसका समाधान किया जाए इसके लिए तीन पारियों में दो-दो कर्मियों एवं पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति उपायुक्त द्वारा की गई है।

## सीएम हेमंत सोरेन से डीआईजी नौशाद ने मुलाकात कर राज से स्वराज की पुस्तक भेंट की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दुबे ,एडीजी टी कांडासामी, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई दिए। साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक राधाकृष्ण किशोर, विधायक हफीजुल हसन अंसारी, विधायक राजेश कच्छप एवं पूर्व विधायक जलेश्वर महतो ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करते हुए उन्हें रामचंद्र प्रधान द्वारा लिखित पुस्तक राज से स्वराज नामक एक पुस्तक भी भेंट की है। पुस्तक देखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काफी प्रभावित हुए और कहा कि इस पुस्तक को पढ़ना जरुरी है।

## सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 से

**रांची**: राज्य के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 16 दिसंबर से शुरू होगी। यह परीक्षा दो पालियों में 18 दिसंबर तक चलेगी। कक्षा एक और दो की परीक्षा मौखिक होगी, जबकि कक्षा तीन से सात तक की परीक्षा में सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे। झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक शशि रंजन ने शनिवार को इस संबंध में सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र भेजा है।

# सहायक पुलिस निरीक्षक पर पत्नी के साथ प्रताड़ित करने का मामला पहुंचा थाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह की तैयारी काफ़ी जोरों पर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता के अगुवाई में उनके द्वारा अनेकों राज्यों का तूफानी दौरा से सभी लोगों द्वारा साकारात्मक समर्थन मिलने से ये बात पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के शौंडिक समाज के बीच फैल गई है । चर्चा होनी शुरू हो गई है, की 11 जनवरी को रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश में अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में आगत अतिथियों का महाजुटान होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि मैंने दिल्ली,उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और मध्यप्रदेश जैसे प्रदेशों का दौरा के साथ संपर्क स्थापित कर कई स्थानों पर खुद जाकर वहां मौजूद सक्रीय भागीदारी निभाने वाले सभी पदाधिकारियों को रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश में 11 जनवरी 2025 दिन शनिवार को पहुंचने का निमंत्रण पत्र दिया है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल एवं मॉरिशस जैसे विदेशों में भी वहां मौजूद शौंडिक समाज के अगुवाओं को उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क स्थापित कर रायपुर छत्तीसगढ़ पधारने का आग्रह अनुरोध किया है। अभी तक जो सूचना मिल रहा है उसके अनुसार रायपुर छत्तीसगढ़ में सुंडी/ शौंडिक समाज का महाकुंभ लगने जा रहा है। उसी अनुपात में उनके ठहरने का मुकम्मल व्यवस्था रिसॉर्ट में किया गया है। से संपर्क अभियान सह निमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम अभी एक पखवारा में छूटे बचे हुए अनेक जगहों पर किया जा रहा है जो कार्यक्रम के 15 दिन पहले तक जारी रहेगा। इस निमंत्रण पर वितरण कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के लोगों ने सामूहिक रूप मेहनत कर रहे हैं और पूरे प्रदेश में शौंडिक समाज के बीच एक साकारात्मक समर्थन मिल रहा है। अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संस्थापक स्व राय साहब बलदेव साहु के परिवार जनों से मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद साहु , राष्ट्रीय सुंडी समाज जमशेदपुर,सराइकेला, खरसावां गोड्डा साहेबगंज बोकारो रामगढ़ हजारीबाग कोडरमा, जिले के पदाधिकारीगण भी सभी अपने अपने स्तर से कार्यक्रम की तैयारी पर पूरी पैनी नजर रखने का काम कर रहे हैं।

# युवती को शादी की नीयत से भगाने का आरोपित बरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : सिविल कोर्ट रांची के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की अदालत ने शनिवार को युवती को बहला-फुलसाकर शादी करने की नीयत से भगा लेने के मामले में ट्रायल फेस कर रहा। आरोपित श्याम महली को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।
घटना को लेकर युवती के पिता ने 27 जनवरी, 2023 को पिठोरिया थाना में आरोपित के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि 27 जनवरी, 2023 को शाम करीब सात बजे घर लौटा तो उसने पाया कि घर पर ताला लगा हुआ है। जब उसने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि उसकी बेटी को श्याम महली बहला-फुलसा कर ले भागा है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष मामले का समर्थन करने में विफल रहा। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने अदालत में पक्ष रखा था।

**मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी करने के एक ही परिवार के आठ आरोपित बरी:** सिविल कोर्ट रांची की न्यायिक दंडाधिकारी इला कंडपाल की अदालत ने शनिवार को




आयरन रड से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर देने के मामले में एक ही परिवार के आठ आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने डोरंडा थाना क्षेत्र के गांधी नगर हिनू निवासी स्व. राज कुमार साव के एक बेटा राहुल कुमार एवं छह बेटियां सरिका कुमारी, बबीता कुमारी, सुनिता कुमारी, अनिता कुमारी, तनु कुमारी उर्फ जानवी कुमारी, खुशी कुमारी एवं उनकी पत्नी प्रमिला देवी को बरी किया। इन सभी के खिलाफ डोरंडा के बिरसा चौक निवासी प्रीति देवी ने मारपीट का आरोप लगाते हुए चार सितंबर, 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि सभी आरोपितों ने घर में घुस कर मेरे पति को आयरन रड से मार कर जख्मी कर दिया था लेकिन अदालत में गवाही के दौरान एक भी गवाह केस साबित करने के लिए नहीं पहुंचा।

## सहायक पुलिस निरीक्षक पर पत्नी के साथ प्रताड़ित करने का मामला पहुंचा थाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : बरियातू थाना में सहायक अवर निरीक्षक तसलीम अहमद के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराया गया है। जिसमें स अ नि तसलीम की पत्नी की बड़ी बहन सबिया खातून ने बरियातू थाना में शिकायत दर्ज कराई है , कि उसकी छोटी बहन जाकिया खातून जिसकी शादी स अ नि तसलीम अहमद के साथ हुई थी । वर्तमान में तस्लीम अहमद झारखंड हाई कोर्ट रांची में नोडल पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और मिल्लत कॉलोनी थाना बरियातू रांची में पत्नी और 13 वर्षीय पुत्री के साथ रहते हैं । तस्लीम अहमद पर अन्य महिलाओं के साथ अफेयर और उसी महिला के साथ दूसरी विवाह करने की बात कही गई है। इस कारण से वह अपने पत्नी के साथ बराबर मारपीट करते हैं और जबरन पागल घोषित करने का साजिश कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि 16 नवंबर 2024 को स अ नि तसलीम के द्वारा महिला थाना के तीन महिला पुलिसकर्मी एवं अपने बड़े भाई असलम के साथ मिलकर जबरन अपनी पत्नी जाकिया एवं पुत्री को पागल खाना ले जाने का प्रयास भी किए थे। इतना ही नहीं 25 नवंबर को अपनी पुत्री को भी मनोचिकित्सक के पास जबरन इलाज भी करवाया था। इस पूरे मामले को लेकर मारपीट करने पर प्रताड़ित करने का मामला की शिकायत की गई है और इसकी जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को भी दी गई है ।मांग की है कि नोडल पदाधिकारी झारखंड उच्च न्यायालय रांची के पद से तुरंत मोहम्मद तसलीम का तबादला करते हुए उस पर उचित कार्रवाई की जाए।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बचरा उतरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चो के बीच गर्म वस्त्र का हुआ वितरण

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिपरवार क्षेत्र के बचरा उत्तरी पंचायत के 122 कॉलोनी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र मे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की



अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले कुल 30 बच्चों के बीच स्वेटर सहित गर्म वस्त्र का वितरण किया।इस संबंध में गुंजन सिंह ने कहा कि बढ़ते ठंड के प्रकोप को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया है।इससे बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।उन्होंने सभी बच्चों को अच्छे से पठन-पाठन कराने,जिला द्वारा आवंटित सामग्रियों को समय पर वितरण करने,समय पर भोजन करने,साफ सफाई का ध्यान रखने का उन्होने निर्देश दिया।इस अवसर पर मुखिया गुंजन कुमारी सिंह के अलावे आंगनबाड़ी सेविका कलावती देवी, पोषण सखी पूनम देवी,चंदा देवी,कौशल्या देवी,कंचन देवी सहित काफी संख्या में बच्चे मौजूद थे।

## पिपरवार वर्कशॉप मे संयुक्त मोर्चा ने की गेट मिटिंग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना के पिपरवार वर्कशॉप कार्यालय में शनिवार की सुबह संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।इस गेट मीटिंग की अध्यक्षता रामु गोप और संचालन



बिजेंद्र कुमार सिंह ने किया।गेट मिटिंग में संडे ड्यूटी कटौती को लेकर स्थानीय प्रबंधन के द्वारा जारी किये किये गये नोटिस के आलोक में विचार विमर्श किया गया एवं कोयला मजदूरों को विस्तार से जानकारी दी गई।इस दौरान सभी ने एक स्वर में संडे ड्यूटी कटौती का पुरजोर तरीके से विरोध किया।मीटिंग को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने कहा कि 27 नवंबर को अशोक परियोजना प्रबंधन के द्वारा श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग की गई,जिसमें प्रबंधन के द्वारा संडे कटौती को लेकर नोटिस जारी करने की जानकारी दी गई।बैठक के दौरान ही संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने प्रबंधन के इस निर्णय का विरोध किया।इसी को लेकर गेट मीटिंग आयोजित कर मजदूरों को इसकी जानकारी दी गई। मीटिंग के दौरान सभी ने एक स्वर में संडे ड्यूटी कटौती का पुरजोर तरीके से विरोध करने का निर्णय लिया।इस मौके पर मुख्य रूप से रामु गोप,शमसुल होदा,बिजेन्द्र सिंह, रामु गोप,अरूण सिंह, इमतियाज अंसारी,बालदेव यादव,गांधीराम साहु,राम बच्चन यादव,रवींद्र सिंह यादव,हरिबंस् महतो, मिस्बाउदीन अंसारी,यमुना यादव,लखन साव सहित काफी संख्या में कोयला मजदूर उपस्थित थे।

## नि:शुल्क स्वास्थ जाँच शिविर का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शेलबाय डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची एवं पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग चुटिया रांची के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ जाँच शिविर का आयोजन 01 दिसंबर 24 को किया गया है।इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गठिया, जोड़ो का दर्द, न्यूरो,महिला रोग एवं प्रसव,छाती,मलेरिया,डेंगू,आंखों से संबंधित रोगों नि:शुल्क परामर्श,नि:शुल्क शुगर, बल्ड प्रेशर,ऑक्सीजन लेवल,जरूरत पर ई सी जी जांच की जाएगी।यह जानकारी प्रेस को पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग, ट्रेनिंग के निदेशक सुनील कुमार पुष्कर ने दी।

## साथ मिलकर हम उड़ान भरते हैं अभियान शुरू

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी और भारत के अग्रणी वित्तीय सेवा प्रदाताओं में से एक श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने 'प्तसाथ मिलकर हम उड़ान भरते हैं' नामक एक प्रेरक नया ब्रांड अभियान शुरू किया है। यह अभियान महत्वाकांक्षी भारत के साथ साझेदारी करने के लिए श्रीराम फाइनेंस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो कनेक्शन और एकता की शक्ति को उजागर करता है। आज, कई भारतीय 'तो, क्या?' दर्शन को अपना रहे हैं, जो सफलता की अपनी यात्रा में किसी भी चुनौती को पार करने की आकांक्षा को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य इस भावना का जश्न मनाना और राहुल द्रविड़ के अपने जीवन से एक अंश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ने के साधन के रूप में चित्रित करना है। संदेश स्पष्ट है- फ़एक साथ, हम उड़ान भरते हैं।

## ईकार्ट ने की 3 वर्षों में 8 गुना वृद्धि हासिल

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी 4PL आपूर्ति श्रृंखला कंपनियों में से एक ईकार्ट ने अपनी उन्नत तकनीक और परिचालन उत्कृष्टता के साथ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में बदलाव जारी रखा है। ईकार्ट ने परिचालन का विस्तार किया है, और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को मुद्रीकृत करने के प्रयासों के परिणामस्वरूप पिछले तीन वर्षों में 8 गुना वृद्धि हुई है, जिससे ब्रांड और खुदरा विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखला आवश्यकताओं के लिए ईकार्ट की लॉजिस्टिक्स क्षमताओं का उपयोग करके उपभोक्ता मांग को पूरा करने में सक्षम बनाया गया है।6 मिलियन से अधिक शिपमेंट की दैनिक क्षमता के साथ, ईकार्ट का लास्ट-माइल नेटवर्क 98% भारतीय डाक कोड तक फैला हुआ है, जो 50+ मिलियन क्यूबिक फीट वेयरहाउसिंग और 7,000 ट्रकों के बेड़े द्वारा समर्थित है।

# बढ़ा हुआ भाड़ा देने पर ही होगा कोयला का उठाव नहीं तो होगा हड़ताल : विकास दुबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** तय भाड़ा का भुगतान करने और जरूरत पड़ने पर हड़ताल करने को लेकर शनिवार को चूरी कैंटीन में ट्रक मालिकों की बैठक हुयी। जिसकी अध्यक्षता विकास कुमार दुबे ने किया। बैठक में चूरी परियोजना के रोड सेल में ट्रकों को कम भाड़ा देकर कोयला उठाव पर चर्चा की गयी। इस मौके पर ट्रक मालिक विकास दुबे ने कहा कि सीसीएल के एनके और पिपरवार क्षेत्र के चूरी में ही कम भाड़ा देकर कोयला का उठाव किया जा रहा है। जिससे ट्रक मालिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नया



कोयला का उठाव बढ़ा हुआ भाड़ा के साथ किया जाएगा। जिसका सभी ट्रक मालिकों ने एक स्वर में समर्थन किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार से नया कोयला उठाव में भाड़ा बढ़ोतरी किया जाएगा। क्षेत्र के अन्य परियोजनाओं में जो तय भाड़ा लिया जा रहा है उसे यहां भी लागू किया जाएगा। कोयला उठाव करने वाले लिफ्टर यदि बढ़ा हुआ भाड़ा नहीं देंगे तो उनका कोयला उठाव रोका जाएगा और जरूरत पड़ने पर ट्रक मालिकों की हड़ताल भी होगी। इसी सिलसिले में 4 दिसंबर को पुनः एक बैठक होगी जिसमें लिफ्टर को भी बुलाया गया है। संचालन भोला पांडेय ने किया। बैठक में गुड्डु गिरी, गौतम थापा, अशोक महतो, अनुज दुबे, विनोद प्रसाद, गुड्डु सिंह, संटू सिंह, आदित्य मंगल यादव, अमित श्रीवास्तव, पप्पू सिंह, सूर्यकांत तिवारी, विक्की सिंह, सचिन बनर्जी, अमित यादव, धीरेंद्र कुमार, संजय कामत, शशि चौबे समेत कई ट्रक मालिकों उपस्थित थे।

# कोयलांचल मे कोल वाहनों के कहर से ग्रामीणो मे बना दहशत का माहौल

## पिपरवार के कारो मे कोल वाहन के धक्के से एक युवक की हुई दर्दनाक मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के सड़को पर कोल वाहनों के कहर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कोयलांचल क्षेत्र के पब्लिक रूट से सभी प्रकार के नियमों को ताक पर रखकर ट्रांसपोर्टरो के द्वारा कोल वाहनों का परिचालन कराया जा रहा है,जिसका शिकार गरीब जनता हो रहा है।आम लोगो को कोल वाहन अपनी चपेट में लेकर मौत के घाट उतार रहे है,लेकिन इसके रोकथाम को लेकर किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया जा रहा है।बीती रात पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो कॉलेज के समीप एक तेज रफ्तार कोल वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया।इस घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतक युवक की पहचान कारो गांव निवासी 18 वर्षीय दीपक उरांव पिता स्व. परमेश्वर उरांव के रूप में की गई है।घटना के संबधं मे मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीपक उरांव शुक्रवार की शाम करीब सात बजे अपनी बाईक जेएच 01एम-8142 से कल्याणपूर से अपने घर कारो लौट रहा था,इसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात कोल वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मारते हुए बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया,जिसमें दीपक उरांव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना को अंजाम देने के बाद उक्त कोल वाहन मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना पाकर मौके पर काफी संख्या में लोगों को भीड़ जमा हो गई।इस दौरान लोगों ने जमकर अपना आक्रोश प्रकट करते हुए पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।इस दौरान सभी ग्रामीण सड़क पर ही टेंट लगाकर धरना पर बैठ गए।ग्रामीणों ने सड़क पर शव के साथ अपना विरोध प्रदर्शन जताया।वहीं घटना की सूचना पाकर स्थानीय पिपरवार पुलिस भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पिपरवार टंडवा मुख्य मार्ग के पब्लिक रूट से बेधड़क होकर ट्रांसपोर्टरो के द्वारा ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कराया जा रहा है।टंडवा और चट्टी बरियातु से पिपरवार तक कोयला ढुलाई एंव टंडवा एनटीपीसी से जहरीले राख की ढुलाई मे लगे हाईवा



एंव ट्रक का परिचालन काफी तेज गति से होती है। जिसका शिकार क्षेत्र के आम जनता हो रही है।स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा पब्लिक रूट से ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद कराने को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन भी दिया गया, लेकिन इस पर किसी प्रकार का पहला नहीं किया गया, जिसके कारण पब्लिक रूट पर मौत का सिलसिला लगातार जारी है।घटना से आक्रोशित ग्रामीण धरना पर बैठकर एक स्वर में पब्लिक रूट से ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद कराने की मांग कर रहे हैं।ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जब तक पब्लिक रूट से ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बंद नहीं किया जाता है तब तक ग्रामीणों का आंदोलन जारी रहेगा।वहीं सूचना पाकर टंडवा अंचलाधिकारी बिजय कुमार और पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सशस्त्र बल के जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से बात की।इस दौरान ग्रामीण अपनी मांगों पर अडिग रहा।ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जब तक पब्लिक रूट से ट्रांसपोर्टिंग का काम बंद नहीं होता है तब तक धरना जारी रहेगा।समाचार लिखे जाने तक प्रशासन के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।इस मौके पर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी, बहेरा पंचायत की मुखिया रेखा कुमारी,पसंस बंसती देवी,किचटो पंचायत की मुखिया संगीता देवी,जितेंद्र कुमार राम,विकास कुमार महतो,रामचंद्र उरांव, रमेश मुंडा,कृष्ण यादव,अंगद महतो,कासिम उर्फ मुन्ना, टिकेश्वर महतो,सलीम जावेद,नागेश्वर महतो, फैयाज खान,महेंद्र महतो, अब्दुल अंसारी,अरूण उरांव,धीरेंद्र कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार सिंह,दिलीप कुमार महतो, खुर्शीद आलम सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शतरंज चैंपियनशिप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 29 और 30 नवंबर, 2024 को विद्यालय परिसर में इंटर-स्कूल शतरंज चैंपियनशिप 2024-25 की मेजबानी की। यह चैम्पियनशिप रांची सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय और ऑल झारखंड शतरंज एसोसिएशन के संयुक्त सचिव श्री दीपक कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों और प्रतिभागियों के स्वागत में विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने उपस्थित प्रतियोगियों एवं अतिथियों को संबोधित किया। साथ ही खेलों के नियमों की घोषणा की। प्रतियोगिता में रांची के 18 स्कूलों के 183 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता चार श्रेणियों- अंडर 11, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 में आयोजित की गई थी। परिणामों की घोषणा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंडर-11 (बॉय) वर्ग में ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना के उजन मंडल ने पहला स्थान, कैराली स्कूल रांची के श्रेयांश राज ने दूसरा स्थान और कैराली स्कूल रांची के विवान वैदिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 (बॉय) वर्ग में लोयोला कॉन्वेंट स्कूल के जाकी शाद ने पहला स्थान, शारदा ग्लोबल स्कूल के शान जरांग बोरो ने दूसरा स्थान और डीएवी पब्लिक स्कूल गांधी नगर के अपूर्व सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 (बॉय) वर्ग में शारदा ग्लोबल स्कूल के अक्षर कुमार मिश्रा ने पहला स्थान, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के तेजस राज ने दूसरा स्थान और जवाहर विद्या मंदिर श्यामली के आदित्य कुमार झा ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 (बॉय) वर्ग में एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल के पीयूष छेत्री ने पहला स्थान, मनन विद्या के ध्रुव कुमार मुंडा ने दूसरा स्थान और एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल के कुमार शाश्वत ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-11 (गर्ल) वर्ग में चिरंजीवी कॉन्सेप्ट स्कूल की दामिनी तिर्की ने पहला स्थान, विद्या विकास पब्लिक स्कूल की यामिनी याशिर ने दूसरा स्थान और विद्या विकास पब्लिक स्कूल की कविका राज ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 (गर्ल) वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की श्रेया सुमन ने पहला स्थान, डीएवी पब्लिक स्कूल गांधीनगर की अन्विता दास ने दूसरा स्थान और जवाहर विद्या मंदिर की यशिका प्रेरणा दादेल ने तीसरा स्थान हासिल

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में हुआ स्वेटर का वितरण

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत करांजी जराटोली गांव में आंगनबाड़ी केन्द्र जराटोली संख्या 225 और आंगनबाड़ी केन्द्र जराटोली संख्या 151 में सभी बच्चों के बिच गरम स्वेटर का वितरण कराँजी मुखिया फ्रांसिसका मिंज के द्वारा किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्र 225 में कुल 35 बच्चों के बिच और आंगनबाड़ी केन्द्र 151 में कुल 35 बच्चों के बिच स्वेटर का



वितरण किया गया। मुखिया फ्रांसिसका मिंज ने वितरण के पश्चात कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य बच्चों को सर्दियों के मौसम में गर्म रखना है। यह कार्यक्रम आमतौर पर सर्दियों के मौसम में आयोजित किया जाता है, जब बच्चों को अधिक गर्मी की आवश्यकता होती है। कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता सह समाजसेवी रूस्तम अन्सारी ने बच्चों को प्रैक्टिकल कर के बताया कि स्वेटर कैसे पहनना है। आगे नेता जी ने कहा कि बच्चों को या आंगनबाड़ी केंद्र में किसी तरह का परेशानी हो तो हमको सूचित करें, हम अथक प्रयास के तहत समस्या का जल्द निराकरण करवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बबलु खान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अमिन अन्सारी, कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रुस्तम अंसारी, वार्ड सदस्य इलियास अन्सारी, समाजसेवी जमील अन्सारी और ग्रामिण उपस्थित थे।

## ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के बच्चों ने जीता पदक



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 20 वाँ राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता दिनांक 23 एवं 24 नवम्बर 2024 को सिल्ली ( राँची ) में, जिला राँची वुशु संगठन द्वारा आयोजित किया गया जिसमें ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया एवं कोमल सिंह ने सिल्वर ( चाँदी ) अनिशा तिग्गा ब्रोंज (कांस्य) पदक प्राप्त किए । उपासना उरांव , निशु रानी तिर्की को सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किया । आज दिनांक 30/11/2024 को विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण के समक्ष प्राचार्य मिस इवोन एंवेजलिन एक्का एवं कराटे प्रशिक्षक के द्वारा इन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## डीसी मंजुनाथ भजंत्री से नायक समाज ने शिष्टाचार मुलाकात की



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को रांची के नए डीसी मंजुनाथ भजंत्री से नायक समाज झारखंड प्रदेश ने शिष्टाचार मुलाकात से पूर्व उन्हें बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान समाज के उत्थान में बाध्य समस्याओं से अवगत करवाया। डीसी ने सभी मुद्दे जल्द हल करवाने का भरोसा दिया। बताते चले कि मंजूनाथ भजंत्री 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. वहीं पूर्व डीसी राहुल कुमार ने जुलाई 2022 में रांची डीसी का पदभार संभाला था. मौके पर.झारखंड प्रदेश अध्यक्ष टाईगर संदीप नायक, संगठन सचिव संजय नायक प्रदेश सचिव मुकेश नायक, कोषाध्यक्ष संजय नायक, उपाध्यक्ष देवानंद नायक इत्यादि मौजूद थे ।

## केंद्रीय प्रवक्ता ने विधायक को दी बधाई

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता राजू महतो ने नवनिर्वाचित विधायक जयराम महतो को जीत की बधाई दी। साथ ही कहा कि झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने प्रदेश में लगभग 76 सीटों पर प्रत्यासी चुनाव के मैदान में थे। जिसमें डुमरी, बेरमो, ईचागढ़, मांडू, रामगढ़,सिल्ली चंदनक्यारी , गोमिया, ओर जुगसलाई जैसे सीटों पर जबरजस्त टक्कर दिया और जनता ने भरपूर अपना समर्थन दिया । हालांकि इनमें सिर्फ एक ही सीट से टाइगर जयराम महतो चुनाव जीत कर पार्टी की नींव को सदन के चौखट तक पहुंचाया। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि जिस तरह हमारी लड़ाई भाषाई आंदोलन से हुआ था उसी तरह भाषा को जगह दिलाने के इरादा से अपना शपथ ग्रहण भी खोरठा भाषा से ले ताकि हमारे लोग की एक नई पहचान बने।

# सरना एकेडमी में साइंस एग्जीविशन सह बाल मेला

## बच्चे देश के भविष्य हैं, इनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत : बहुरा मुंडा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सरना एकेडमी पुरनाडीह में शनिवार को साइंस एग्जीविशन सह बाल मेला का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि विस्थापित नेता बहुरा मुंडा, ग्राम सभा अध्यक्ष झुलंडिया के विशिष्ट अतिथि झुबा उरांव, ग्राम सभा अध्यक्ष लुकैया के रामकुमार उरांव एवं विस्थापित नेता कुसुमटोला के बालेश्वर उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पहले अतिथियों को पारम्परिक तरीके से स्वागत गान के साथ माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं सरना एकेडमी परिसर में लगाए गए साइंस एग्जीविशन एवं बाल मेले में लोगों की काफी भीड़ हुई। स्कूल की छात्र-छात्राएं अपने प्रोजेक्ट के साथ विज्ञान के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग कर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। वहीं बच्चों द्वारा लगाए गए प्रोजेक्ट को खूब सराहा गया। मौके पर बहुरा मुंडा ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जिससे वे आगे चल कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सके। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता, शिक्षक रतन सिंह, बलबीर यादव, पवन सिंह, रोहित साहू, बिलेंद्र उरांव, सुरेंद्र चौहान, रोस्ट मिंज, रिया शर्मा, सुनीता कुमारी, संगीता उरांव, सगुप्ता परवीन, नीलू मिंज, खुशी झा, अनिशिखा कुमारी, गुनगुन कुमारी, प्रिया रौंदा, क्रांति हैंशाला, दिव्या कुमारी के अलावा विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

**प्रदर्शनी में 100 मॉडल को किया गया प्रस्तुत :** साइंस एग्जीविशन में छात्र-छात्राओं द्वारा ड्राइविंग सेफ्टी अलार्म, न्यूरॉन मॉडल, भूकंप डिटेक्टिव अलार्म, हाइड्रोपावर प्लांट, वर्किंग मॉडल ऑफ आईज, होलोग्राम इफैक्ट, रैन वाटर डिटेक्टिव अलार्म, इलेक्ट्रिक पावर जनरेटर बाय वेस्ट प्रोडक्ट, विंड मिल, स्मार्ट ऑटोमैटिक इरीगेशन सिस्टम, एंटी स्लीपिंग अलार्म, माइक्रोस्कोप, प्रोजेक्शन, जेब्रा क्रासिंग अलार्म, एक्सिडेंट फ्री सिस्टम, डिस्ट्रैक्टिव डिस्टिलेशन ऑफ डर्टी वाटर समेत 100 मॉडल को प्रस्तुत किया गया। साथ ही बाल मेला में विभिन्न खेल प्रतियोगिता और अलग-अलग स्टोल में विभिन्न प्रकार के व्यंजन का भी आयोजन बच्चो द्वारा किया गया था।

# जशपुरिया बी.एड. कॉलेज में गायन व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** जशपुरिया बी.एड. कॉलेज, बीसा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता ने प्रशिक्षुओं के भीतर छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने और उनकी कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन देने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत जशपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशन के अध्यक्ष श्री जैलेंद्र कुमार ने किया । अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण बताया और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का नेतृत्व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की को-ऑर्डिनेटर सरिता कुमारी ने किया, जिन्होंने इस आयोजन को कुशलता से संचालित किया। गायन प्रतियोगिता के विजेता- गायन प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने समूह गायन के माध्यम से अपनी मधुर आवाज और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान अनुपमा ग्रुप (बैच 2024-26) द्वितीय स्थान रोज ग्रुप (बैच 2024-26) तृतीय स्थान पूजा ग्रुप (बैच 2024-26) नृत्य प्रतियोगिता के विजेता- नृत्य प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपनी उत्कृष्ट नृत्य शैली और भाव-भंगिमा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रथम स्थान नीलिमा ग्रुप (बैच 2024-26) द्वितीय स्थान निशा ग्रुप (बैच 2024-26) तृतीय स्थान राहुल ग्रुप (बैच 2024-26) इस अवसर पर महाविद्यालय की निदेशक, डॉ. शालिनी प्रिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और उनकी सृजनात्मकता को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सजीव कुमार, डॉ. प्रियंका शर्मा, रीमा उपासना कच्छप, गीता महाराज, सरिता कुमारी, विभा कुमारी, रंचन कुमारी, हर्ष राज, महफूज अंसारी एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

## डुमरिया में आदिम जनजाति के लोगों के बीच बकरी वितरण



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत बुरुडीह में शनिवार को झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसायटी की ओर से 56 सबर परिवारों को बकरी वितरण किया गया। साथ ही दवाई और किचन गार्डन संबंधित उपकरण भी दिया गया। जेटीडीएस के रुस्तम अंसारी ने बताया कि सबर आदिम जनजाति के लोगों की आय वृद्धि के लिए बकरी का वितरण किया जा रहा है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि उदय मुर्मू, उत्तम कुमार, अशोक कुमार पटेल, बालिका महतो, भीमो सबर, सुधीर हेंब्रम, उपेन्द्र सरदार, सिताराम हेंब्रम, बनमाली सबर, मारसो सबर आदि उपस्थित थे।

## राजनगर-चाईबासा रूट पर आगे निकलने के चक्कर में दो बस टकराए, दर्जनों यात्री घायल



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजनगर थाना क्षेत्र से महज एक किलोमीटर की दूरी पर राजनगर- चाईबासा मुख्य मार्ग मुरूमडीह में तेज रफ्तार दो यात्री बस एक दूसरे से टकरा गई जिससे दर्जनों यात्री घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार की सुबह करीब 11 बजे की है। चाईबासा की ओर से तेज रफ्तार दो यात्री बस रजनी बस एवं माँ पार्वती बस ओवरटेक करने के चक्कर मे टक्कर हो गई, जिसमें सवार दर्जनों यात्री घायल हो गए,जिसमे से दो को गंभीर चोट पहुँची। बाकी सभी घायलों को हल्की चोटें आई है। दुर्घटना होते ही चालक और खलासी वहाँ से भाग निकले। वहीं इसकी सूचना मिलते ही राजनगर पुलिस भी मौके पर पहुँची। घायलों को एम्बुलेंस से राजनगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया जहां घायलों का ईलाज चल रहा है।

## डुमरिया में फेंगल तूफान के असर से दिनभर हुई हल्की बारिश, गिरा तापमान



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया क्षेत्र मे चक्रवाती तूफान फेंगल के असर से दिनभर हल्की बारिश होती रही। जिससे तापमान में गिरावट आई है। तूफान से सबसे ज्यादा नुकसान धान की फसल को हो रही है। अधिकतर फसल पक कर कटनी के लिए तैयार है। कई किसान धान कटनी भी कर चुके हैं। वैसे किसानों को अधिक क्षति पंहुचने की संभावना है। शुक्रवार की रात से लगातार हल्की-हलकी बारिश के कारण खेतों मे पानी जम गया है। पुनासीबाद गांव के किसान साकला मुर्मू ने बताया कि खड़ी फसल से ज्यादा कटे गए धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ज्यादा दिन पड़े रहने से अंकुरित होने का खतरा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक फेंगल का असर रह सकता है। ऐसे मे किसानों की धान को भारी क्षति पहुंचेगी।

## बांसतोला प्रावि के सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक कानूराम को दी गई विदाई




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के बांसतोला प्रावि के सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक कानूराम माझी को विद्यालय परिसर में शनिवार को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। एसएमसी अध्यक्ष सुखेन हांसदा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने शिक्षक कानूराम माझी के विद्यालय के प्रति योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ही समर्पित भाव से बच्चों की सेवा की। शिक्षिका सुशांति भेंगरा ने कहा कि हमारे लिए कानूराम बाबू अभिभावक की तरह थे और और हमेशा मार्गदर्शन करते थे। मौके पर मुख्य रूप से सुभाष चंद्र हेंब्रम, मनसा वाला तांती, ईलासी हांसदा, चंद्रशेखर हांसदा, मनिंद्र हांसदा, सुखेन हांसदा व शांतिमणि हांसदा आदि मौजूद थे।

## जीएसटी वार्षिक रिटर्न और संशोधनों पर स्टडी सर्कल मीट आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** जमशेदपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स सोसाइटी द्वारा शनिवार की शाम को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड एस्ट्रीजेंट के सभागार में जीएसटी वार्षिक रिटर्न और जीएसटी में हालिया संशोधन पर एक स्टडी सर्कल मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और उनके आर्टिकल्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बोकारो से आए सीएस. कौशल अग्रवाल थे, जिन्होंने जीएसटीआर-9 और जीएसटीआर-9सी की बारीकियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने जीएसटी में हुए हालिया संशोधनों पर भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम की शुरुआत सोसाइटी के सचिव सीए आनंद अग्रवाल ने की और अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास ने सभी का स्वागत किया। अंत में सीए विनीत मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम का लाभ 25 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और 100 से अधिक बच्चों ने उठाया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सीए रवि गुप्ता, सीए राकेश रोशन झा, सीए अंकित अग्रवाल, सीए बिनोद सरायवाला सहित अन्य कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। यह कार्यक्रम जीएसटी के मामलों में विशेषज्ञता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

## जंगली हाथियों ने फिर खेत-खलिहान में फसल को किया बर्बाद



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार व शनिवार की रात भी करीब 40 की संख्या में जंगली हाथियों के एक झूंड ने खरसावां के रामपुर, काशीडीह, टिनागोडा, बिटापुर, सोखानडीह आदि गांवों के पास स्थित खेतों में जा कर धान के फसल को खाने के साथ साथ पैरों तले रौंद कर बर्बाद किया. इस दौरान कई पेड़ों को भी क्षति पहुंचाई. टिनागोडा गांव के पास एक चापाकल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया. इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है. खरसावां वन क्षेत्र में पिछले चार दिनों से करीब 40 हाथियों का झुंड डेरा डाला हुआ है. रात के वक्त जंगली हाथियों का यह झुंड खेत से लेकर घर के पास बने खलिहान में पहुंच कर धान के फसल को खाने के साथ साथ पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर रहे है. किसानों ने हाथियों द्वारा किये गये फसल बर्बादी का मुआवजा देने की मांग की है. वहीं वन विभाग की टीम ने हाथियों द्वारा किये गये नुकसान का जायजा लिया.

### चौकीदार भर्ती परीक्षा हेतु दण्डाधिकारी प्रतिनियुक्त, पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग

# जिले के 13 केन्द्रों में आज होगी परीक्षा, कदाचार मुक्त परीक्षा कराना जिला प्रशासन की चुनौती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार 1 दिसम्बर 2024 को आयोजित चौकीदार भर्ती लिखित परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन हेतु प्रतिनियुक्त स्टैटिक, गश्ती, उड़नदस्ता, पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। ब्रीफिंग की अध्यक्षता करते हुए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान ने कहा 1 दिसम्बर 2024 को आयोजित चौकीदार भर्ती की लिखित परीक्षा पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जिला के कुल 13 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किये जाऐंगे। परीक्षा के दौरान शांति एवं विधि व्यवस्था संधारण के साथ-साथ निष्पक्ष, कदाचार मुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन करना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी, इसके अलावे वीडियोग्राफर की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी, परीक्षार्थियों के प्रवेश के पूर्व प्रत्येक परीक्षार्थियों का फीस्किंग की जाएगी। उन्होने प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय से 2 घंटे पूर्व अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच जाए। बज्रगृह से परीक्षा केन्द्र तक परीक्षा संबंधी कागजातों की निर्वाध एवं समय पर पहुंचे यह सुनिश्चत कराये। इसके अलावे परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा, जिसका दुरभाष नम्बर 0657-2440111/ 7004219058 जारी किया गया है।

**परीक्षा के दौरान अफवाह की स्थिति न हो इसके सतर्क रहेंगे अधिकारी : एसपी**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, ऋषभ गर्ग ने कहा परीक्षा के दौरान अफवाह की स्थिति न हो इसके लिए प्रतिनियुक्त अधिकारियों को सतर्क, सजग एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए नियंत्रण कक्ष तथा वरीय अधिकारियों को सूचित करें। वहीं सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने कहा परीक्षा केन्द्रों एवं उसके आस-पास शांति एवं विधि व्यवस्था के निमित पुलिस बल सदैव भ्रमणशील रहेंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में महिला पुलिस की अलग से तैनाती रहेगी। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, भूमि सुधार उप समाहर्ता गौतम कुमार, स्थापना उप समाहर्ता मृत्युंजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जेसीईआरटी की टीम ने किया प्लस टू उच्च विद्यालय बांगुड़दा का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शनिवार को प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा का जेसीईआरटी टीम ने निरीक्षण किया। गौरतलब हो कि विद्यालय के छात्र अक्षय कुमार इको हैकथन में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है। चार लाख से अधिक सुझाव में से 2 लाख के करीब सुझाव पर्यावरण, वन एवं जल मंत्रालय को समर्पित किया गया था। उनमें से करीब 100 सुझाव का इसमें स्थान प्राप्त हुआ है। अक्षय कुमार ने वातावरण से हाइड्रोजन को दहन कर जल एवं विद्युत बनाने का विचार साझा किया था। इसी सिलसिले में झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग के पदाधिकारी गौरव कुमार एवं मुंबई फिल्म जगत के कैमरामैन ने अक्षय कुमार का इंटरव्यू लिया। उन्होंने कहा कि मेरा नाम सिर्फ गौरव है बल्कि अक्षय कुमार अब पूरा विद्यालय के साथ-साथ झारखंड का भी गौरव है। उन्होंने विद्यालय एवं अक्षय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्राचार्य सुजीत कुमार सेठ ने कहा कि वास्तव में यह विद्यालय के लिए गौरव का पल है, अब दिल्ली में भी विद्यालय का नाम सुनहरे अक्षर में लिखा जाएगा। इको क्लब के नोडल शिक्षक विवेकानंद दरिपा ने कहा कि चारदीवारी के अंदर के पाठ्यक्रम के साथ-साथ प्रकृति के साथ नवाचार करना चाहिए। छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का जिम्मा हर शिक्षक को उठाना चाहिए। अक्षय का कहना है कि मैं मेहनत करता हूं फल क्या होगा इसकी चिंता नहीं करता।

## शोध के लिए सही विषय का चयन जरूरी : निमाई

**- करीम सिटी कॉलेज के जूलॉजी विभाग ने किया गेस्ट लेक्चरर का आयोजन**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज साकची, जमशेदपुर के जूलॉजी विभाग के तत्वाधान में आज एक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। अतिथि वक्ता निमाई गोराई ने शोध कैसे करें विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि अपने शोध के लिए विषय का चयन करना, उसके लिए सामग्री को इकट्ठा करना, उनके विश्लेषण करते समय प्रमुख बिंदुओं तथा नियमों का पालन करने से लेकर निष्कर्ष तक पहुंचने तक के तमाम बिंदुओं पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने अतिथि का स्वागत किया और शोध के महत्व पर प्रकाश डाला। विभाग की अध्यक्षा डॉ शशी प्रभा ने विषय वस्तु पर अपनी बात रखी। बता दे कि निमाई गोरी फिरहाल सी एस आईः आईआईसीबी, कोलकाता से शोध कर रहे हैं वे करीम सिटी कॉलेज के पूर्व छात्र हैं और यहां के टॉपर थे। इस मौके पर जूलॉजी की प्राध्यापिका प्रो नुजहत जहां और सानिया तहरीम के अलावा कालेज के और कई शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम में सादिक अख्तर एवं सुबीर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## परसुडीह सड़क हादसा में एक की मौत, स्कूटी सवार घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** परसुडीह थाना अंतर्गत चार खंबा चौक के पास करनडीह से आ रही अनियंत्रित पिकअप वैन ने टेम्पो और स्कूटी सवार को अपनी चपेट में लिया. जिससे टैम्पो में सवार मज़दूर पोटका महालीसाइ निवासी गोपाल महाली( 40 ) की घटना स्थल पर मौत हो गयी, स्कूटी सवार का करनडीह निवासी बाजरा हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गया. परसुडीह पुलिस ने अनियंत्रित वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोपाल महाली मजदूरी का काम करते था और शनिवार को काम खत्म कर ऑटो से घर लौट रहे था. पिकअप वैन ने ऑटो को साइड से टक्कर मारी, जिससे ऑटो के किनारे बैठे गोपाल वैन की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए. इलाज के लिए खासमहल के सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. वहीं स्कूटी चालक बाजल हांसदा टाटा स्टील में ठेका कर्मी हैं. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप चालक को मौके पर ही पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी. घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है. फिलहाल अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है.

## महिला पॉलीटेक्निक जमशेदपुर में आगाज 2024 कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, जमशेदपुर में नव नामांकित छात्राओं के लिए शनिवार को आगाज-2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सिमडेगा के जिला ट्रेजरी अधिकारी सुशीला सामद तथा रामगढ़ के गोला प्रखंड के बीडीओ सुधा वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गालुडीह के एसडीओ विपुल दूबे तथा गम्हरिया के उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि सुशीला सामद ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि राष्ट्र का विकास छात्राओं के शिक्षा पर ही निर्भर करता है। उन्होंने छात्राओं में कड़ी मेहनत और लगन से शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दिया। संस्थान के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि यह संस्थान पठन-पाठन के साथ-साथ छात्राओं में मानव मूल्यों एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित है। इस मौके पर छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, संगीत, कविता समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सबका मन मोहा। कार्यक्रम में संस्थान के फेकल्टी मेम्बर संजय कुमार भगत, ब्रजेन्द्र कुमार, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिवसागर प्रसाद समेत कई प्राध्यापक व काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## शहर को मिला 58 वर्षीय डॉ. विनय कुमार सिंह के रूप में एक और शतकवीर रक्तदाता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ऐसे ही रक्तवीर योद्धाओं के चलते रक्तदान के क्षेत्र में जमशेदपुर शहर पूरे भारतवर्ष में एक अलग पहचान बनाया है। इसी का जीता जागता उदाहरण पेश किया साकची निवासी पेशे से फाइनेंस आफिसर सह प्रोफेसर कोल्हान यूनिवर्सिटी के वरीय पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह। जहां विद्यालय, कॉलेज, यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठान को शिक्षा का मंदिर कहा जाता है, वहीं शिक्षा का प्रसार करते हुए जब कोई वरीय पदाधिकारी रक्तदान के क्षेत्र में अपना शतकीय पारी को पूरा करता है, समाज के उत्थान में, एक नई दिशा का संचार के साथ साथ युवाओं में रक्तदान के प्रति एक नई उर्जा का संचार होता है। शतकीय पारी के इस लम्बे सफ़र में मजबूती प्रदान करने, सदैव हौसला बढ़ाने का श्रेय अपनी धर्मपत्नी अंजली सिंह को दिया। लायन्स क्लब जमशेदपुर ईकाई के पहला अध्यक्ष, अखिल विश्व गायत्री परिवार ( टाटानगर एवं हरिद्वार ) रोटरी क्लब, नागा मंदिर ट्रस्ट, टेल्को संगीत समाज, जमशेदपुर ब्लड सेंटर, वीबीडीए, टीम पीएसएफ एवं अन्य कई संगठनों से जुड़े मृदुभाषी, परोपकारी, हरदिल अजीज व्यक्तित्व के स्वामी डॉ. विनय कुमार सिंह ने 1990 के दशक से अपने रक्तदान की पारी की शुरुआत की। इसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने माता-पिता को विशेषकर मां कुन्ती देवी को अपना आदर्श मानने वाले डॉ. सिंह अपने एकमात्र पुत्र अंकित कुमार सिंह को भी निरंतर रक्तदान के लिए जागरूक करते हैं। आज उनके रक्तदान के क्षेत्र में शतकीय पारी पूरा करते समय उपस्थित रहे धर्मपत्नी अंजली सिंह, सुपुत्र अंकित कुमार सिंह, लायन्स क्लब ऑफ इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 322ए एमजेएफ लायन सीमा वाजपेई, एमजेएफ लायन सुचित्रा रूंगटा, लायन सुभम वाजपेई, मीना सिंह, नेहा सिंह, जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी, वरीय चिकित्सक डॉक्टर रीता सिंह, डॉक्टर निर्जला झा, वरीय तकनीशियन मनोज कुमार महतो, शुभोजीत मजूमदार, धनंजय प्रसाद, टीम पीएसएफ के निर्देशक अरिजीत सरकार, उत्तम कुमार गोराई एवं रवि शंकर। मौके पर रक्तदान करने के पश्चात रक्तवीर योद्धा डॉक्टर विनय कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य कई प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## संजय प्रधान हत्याकांड का हुआ खुलासा, माँ के साथ अवैध संबंध के कारण बेटे ने मार डाला



**राजनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजनगर थाना क्षेत्र के रूँगटा स्टील प्लांट के 5 नंबर गेट के समीप 26 नवंबर को हतनाबेड़ा निवासी संजय प्रधान हत्याकांड का खुलासा एसडीपीओ समीर संवैया ने राजनगर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। उन्होंने बताया, हत्याकांड का आरोपी केवट साई कुजू का रहने वाला 19 वर्षीय उपेन हेम्ब्रम की माँ और संजय प्रधान के बीच अवैध संबंध था। बेटे ने अपनी मां और संजय प्रधान को शारीरिक संबंध करते हुए देखा, तब आवेश में आकर उपेन हेम्ब्रम ने पत्थर से कुचल कर संजय प्रधान की हत्या कर दी।इस मामले की जाँच करते हुए एसडीपीओ समीर संवैया ने छापामारी टीम गठित करते हुए घटना से संबंधित हर पहलुओं पर नजर रखी और अन्ततः आज 30 नवंबर को हत्याकांड के मुख्य आरोपी उपेन हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उसको कांड संख्या 82/2024 धारा 103(1)/238/3(5) लगाकर जेल भेज दिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून लगा हुआ पत्थर, खून लगा हुआ अभियुक्त का जीन्स और चप्पल बरामद किया है। हत्या की गुत्थी को सुलझाने में छापामारी दल में शामिल राजनगर थाना प्रभारी अमिश कुमार ,सुभाष चंद्र शर्मा, हवलदार किटीराम बिरुआ,श्यामलाल अंगरिया, रंजीत कुमार आदि का योगदान रहा।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुरूडीह में चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला खरसावां जिला संगठन के द्वारा खरसावां प्रखण्ड अन्तर्गत बुरुडीह गाँव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुरुडीह में भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कराया गया। उक्त चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को प्रार्थना, झंडा गीत, नियम प्रतिज्ञा, प्राथमिक उपचार, रस्सी की जानकारी, टेंट लगाना,भोजन बनाना, झंडे का उचित सम्मान एवं अनुशासन के बारे में बच्चों को बताया गया। शिविर का समापन कल हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद के सदस्य कलीचरण बानरा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना और उन्हें जीवन के मुख्यधारा से जोड़ने की प्रयास की सराहना की । मौके पर उपस्थित बुरुडीह के मुखिया रैबारी मांझी,पंचायत समिति सदस्या सुनीता महतो,युवा सामाजिक कार्यकर्ता हेमसागर प्रधान आदि ने भी समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर अतिथियों के हाथों से प्रतिभगी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिविर के सफल आयोजन में प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र महतो,शिक्षक प्रदीप कुमार महतो,मनोज पाण्डेय,तुषार कांति महतो, प्रशांत कुमार प्रधान, ब्रजकिशोर कुमार बेदिया, नील मोहन महतो, लक्ष्मण कुमार साहू, छंदारानी माजि, मौसमी दास, स्वागत सिंह, लवली कुमारी, अनिशा लकड़ा, संध्या प्रधान, सुमित्रा महतो आदि ने अहम योगदान दिए।

## इंडिया गठबंधन सरकार के गठन पर गणेश चौधरी व गणेश महाली के नेतृत्व में जमकर हुई आतिशबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने की खुशी में गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक पर झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी तथा सरायकेला विस क्षेत्र के प्रत्याशी रहे गणेश महाली के नेतृत्व में जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई दी। साथ ही, आम लोगों के बीच भी लड्डू वितरण किया। इस मौके पर गणेश चौधरी ने कहा कि राज्य में इंडिया गठबंधन की जीत झारखंडवासियों की जीत है। इस मौके पर बबलू प्रधान अनिल सोरेन, सुशील दास, अनीता कराई, बैजयंती बारी, कविता दास, माधुरी मंडल, दीपाली मंडल, चाइना बेज समेत गठबंधन दल के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संपादकीय

## संविधान का मूल्य समझें

**1949** में इसी दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। 26 जनवरी, 1950 को 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर संविधान को विधिवत लागू किया गया। तभी से हम 'संवैधानिक राष्ट्र' हैं, लेकिन इसकी अवहेलना भी होती रही है, लिहाजा सवाल उठते रहे हैं कि भारत संविधान से चलेगा अथवा जाति-धर्म से..? संविधान की वैधानिक नैतिकता का सवाल बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों समुदायों के सामने है। हठ और पूर्वाग्रहों से संविधान की व्याख्या नहीं की जा सकती। इस बार 'संविधान दिवस' पर संसद की कार्यवाही स्थगित है। पुराने संसद भवन के 'सेंट्रल हॉल' में संविधान की 75वीं सालगिरह मनाई जानी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संबोधन होना था। उसके बाद संसद की कार्यवाही शुरू की जा सकती थी। एक दिन पहले ही संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज हुआ है। उद्योगपति गौतम अडाणी के कथित घूसकांड पर विपक्ष ने जिद की और ऐसा हंगामा किया कि दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यह संवैधानिक मूल्य नहीं है। एक उद्योगपति ही संसद नहीं है। अडाणी के खिलाफ अमरीकी अदालत ने वारंट जारी किया है। बेशक घूसकांड भारत के भीतर ही हुआ है, तो उसके लिए राज्य सरकारें केस दर्ज कर सकती हैं। अभी तक ऐसा क्यों नहीं हुआ? क्योंकि सरकारें अडाणी से करोड़ों का चंदा भी लेती हैं। सरकारी परियोजनाएं भी अडाणी ही चलाते हैं। कोई भी पार्टी हो, सभी की सरकारें इस हम्माम में नंगी हैं। दरअसल अडाणी के मुद्दे पर ही संसद में बहस की जिद और हंगामे का औचित्य क्या है? कई और मुद्दे भी संसद के सामने हैं, जिन पर प्राथमिकता से विमर्श किया जाना चाहिए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 'अडाणी कांड' पर ही उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ से उलझते रहे, जबकि सभापति अडाणी मुद्दे पर सभी 13 नोटिस खारिज कर चुके थे। संविधान के संचालक सभापति और लोकसभा अध्यक्ष भी हैं और नेता प्रतिपक्ष समेत सांसद भी हैं, लेकिन संवैधानिक नैतिकता क्या है? जब संविधान को अंगीकार किया गया था, तब संविधान-शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर ऐसे ही विरोधाभासों को लेकर चिंतित थे। वह राजनीतिक समानता को लेकर, काफी हद तक, आश्वस्त थे, लेकिन सामाजिक-आर्थिक असमानताओं के मद्देनजर चिंतित थे। अंबेडकर ने कहा था-संविधान महज एक किताब नहीं, बल्कि संपूर्ण देश, नागरिक समाज और उसके नैतिक मूल्य भी हैं। संविधान कितना भी अच्छा हो और तमाम समताओं का पैरोकार हो, लेकिन यह गलत लोगों में फंस गया, तो यह बुरा भी साबित हो सकता है। यदि संविधान को लागू करने वाले अच्छे हैं और संविधान में निहित नागरिक, मानवीय मूल्यों को समझते हैं, तो संविधान कितना भी बुरा हो, अंततः वह सार्थक ही साबित होगा।' बहरहाल आज बाबा अंबेडकर की उन्हीं चिंताओं को समझने का दिन है। 'संविधान दिवस' से एक दिन पहले प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की न्यायिक पीठ ने संविधान की प्रस्तावना में 42वें संशोधन के तहत 'पंथनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को हटाने से इंकार कर दिया है और तमाम याचिकाओं को खारिज कर दिया है। संसद को संविधान की प्रस्तावना में संशोधन की भी शक्ति प्राप्त है। अनुच्छेद 368 के तहत संशोधन की शक्ति प्रस्तावना तक भी फैली है। संविधान और संसद के इस रिश्ते को समझना बेहद जरूरी है। यह इतना गौरतलब नहीं है कि संसद की प्रति मिनट की कार्यवाही पर 2.5 लाख रुपए खर्च होते हैं। यह खर्च 1.5 करोड़ रुपए प्रति घंटा बनता है। कमोबेश 'संविधान दिवस' की 75वीं सालगिरह पर पूरी संसद को यह एहसास होना चाहिए कि हंगामा कर संसद को ठप करना कितना संविधान-विरोधी है! संविधान दिवस स्वतंत्रता, समानता, बंधुता और न्याय के मूल्यों के प्रति देश के औसत नागरिक के भीतर कत्र्तव्य-बोध जगाता है। यह हमें याद दिलाता है कि संविधान देश के नागरिक के लिए है और उन मूल्यों की वकालत करता है, जो किसी व्यक्ति को लोकतंत्र में सुरक्षा और सम्मान के साथ जीने की संभावना देते हैं। देश को आज के दिन इन मूल्यों को समझना चाहिए।

> हठ और पूर्वाग्रहों से संविधान की व्याख्या नहीं की जा सकती। इस बार 'संविधान दिवस' पर संसद की कार्यवाही स्थगित है। पुराने संसद भवन के 'सेंट्रल हॉल' में संविधान की 75वीं सालगिरह मनाई जानी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संबोधन होना था। उसके बाद संसद की कार्यवाही शुरू की जा सकती थी। एक दिन पहले ही संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज हुआ है। उद्योगपति गौतम अडाणी के कथित घूसकांड पर विपक्ष ने जिद की और ऐसा हंगामा किया कि दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। यह संवैधानिक मूल्य नहीं है। एक उद्योगपति ही संसद नहीं है। अडाणी के खिलाफ अमरीकी अदालत ने वारंट जारी किया है। बेशक घूसकांड भारत के भीतर ही हुआ है, तो उसके लिए राज्य सरकारें केस दर्ज कर सकती हैं।

### ुबई से नशा तस्कर, ड्रग्स माफिया भी भारत में आज सक्रिय हैं

## नशे का जाल ,बुरा हो रहा है हाल

सुनील कुमार महला

> पहले देश में पंजाब को नशे का बड़ा केंद्र माना जाता था लेकिन आज राजधानी दिल्ली, राजस्थान की शिक्षा नगरी कहलाने वाले सीकर और कोटा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मुंबई, पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र गोवा, केरल के साथ-साथ लगभग संपूर्ण भारत में ड्रग्स तस्कर, ड्रग्स माफिया, दलाल, ड्रग्स सप्लायर सक्रिय हैं। सीकर और कोटा में आज लाखों बच्चे नीट, जेईई परीक्षा की तैयारी करते हैं, और आज बहुत से बच्चों को ड्रग्स माफिया उनका तनाव, अवसाद कम करने व पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के बहाने उन्हें बहला-फुसला कर ड्रग्स से जोड़ रहे हैं।

**पाकिस्तान** अफगानिस्तान आतंकवाद के साथ ही देश-दुनिया में नशे का ज़हर घोल रहे हैं। दुबई से नशा तस्कर, ड्रग्स माफिया भी भारत में आज सक्रिय हैं। पहले देश में पंजाब को नशे का बड़ा केंद्र माना जाता था लेकिन आज राजधानी दिल्ली, राजस्थान की शिक्षा नगरी कहलाने वाले सीकर और कोटा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मुंबई, पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र गोवा,केरल के साथ-साथ लगभग लगभग संपूर्ण भारत में ड्रग्स तस्कर, ड्रग्स माफिया, दलाल, ड्रग्स सप्लायर सक्रिय हैं। सीकर और कोटा में आज लाखों बच्चे नीट, जेईई परीक्षा की तैयारी करते हैं, और आज बहुत से बच्चों को ड्रग्स माफिया उनका तनाव, अवसाद कम करने व पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने के बहाने उन्हें बहला-फुसला कर ड्रग्स से जोड़ रहे हैं। आज बच्चों के कोचिंग, हास्टल, स्कूल बाहुल्य क्षेत्रों में आज नशे का बड़ा तगड़ा जाल फैला हुआ है।नशे में एमडी, गांजा, अफीम, स्मैक,चरस, हेरोइन , कोकीन, सिंथेटिक ड्रग्स जैसे खतरनाक नशे शामिल हैं। नशे की पुड़िया आज हमारी युवा पीढ़ी को जड़ से बर्बाद करने पर तुली है। आज हालात यह हैं कि सौ रुपए से लेकर हजारों रूपए तक खुलेआम नशा बिक रहा है। चाय की थड़ियों, रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, शहर की पाश कालोनियों में नशे के दलाल सक्रिय हैं। गुटखा, तंबाकू पदार्थ बेचने वालों के साथ ही में मेडिकल स्टोर्स तक इसमें शामिल हों, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। आज खाली पड़े पार्कों, सुनसान जगहों, रेलवे स्टेशनों पर दूर तक फैले प्लेटफार्मों को ये ड्रग्स माफिया और तस्कर निशाना बनाते हैं और वहां से अपना नशे का गंदा धंधा जारी रखते हैं। हाल ही में हिंदी के एक अत्यंत प्रतिष्ठित दैनिक के हवाले से यह खबरें भी आईं हैं कि पुलिस तक के कुछ अधिकारियों की भी इसमें मिलीभगत है और उनको उनका हफ्ता टाइम पर इन ड्रग्स माफिया और तस्करों द्वारा पहुंचाया जाता है ताकि उन्हें नशे का जाल शहर में फैलाने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानियों को सामना न करना पड़े। पहले देश में सिर्फ पंजाब ही नशे में उड़ रहा था, लेकिन आज देश के बहुत से क्षेत्र नशे में उड़ते नजर आ रहे हैं। पंजाब से लगते राजस्थान के हनुमानगढ़ और गंगानगर क्षेत्र भी नशे से अछूते नहीं हैं, जैसा कि गंगानगर क्षेत्र पंजाब और पाकिस्तान से तथा हनुमानगढ़ पंजाब से जुड़ा है। पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को नशे के लिए इस्तेमाल कर रहा है, अनेक बार सीमा सुरक्षा बल ने ड्रोनों को



ध्वस्त करने की कार्रवाई भी की है। आज यहां नशे के इंजेक्शन, चिट्टा, अफीम, गांजा,चरस और न जाने कितने प्रकार के महंगे से महंगे नशे आसानी से उपलब्ध हो जाएंगे। इस आशय की खबरें तो आए दिन मीडिया की सुर्खियों में रहतीं ही हैं, जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि आज देश "उड़ता देश" बनने की कगार पर है। युवा पीढ़ी जो नशा करती है, उनमें युवा महिलाओं की संख्या भी काफी है। तंबाकू और शराब का नशा तो आम ही है। युवाओं में सूंघने वाला भी नशा आज खूब प्रचलन में है। भारत ही नहीं दुनिया में नशे के आंकड़े बहुत ही भयावह हैं। एक आंकड़े के अनुसार 1.1 करोड़ लोग आज इंजेक्शन से नशा करते हैं, जिसमें से 13 लाख को एचआईवी है। 55 लाख को हेपेटाइटिस सी की बीमारी है। और लगभग 10 लाख लोग ऐसे हैं जिन्हें एचआईवी और हेपेटाइटिस सी दोनों है। ड्रग वार डिस्टॉर्सन और वर्डोमीटर की एक रिपोर्ट के अनुसार पूरी दुनिया में मादक पदार्थों का अवैध व्यापार सालाना लगभग 30 लाख करोड़ रुपए का है। वहीं नेशनल ड्रग डिपेंडेंट ट्रीटमेंट (एनडीडीटी), एम्स की वर्ष 2019 की रिपोर्ट बताती है कि अकेले भारत में ही लगभग 16 करोड़ लोग शराब का नशा करते हैं। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी (10-75 वर्ष के बीच की) विभिन्न प्रकार के नशे की चपेट में है। हाल ही में नवंबर 2024 में ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने राजधानी दिल्ली में 80 किलो से अधिक कोकीन जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 900 करोड़ रुपये है। इसी दिन भारतीय नौसेना, गुजरात एटीएस और एनसीबी ने गुजरात तट पर 700 किलो मेथामफेटामिन पकड़ी है और इस मामले में आठ ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी दिल्ली पुलिस ने पश्चिम दिल्ली के गोदाम से 200 किलो कोकीन जब्त की थी, जिसकी कीमत करीब 2400 करोड़ रुपये बताई गई थी। इससे पहले 1 अक्टूबर को दिल्ली के ही महिपालपुर से 562 किलोग्राम कोकीन की भी बरामदगी हुई थी। दोनों ही मामले में इंटरनेशनल ड्रग कार्टेल का सरगना एक ही व्यक्ति है, जो दुबई से जुड़ा था। पंजाब की बात करें तो पिछले कुछ महीनों में ही पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है।हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। देवभूमि हिमाचल में भी हिमाचल पुलिस ने 10 पुलिस जिलों में दबिश के दौरान अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में सात गिरफ्तारियां कीं हैं और 10 किलो चरस सहित 100 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। गुजरात की बात करें तो कुछ समय पहले ही गुजरात में नेवी, एनसीबी, गुजरात पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम ने ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी है और 700 किलो मेथामफेटामाइन के साथ 8 ईरानी नागरिकों को एक नाव से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए ड्रग्स की कीमत करीब 3500 करोड़ रुपये बताई गई थी। इस साल मई माह में केरल में हाई क्वालिटी की जब्त की गई 2525 किलोग्राम मेथमफेटामाइन ड्रग्स की कीमत पच्चीस हजार करोड़ रुपए बताई गई है, जो दर्शाता है कि उच्च साक्षरता दर के बावजूद केरल जैसा राज्य भी नशे की भयंकर गिरफ्त में है। आज नशा तस्कर नशे को फ़ैलाने के लिए तकनीक का सहारा ले रहे हैं मसलन ड्रोन तस्करी, कोड वर्ड, सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग इनके द्वारा किया जा रहा है। हालांकि ,सरकार समेत माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी देश में मादक पदार्थों की लत के दुषपरिणामों और इसके बढ़ते प्रसार को संज्ञान में लिया है। जन जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति व पुनर्वास और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है लेकिन बावजूद इसके भी इंडिया अब उड़ता इंडिया बनता चला जा रहा है।आज भारत बुरी तरह से नशे की समस्या से जूझ रहा है।

दृष्टि कोण

## श्रीकृष्ण जी की शिक्षाओं की प्रासंगिकता

**भगवान** श्रीकृष्ण जी ने आज से लगभग 5154 वर्ष पहले महाभारत के युद्ध में जो गीता का संदेश दिया वह आज भी अतुलनीय है, अनुपम है और आज के समय के लिए श्रीकृष्ण का संदेश उतना ही सार्थक और मार्गदर्शक है जितना पांच हजार वर्ष पूर्व था। गीता के समकक्ष विश्व का संभवतः कोई भी ग्रंथ नहीं बन पाया। विश्व भर के विद्वानों ने गीता ग्रंथ की सराहना की है, इसे अनुपम माना है। भारत के प्रख्यात साहित्यकार एवं राष्ट्रभक्त श्री बंकिम चंद्र चटोपाध्याय जी ने गीता के विषय में यह कहा है- 'गीता को धर्म का सर्वोत्तम ग्रंथ मानने का यही कारण है कि उसमें ज्ञान, कर्म और भक्ति तीनों योगों की न्याययुक्त व्याख्या है। अन्य किसी भी ग्रंथ से इसका सामंजस्य नहीं है। ऐसा अपूर्व धर्म, ऐसा अपूर्व ऐक्य केवल गीता में ही दृष्टिगोचर होता है। ऐसी अद्भुत धर्म व्याख्या किसी भी देश में और किसी भी काल में किसी ने भी की हो, ऐसा ज्ञात नहीं। ऐसा उदार और उत्तम भक्तिवाद जगत में और कहीं भी नहीं है। गीता के लिए ही उत्तरप्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश जी ने यह भी कहा था कि इसे राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए और सभी विद्यार्थियों को इसका अध्ययन करना चाहिए या संस्थाओं में इसे पढ़ाया जाना चाहिए। अब प्रश्न यह उठता है कि आखिर भगवान श्रीकृष्ण जी ने गीता में क्या कहा? अगर सरल भाषा में हम कहें, आम जन जिसे समझ सके, उस ढंग से श्रीकृष्ण जी के संदेश को प्रस्तुत किया जाए, तो सभी यह जान सकते हैं कि श्रीकृष्ण जी क्या थे, क्या कहते थे। वैसे उनका जीवन ही समभाव और समरसता का था। कौन नहीं जानता कि वे अपने बचपन में गोकुल के ग्वाल, बाल बालों के साथ खेलते थे, उनमें कहीं भी छोटे-बड़े का भाव नहीं था। मां के हाथ के कढ़ी-चावल बच्चों में बांटकर खाते थे। कुछ अनभिज्ञ लोग चाहे यह कहें कि वे माखन चोरी करते थे, पर वास्तविकता यह है कि नंद गांव और गोकुल का सारा दूध-दही कंस डंडे के बल से मथुरा मंगवा लेता था और भगवान श्रीकृष्ण जी ने ग्वाल बालों के साथ मिलकर एक ऐसा संगठन बनाया जो गोकुल का माखन गोकुल के बच्चों को खिलाते थे और कंस के हाथों में गोकुल, नंदगांव की शक्ति न जाए, इसका पूरा प्रयास नन्हा-मुन्ना कृष्ण करने लगा। जातिगत भेदभाव तो श्रीकृष्ण जी ने कभी स्वीकार ही नहीं किया। उन्होंने गीता में कहा है कि गीता के चतुर्थ अध्याय के 13वें श्लोक में गुणों और कर्मों के अनुसार ही रचे गए मुझसे हैं, ये वर्ण चार। इसी प्रकार जाति-धर्म आदि के आधार पर जो विद्वान भेदभाव करते हैं, उनको भगवान श्रीकृष्ण जी ने पंडित नहीं कहा। उनका यह कहना है कि विद्या विनय संपन्न ब्राह्मण, गाय, हाथी, चाण्डाल और श्वान को जो समदृष्टि से देखता है, वही पंडित है। आज हमारे देश और दुनिया में राजनेता भी और धार्मिक नेता भी जाति-पाति के आधार पर बहुत भेद करते हैं। राजनीति तो लोगों को बांटकर ही चलती है। जात-पात, प्रांत-भाषा के आधार पर देश को बांटना, दुनिया में हिंसा या घृणा फैलाना किसी भी तरह श्रीकृष्ण जी को स्वीकार नहीं था। इसीलिए आज हमारा देश गीता का देश है, श्रीकृष्ण का देश है, उन्हें गुणों से ही व्यक्ति का सम्मान करना और समाज में स्थान देना चाहिए, जाति, धर्म या जन्म के आधार पर नहीं। श्रीकृष्ण जी ने जो कहा, उसका सार यह है : विद्या विनय युक्त ब्राह्मण है जो

**गाय, हाथी, कुत्ता या चाण्डाल हो**
**समदर्शी बनकर सदा ज्ञानवान**
**देखें सभी को ही वे एक समान।।**

आज भी देश के सभी विद्वान यह जानते हैं कि शिक्षा के साथ ही देश का विकास हो सकता है, नागरिक लोकतंत्र के सही अधिकारी भी शिक्षा से ही हो सकते हैं। इसके साथ ही पेट भर रोटी सबको मिले। कौन नहीं जानता कि आज भी देश में अनपढ़ों की बड़ी फौज है और फुटपाथ पर सोने तथा रात को भूखे रहने वाले भी करोड़ों हैं। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण जी ने दान-यज्ञ और जप-यज्ञ की बात की है। दान-यज्ञ से भी श्रेष्ठ उन्होंने जप-यज्ञ को बताया है। यहां यज्ञ का अभिप्राय वह नहीं जो लोग आज भी यज्ञ के बारे में सोचते हैं। यज्ञ का अर्थ है जो भी ईश्वर ने दिया है, उसे बांट कर खाओ और विद्या ज्ञान का दान करो। जिसे विद्या प्राप्त हो जाएगी, वह अपने जीवन के सारे साधन स्वयं जुटा सकेगा। फुटपाथ पर भूखे नहीं सोना पड़ेगा। उससे भी बड़ी बात, सोना-चांदी, मान-अपमान, लाभ-अलाभ को एक जैसा जानें। आज समाज में क्या हो रहा है, बड़े-बड़े अधिकारी, उच्च पदस्थ लोग, धनवान अधिक से अधिक धन कमाने के लिए कई प्रकार के अपराध करते हैं।

कुछ अलग

## चरण कमल बंदौ रीडराई

**हे** श्रीरीडर! मैं एक मिलीमीटर हाइट का राइटर पेन की गहराइयों से तुम्हारे चरण कमलों की वंदना करता हूं। तुम्हारी कृपा से अलेखक भी सलेखक के पद को प्राप्त हो जाता है। तुम्हारी कृपा से अंगूठा भर लेखक को बिन लिखे पुरस्कार दिखने लगता है। हे श्री रीडर! तुम महान हो! तुम हर राइटर की जान हो। राइटर सा होने के बाद भी मुझे पता चल गया है कि श्रीरीडर के बिना मूर्धन्य से लेकर स्वनामधन्य तक किसी भी किस्म के राइटर की सद्गति तो छोड़ो, रूटीन की गति भी संभव नहीं। केवल दुर्गति ही दुर्गति है। हे श्रीरीडर! मैं पांव तुम जूता हो। हे श्रीरीडर! तुम स्वामी हम कुत्ता हो। हे श्रीरीडर! हम फोन तुम डाटा हो, हे श्रीरीडर! हम राशनकार्ड तुम डाटा हो। हे श्रीरीडर! तुम न हो तो सरकारी पुस्तकालयों की लाइब्रेरियों में थोक में अपने अपने चहेतों की खरीदी किताबें श्रीरीडर के बदले दीमक द्वारा चाट दी जाती हैं। हे श्रीरीडर! तुम हर किस्म के राइटर की जान हो। हे श्रीरीडर! तुम हर किस्म के राइटर की शान हो। लुच्चे से लुच्चा राइटर भी तुम्हारी पावर का लोहा वैसे ही मानता है जैसे कहने के लोकतंत्र में ही सही, अरबपति से अरबपति जनसेवक भी वोटर की पावर का लोहा मानता है। जिसके पास श्रीरीडर नहीं, वह राइटर महान हो ही नहीं सकता। कितनी भी कोशिश कर ले तो कर ले। वह फेसबुक पर अपने को महान बताता फिरे तो बताता फिरे। सोशल मीडिया पर मैं महान राइटर हूं! मैं महान राइटर हूं! चिल्लाता हो तो चिल्लाता फिरे। हे श्रीरीडर! जो रोल चाय में चाय पत्ती का होता है, वही रोल राइटिंग में श्रीरीडर का होता है। चाय बिन चीनी के चल सकती है। चाय बिन दूध के चल सकती है। चाय बिन पानी के भी चल सकती है। पर चाय चायपत्ती के बिना जिस तरह बिल्कुल नहीं चल सकती, उसी तरह राइटर श्रीरीडर के बिना बिल्कुल भी नहीं चल सकता। राइटर चोली है तो श्रीरीडर दामन है। राइटर बलि है तो श्रीरीडर वामन है। जिस तरह भगवान भक्त के बिना एक कदम भी नहीं चल सकते, उसी तरह श्रीरीडर के बिना राइटर एक कदम भी नहीं चल सकता। हे श्रीरीडर! जिस तरह बिन नमक दाल दाल होते हुए भी दाल नहीं होती, उसी तरह बिन श्रीरीडर के बिना राइटिंग राइटिंग होते हुए भी राइटिंग नहीं होती। रोटी आटे के बिना पक सकती है, पर राइटर श्रीरीडर के बिना नहीं पक सकता। बच्चा मां के बिना पल सकता है, पर राइटर श्रीरीडर के बिना नहीं पल सकता है। श्रीरीडर राइटर का दूध है। श्रीरीडर राइटर का सूप है। श्रीरीडर जून महीने की दोपहरी में राइटर की छांव है, श्रीरीडर दिसंबर की बर्फानी रात में राइटर की चिलचिलाती धूप है। हे श्रीरीडर! राइटर संपादक के बिना राइटर चल सकता है। हे श्रीरीडर! प्रकाशन बिना राइटर के चल सकता है। हे श्रीरीडर! आलोचक के बिना राइटर मस्त मस्त रह सकता है, पर हे श्रीरीडर! तुम्हारे बिना वह एक पल भी नहीं रह सकता। तुम हर किस्म के राइटर की संजीवनी हो। एक सच्चे राइटर के तुम ही प्रकाशक हो, एक सच्चे राइटर के तुम ही संपादक हो, एक सच्चे राइटर के तुम ही समीक्षक हो। जिस तरह हर किस्म के पति को इधर उधर की बीवियों के पास भटकने के बाद भी अपनी बीवी के चरणों में ही मुक्ति मिलती है, उसी तरह हर किस्म के राइटर को इधर उधर भटकने के बाद अंततः तुम्हारे श्रीचरणों का आशीर्वाद मिलने पर ही मुक्ति मिलती है। हे श्रीरीडर! तुम्हारी जिस राइटर पर कृपा हो जाए, वह कालजयी हो जाए है। हे श्रीरीडर! तुम्हारी जिस राइटर पर कृपा हो जाए वह फुल टाइम मूंगफलियां बेचने के बाद भी मालजयी हो जाए। हे श्रीरीडर! आज बाजार में सब कुछ मिल जाता है।

देश दुनीया से

## गांव- गांव संविधान के निहितार्थ

**संविधान** दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार ने गांव-गांव संविधान का संदेश पहुंचने का निर्णय लिया है,यह बहुत महत्वपूर्ण है। भारतवर्ष गांवों का देश है। इन गांवों में रहने वाला सामान्य नागरिक भी देश का महत्वपूर्ण अंग है। एक ओर वह चुनावों में मतदान के माध्यम से सरकार चुनकर भूमिका निभाता है तो वहीं दूसरी ओर अपने कार्य- व्यवसाय अथवा परिश्रम के द्वारा राष्ट्र निर्माण में भी योगदान करता है। विगत कुछ समय से भारतीय राजनीति में विपक्षी दल संविधान को हथियार बनाकर भिन्न-भिन्न प्रकार के भ्रम फैला रहे हैं। संविधान खतरे में है, संविधान खत्म कर दिया जाएगा, संविधान बचाओ अभियान आदि अनेक मुहिम विपक्ष की राजनीतिक लोलुपता के कारण निरंतर चल रही हैं। आज यह समझने की आवश्यकता है कि संविधान एक ऐसा ग्रंथ है जो भारतवर्ष की समुचित शासन व्यवस्थाओं को निर्देशित और नियंत्रित करता है। यह कोई खिलौना या वस्त्र नहीं है, जिसे कोई खत्म कर दे अथवा खतरे में डाल दे। आज यह आवश्यक है कि गांव में रहने वाला एक सामान्य व्यक्ति भी संविधान के सही अर्थों को समझे, संविधान की उद्देशिका का क्या संदेश है? इसकी जानकारी उसे भी हो। साथ ही संविधान में प्रत्येक नागरिक के लिए विभिन्न अधिकारों और कर्तव्य का प्रविधान है। गांव का व्यक्ति भी उनसे परिचित हो सके इस निमित्त यह गांव-गांव संविधान का निर्णय अथवा अभियान महत्वपूर्ण है। समाचारों के अनुसार ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब संविधान दिवस पर देश की सभी ग्राम पंचायतों में संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्राम सभाओं सहित अन्य गतिविधियों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। ध्यातव्य है कि 26 नवंबर को देशभर में संविधान दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर राजधानी दिल्ली में अनेक कार्यक्रम होने सुनिश्चित हुए हैं। पंचायती राज मंत्रालय ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखकर आयोजन संबंधी दिशा निर्देश दिए हैं। संविधान को लेकर इस दिन सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएंगी। संबंधित पंचायत के ग्रामीण ही ग्राम पंचायत सदस्य होते हैं इसलिए उन सभी को आमंत्रित कर संविधान की शपथ दिलाई जाएगी। स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान कर देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान का उल्लेख वक्तागण करें। ग्राम पंचायत क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों में संवैधानिक मूल्यों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर सभी ग्राम पंचायतों व स्वयं सहायता समूहों को साथ जोड़कर चर्चा करने के लिए कहा गया है। आदिवासी बहुलता वाले अधिसूचित राज्यों के गांवों में अलग से कार्यक्रम करने के निर्देश हैं। यह बड़ा विचार और संकल्प है। मेरे सपनों का भारत नामक पुस्तक में गांधी जी ने गांवों की ओर, ग्राम स्वराज, पंचायत राज, ग्रामोद्योग, ग्राम प्रदर्शनियां, गांवों की सफाई, गांवों का आरोग्य,गांवों का आहार व ग्राम सेवक आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चिंतन और लेखन किया है। यह भी सर्वविदित है कि दसता के कालखंड में सर्वाधिक शोषण व अत्याचारों के शिकार गांववासी ही हुए और स्वतंत्रता संग्राम में भी सर्वाधिक भूमिका गांवों की ही रही। स्वतंत्रता के बाद 26 जनवरी 1950 में संविधान लागू होने के बाद पंचवर्षीय योजनाएं तो चली, लेकिन गांव उपेक्षित ही रहे। अनेक योजनाएं व्यवस्थित भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। गांव उत्पादन और निर्माण तो करते रहे, लेकिन विकास की मुख्य धारा से दूर ही रहे। शासन व्यवस्था में बैठे लोगों ने लोकतंत्र को परिवारतंत्र बना दिया। केवल चुनाव के समय ये गांव राजनीतिक टूरिज्म का केंद्र बनते रहे। केवल चुनाव के समय उनकी बदहाली पर आंसू बहाए जाते थे। अधिकांश नेता गांवों से दूर महानगरों में ऐश्वर्य का जीवन जीते रहे और चुनाव के समय भोली जनता को मोहक नारों से छलते और गुमराह करते रहे। विगत कुछ वर्षों में ज्ञान-विज्ञान और सूचना-तकनीक का तेजी से विकास और विस्तार हुआ है। आज सुदूर गांव देहात में भी टेलीविजन, कंप्यूटर और मोबाइल जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। फलस्वरूप अब गांव की जड़ता टूट रही है। गांव में रहने वाला सामान्य व्यक्ति भी मुख्य धारा से जुड़ना चाहता है। विगत कुछ वर्षों में राजनीतिक नेतृत्व में परिवर्तन के साथ-साथ गांव की स्थिति में भी बदलाव आ रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामोदय से भारतोदय के संकल्प को तेजी से आगे बढ़ाते हुए काम कर रहे हैं। अब देश के लाखों गांव बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, शौचालय, उन्नत कृषि, पशुपालन व मधुमक्खी पालन आदि से जुड़कर जहां मूलभूत सुविधाएं पा रहे हैं वहीं रोजगार के नए अवसरों तक भी पहुंच रहे हैं। देश की विभिन्न पंचायतें इंटरनेट से जुड़ रही हैं। अनेक गांव स्वयं के प्रयासों से और सरकारी सहायता से उन्नत हो रहे हैं। ऐसे में संविधान का संदेश ग्रामवासियों को भ्रम- भय से दूर करके नवजागरण हेतु प्रेरित करेगा। समाचारों के अनुसार खेल व युवा मामलों के मंत्रालय द्वारा भी संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान पदयात्रा और विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई है। इस कार्यक्रम में हजारों युवा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करेंगे, ऐसे भी समाचार हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम सराहनीय तो हैं ही लेकिन यह भी आवश्यक है कि संविधान की प्रस्तावना के सही अर्थ जन-जन तक पहुंचे। यह विडंबना ही है कि विगत कुछ वर्षों से राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु कुछ लोग युवाओं और सामान्य लोगों को देश के विरुद्ध खड़ा करने का भी प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं में संविधान की प्रस्तावना का पाठ और गांव-गांव संविधान का संदेश जन जागरण के साथ-साथ राष्ट्र शक्ति को संगठित करने का भी काम करेगा।

आप का नजरीया

## सार्वजनिक जमीन से कमाई

**जमीन** पर मकसद उगाने के लिए नवाचार चाहिए या इस्तेमाल की गई दौलत को उत्पाद चाहिए। कुछ इसी तरह का अनूठा प्रयास एचपीएमसी करने जा रही है। कभी बड़ी शिद्दत से कोलकाता में निगम ने तीन एकड़ जमीन खरीदी थी, ताकि कोल्ड स्टोर की शृंखला में हिमाचल की बागबानी को सहारा मिले। यह उद्देश्य उस जमीन पर खड़ा नहीं हो सका, लेकिन यह सफेद हाथी हमेशा निगम की आंख में किरकिरी बनकर रहा। जमीन को बेचने के प्रस्तावों के बीच अब निगम अपनी आय बढ़ाने का ऐसा अवसर खोज रहा है, जो आर्थिकी की नई पैरवी सरीखा है। कोलकाता की तीन एकड़ जमीन पर एचपीएमसी अपने किसी बिजनेस पार्टनर के साथ आईटी पार्क स्थापित करके हर महीने किराया वसूलने की योजना पर काम कर रहा है। संसाधनों की पैकेजिंग में फल विधायन से सूचना प्रौद्योगिकी तक पहुंचे एचपीएमसी के कदम दरअसल अतिरिक्त कमाने की तड़प है। इसी भावना से अगर अन्य निगम भी अपनी क्षमता में वैविध्य लाएं तो कई कमाऊ रास्ते चुनने का नवाचार दृष्टिगोचर होगा। आय की पैकेजिंग के लिए हाथ-पांव मारने पड़ेंगे। उदाहरण के लिए नाहन फाउंड्री अपने अच्छे दिनों की कहानी में हिमाचल का एक सफल उपक्रम रही है, लेकिन प्रबंधकीय चुनौतियों के सरल उपायों ने इसकी क्षमता को क्षीण कर दिया। इस उपक्रम की बेहद कीमती जमीन बाहरी राज्यों में स्थित थी, लेकिन घाटों के एवज में इसे बेचकर कमाने का जरिया सीमित कर दिया। इसी तरह मिल्क फेडरेशन साल में एक या दो बार मिठाई या गजक के उत्पादन में आर्थिक जगह तलाशती है, लेकिन बाद में ग्राहकों की रुचि में शून्यता भर देती है। कायदे से दुग्ध उत्पादों में अगर कुछ पाना है, तो कई उत्पाद निरंतरता के साथ जोडने पड़ेंगे। एक दौर था जब एचपीएमसी भी अपने उत्पादों के कारण राष्ट्रीय स्तर की मार्केटिंग करता था। तब देश के हर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर एचपीएमसी के जूस बार इसके उत्पादों को राष्ट्रीय पेय बनाते थे। अब मशीनरी घिस गई है या उपभोक्ताओं के बदलते बाजार को सरकारी उपक्रम समझ नहीं पा रहे। दरअसल हिमाचल के सरकारी स्वभाव में न आर एंड डी और न ही नवाचार के प्रति कोई चेतना है। एक ढर्रे के तहत सारे निगम अपने मुख्यालय यानी शिमला में पुराने पन्नों को सुर्ख करते रहते हैं। अब समय आ गया है कि प्रदेश के समस्त बोर्ड व निगमों के मुख्यालय शिमला से स्थानांतरित करके इनको उत्पादन क्षेत्रों को भेजा जाए। एचपीएमसी का मुख्यालय परवाणू प्रोसेसिंग प्लांट के साथ जोड़ा जाना चाहिए, तो मिल्क फेडरेशन को ढगवार के प्रस्तावित मिल्क प्लांट में स्थायी स्थान मिलना चाहिए। एचआरटीसी का मुख्यालय हमीरपुर या ऊना में होना चाहिए, तो विद्युत बोर्ड पूरी तरह सुंदरनगर स्थानांतरित हो जाना चाहिए। प्रदेश शिमला में सरकार का घर तो तराश सकता है, लेकिन घर चलाने की शक्ति उसे राजधानी के बाहर जिला मुख्यालयों पर मिलेगी। उद्योग और वित्त से जुड़े निगमों को बीबीएन में अपने मुख्यालय स्थापित करने चाहिएं।

# कोल हाइवा और फ्लाई ऐश वाहन की कहर से राहगीरो को लगातार मिल रही है मौतें

➲घटना को लेकर 16 घंटा से पिपरवार सड़क जाम,जहरीले राख ढूलाई के ट्रांसपोर्टर बने मूकदर्शक

➲एनटीपीसी प्लांट से जहरीला राख की ढुलाई में लगा सौरभ सागर

➲इंफ्राटच,आरटीपीएल नोकर्स कंपनी के दबंगई से आदिवासी क्षेत्रों में प्रदूषण, हड़कंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा और पिपरवार कोयलांचल में बेलगाम कोल वाहनों और टंडवा एनटीपीसी प्लांट से निकल रहे जहरीला राख ढुलाई में लगे ट्रांस्पोटरो को सड़क पर इन दिनों कहर लगातार जारी है। आए दिनों कोल वाहनों और जहरीला राख ढुलाई में लगे हाइवा व ट्रकों से बेगुनाह ग्रामीण एवं राहगीरो का दर्दनाक मौत लगातार हो रही है।इस तरह मौत पर अधिकारियों और ट्रांसपोर्ट कंपनियों चंद रुपए को लेकर मुख्यदर्शक बन बैठे हैं। वहीं आक्रोषित ग्रामीण राहगीरो ने शव को सड़क पर रख कर न्याय के लिए चक्का जाम किया है। यह घटना पिपरवार थाना क्षेत्र के पिपरवार कॉलेज के पास हाइवा के चपेटे में आने से कारों गांव कुवार पतरा टोली निवासी 19 वर्षीय युवक दीपक उरांव पिता स्व परमेश्वर उरांव की घटना स्थल पर हीं मौत बीते शुक्रवार को हो गया। घटना के विरोध में उग्र ग्रामीणों ने 16 घंटा से सड़क पर टेंट लगाकर घटना के विरोध में घटना स्थल पर हक अधिकार और न्याय के लिए एकजुट हैं। किंतु 16 घंटा होने पर भी प्रशासनिक अधिकारियों एवं एनटीपीसी सीसीएल अधिकारियों के कानों में अब तक जूं तक नहीं रेंगी है। घटनास्थल पर जमें आंदोलन कारियों ने बताया कि रात को पिपरवार पुलिस की टीम आयी थी लेकिन कुछ ही देर के बाद चली गई उसके बाद कोई सुध लेने नहीं आयी। आखिर बेकसूर जनता की सड़क दुर्घटना में जान कब-तक जाती रहेगी। वही ग्रामीणों ने बताया इस रूट से केरेडारी टंडवा और एनटीपीसी प्लांट के जहरीला राख का दुलाई बेरोकटोक और बेधड़क होती है। टंडवा एनटीपीसी प्लांट से जहरीला राख दुलाई में लगी सौरभ सागर, इंफ्राटच, आरटीपीएल नोकर्स कंपनी प्लांट से बसेरिया मंडेर कल्याणपुर केरो पिपरवार खलारी घनी आवादी ग्रामीण सड़क से की जा रही हैं। ट्रक हाइवा में ओवरलोडिंग जहरीला राख से सड़क पर गिरने से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र में चलना दुर्लभ हो गया है। कई बार ग्रामीणों विरोध भी किया पर कंपनी के लोगो अधिकारियों के मैनेज के नाम पर क्षेत्र में तबाही मचा रखा है। आपको बता दें कि एनटीपीसी का जहरीले राख सिमरिया रास्ते हजारीबाग तरफ हाईवा या ट्रक के माध्यम से भेजा जा रहा है। जहरीले ऐश वाहनों से भेजे जाने के दौरान सिमरिया और टंडवा की सड़कों पर छाई गिरने से लोगों को परेशानी बढ़ रही है।वहीं सड़क पर चलने वालों को सड़क पर गिरे राख हवा के बहाव में उड़ने से लोगों के शरीर से लेकर चलने में काफी परेशानी हो रही है।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया बिरहोर टोला का पूर्ण निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव शनिवार को प्रातः आठ बजे कोयद पंचायत के बिरहोर टोला पहुंचे। जहा आदिम जनजाति माने जाने वाले बिरहोर जाति के लगभग चालीस परिवार निवास करते हैं। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री उरांव ने उक्त स्थल पर सड़क, बिजली, पानी, भोजन, मकान, स्वास्थ्य, शिक्षा, इत्यादि सभी आवश्यक पहलुओं पर बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिरहोर परिवार के बच्चों को पठन-पाठन के लिए आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ रहे बच्चों के बीच में बीडीओ श्री उरांव के द्वारा दो-दो सेट स्वेटर एवं पजामा का वितरण किया गया। साथ ही प्राथमिक विद्यालय से पांचवी कक्षा में उत्तीर्ण हुए बच्चियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आधार कार्ड, बैंक खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ इत्यादि कई मामलों को लेकर एक विशेष शिविर आयोजन करने की बातें कही। इस मौके पर पंचायत के मुखिया किशुन राम, पंचायत सचिव पंकज रविदास, जनसेवक मोहम्मद इमरान, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका, संबंधित राशन डीलर एवं प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने बिरहोर कॉलोनी पहुंच कर किया सर्वे



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पूरी पंचायत में निवास कर रहे आदिमजनजाति के बिरहोर समुदायों की सर्वे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद द्वारा किया गया। यह सर्वे उपायुक्त चतरा के निर्देशानुसार सभी बिरहोर परिवारों का सर्वे आरम्भ किया गया उन्हें प्राप्त मूलभूत सुविधाएं एवं किन सुविधाओं से वंचित है,चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही परिवार में जितने भी सदस्य हैं उनका भी सर्वे किया जाना है एवं बिरहोर बस्ती के लिए सरकार के द्वारा किए जा रहे आवश्यक योजनाओं से जोड़ने के लिए तकनीकी टीम को निर्देश दिया गया है। जहां कैंप करते हुए उपायुक्त चतरा को एक समग्र प्रतिवेदन तैयार कर भेजने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मुखिया उमेश राम एवं डीलर बिनोद राम भी उपस्थित रहे। बीडीओ ने कहा कि उपायुक्त चतरा का निर्देश है कि पेंशन, राशन, आवास, पहचान पत्र, प्रमाण पत्र आदि सुनिश्चित करते हुए सरकार के आवश्यक कल्याणकारी योजनाओं से सभी आदिम जनजाति को जोड़ने के लिए अगले दो सप्ताह में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, इसलिए कल से सभी पंचायत में यह सर्वे एक साथ शुरू किया जाएगा। सभी पंचायत मे जहाँ आदिम जनजाति से सम्बंधित परिवार निवास करते हैं जिसका सर्वे किया जा रहा है। सभी पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक एवं सम्बंधित पंचायत के निर्वाचित जन प्रतिनिधि मिल कर सर्वे किया जा रहा हैं। आपको बता दें कि सिमरिया प्रखंड में कुल 8 पंचायत में आदिम जनजाति समुदाय के लोग निवास करते हैं, जिनमें प्रमुख पंचायत है पिरी, जांगी, जबड़ा, बगरा, पगार, बन्हे, जिरवा खुर्द एवं कसारी गांव शामिल है।

# तीन लोगों ने मिल कर किया जानलेवा हमला, भुक्तभोगी विजय घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** टंडवा थाना क्षेत्र के सेरेनदाग में बीते शुक्रवार को मारपीट का मामला सामने आया है। जहां मारपीट में आम्रपाली हाइवा एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय साहू घायल हो गया है। परिजनों ने घायल अवस्था में टंडवा अस्पताल में भर्ती करवाया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स में इलाज जारी है। जिसे लेकर घायल विजय के भाई ईश्वर कुमार साहू ने टंडवा थाना को लिखित आवेदन देकर आरोपी 1.कामख्या प्रसाद साहू,2.धनिक साहू3.नन्दलाल कुमार साहू के विरुद्ध कानूनी कारवाई करते हुए गिरफ्तारी की मांग किया है। आवेदन में कहा है कि बीते शुक्रवार की देर शाम 5 बजे मेरा भाई सेरनदाग के झारखंड ढाबा के बाहर बैठ अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहा था। इसी बीच




कामख्या प्रसाद साहू, नन्दलाल कुमार साहू,धनिक साहू तीनों पिता गणेश प्रसाद उर्फ ललित साहू साहू, ग्राम सेरनदाग थाना टंडवा ने वगैर नंबर के काला स्कॉर्पियो से उतरा और हाथ में लाठी डंडे से लैस होकर हाइवा का भुगतान को लेकर मुझसे गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज करते हुए तीनों लोगों ने मेरा भाई पर जानलेवा हमला कर दिया।डंडे और धारदार हथियार के वार से मेरा भाई का सर फट गया और वहीं जमीन पर बेहोश होकर गिर गया। अंत में मौजूद लोगों ने मुझे फोन के माध्यम से जानकारी दिया। तत्पश्चात घटना स्थल पर पहुंच कर भाई को टंडवा अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। जहां अभी इलाज जारी है। इधर घटना के बाबत टंडवा थाना प्रभारी से बात करने पर थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि घटना के बाबत दिए गए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं तीनों को गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ जारी है। गिरफ्तारी को लेकर पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने कहा कि तीनों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सबानों पंचायत में एक और सनसनी खेज मामला आया सामने

# धरातल पर आवास बना नहीं, रुपए की हुई निकासी, आवास फाइनल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सबानों पंचायत के गोवा कला में दूसरा सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां लाभुक का पीएम आवास बना नहीं और सारा रुपए का निकासी कर आवास पूर्ण कर दिया गया है। वैसे में सबानो पंचायत में अधिकतर पीएम आवास में हेराफेरी किया गया है। साथ हीं केंद्र सरकार का सपना को अधूरा किया गया है ।केंद्र सरकार का लक्ष्य था कि अधिक से अधिक लाभुकों को आवास का लाभ देकर पक्का मकान से जोड़ना था। किंतु यहां यहां उल्टा हो गया है। अधिक से अधिक आवास में रुपए की घोटाला कर लिया जाय। जी यह मामला सबानों पंचायत के गोवा कला गांव की पीएम आवास




के लाभुक हेवंती देवी,पति भुनेश्वर साव का है। यह पीएम आवास योजना 2021-2022 जिसका आईडी नंबर jh147657029 है। 19- 10-2021को 40,000 हजार प्रथम किस्त निकासी की गई है। वहीं दूसरे किस्त 24-5-2023 को 85,000 हजार रुपए निकासी की गई है। जबकि फाइनल किस्त 09-06-2023 को 5,000 हजार का निकासी कर पीएम आवास योजना पूर्ण कर दी गई है। जबकि दूसरे किस्त में ढलाई लेबल का फोटो लगाया गया है वहीं फाइनल में किसी अन्य का मकान का फोटो लगाया गया है। जबकि धरातल पर जांच करने पर जानकारी मिली है कि हेवंती देवी पति भुनेश्वर साव द्वारा मकान बनाया हीं नहीं गया है और ना धरातल पर आवास मौजूद है। वैसे में बड़ी सवाल खड़ा होता है कि क्या सबानो पंचायत में हीं इस तरह का गड़बड़ घोटाला मुखिया नरेश साहू और पंचायत सचिव सुरेश साहू के मिली भगत से किया गया है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा पूरे सबानो पंचायत में हुए इस तरह घोटाले की जांच कर दोषियों पर कानूनी कारवाई किया जाय।

# कुमार नवनीत ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा निवासी कुमार नवनीत ने मानवता का परिचय देते हुए शनिवार को रांची पहुंचकर रक्तदान किया।आपको बता दें कि लातेहार पत्रकार वीरेंद्र प्रसाद की बहन प्रतिमा देवी उम्र लगभग 47 वर्ष की कुछ दिन पूर्व गिरकर उनका पैर टूट गया था। काफी खून बहने के कारण डॉक्टर ने तुरंत एक यूनिट ब्लड उपलब्ध कराने की बात कही और जैसे ही इसकी जानकारी समाजसेवी कुमार नवनीत को लगी तो उन्होंने ततत्काल सेमफोर्ड हॉस्पिटल रांची पहुंचकर रक्तदान किया। ज्ञात हो कि रक्तवीर कुमार नवनीत हर तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान करते हैं। इसके लिए वे लातेहार जिले में काफी चर्चित हैं इधर रक्तदान करने के बाद मरीज के परिजनों ने नवनीत को धन्यवाद दिया।

# बड़े भाई ने छोटे भाई को कुदाल से मार कर किया घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के भाटचतरा ग्राम में शुक्रवार की शाम मामूली बात को लेकर बड़े भाई उदय यादव पिता लालदेव यादव ग्राम भाटचतरा थाना बरियातु ने छोटे भाई सिकन्दर यादव 33 वर्ष पिता लालदेव यादव एवं उसकी पत्नी सुनीता देवी 30 वर्ष एवम 7 वर्षीय पुत्र अंकित यादव के साथ जमकर मारपीट की जिससे तीनो लोग घायल हो गए।उदय यादव ने छोटे भाई सिकंदर यादव को कुदाल से मारकर का घायल कर दिया। यही नहीं उदय यादव के पुत्र ने सिकंदर यादव की पत्नी सुनीता देवी एवं पुत्र अंकित को भी जमकर मारपीट किया। तीनों लोग घायल अवस्था में बालूमाथ अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। सिकंदर यादव ने बताया कि मेरा पुत्र अंकित यादव बड़े भाई उदय यादव के टमाटर के खेत से दो पीस टमाटर तोड़ लिया था इसी बीच उदय यादव की पत्नी मेरे पुत्र को जमकर पिटाई कर दिया। मेरे द्वारा विरोध करने पर उदय यादव एवं उसके पुत्र शिवपूजन यादव समेत परिवार के कई लोगो ने हम लोगों के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित सिकंदर यादव ने बरियातू थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र मकरा में किया गया टीकाकरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र मकरा में कई बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को मासिक टीकाकरण किया गया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए एएनएम अर्चना हस्सा ने बताया कि विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को टीटी, खसरा, बिसीजी, पेंटा, बुस्टर, डीपीटी सहित गर्ववती महिलाओं को भी टीकरण किया गया। वहीं बीमारियों से बचाव के लिए प्रोटीन युक्त भोजन करने गरम पानी का उपयोग करने, समय समय पर टीका लगवाने सहित कई महत्व पूर्ण जानकारी दिया। मातृत्व शिशु को स्वास्थ्य रहने और रखने के लिए कई उपाय बताया। मौके पर एमपी डब्लू अनु भगत, सहिया किरन्ति देवी सहित आसपास के लोग मौजूद थे।

## अनाथ बच्चों और वृद्धजनों की सेवा मानवीयता और संवेदनशीलता का उदाहरण है : सुरेन्द्र कुमार



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने अपनी माता की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्य किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला मुख्यालय के केश्वर आहर स्थित अनाथालय में पहुंचे और वहां अनाथ बच्चों के बीच फल व खाने की सामग्री वितरित की। साथ ही उनसे बातचीत कर उनके सपनों और आकांक्षाओं को समझने की कोशिश भी की। श्री कुमार ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिनाइयों के बावजूद हौसला बनाए रखना जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। इस कार्य से उन्होंने समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सेवा भाव का परिचय दिया। उनका यह कदम समाज के लिए एक उदाहरण है कि माता-पिता के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का सबसे अच्छा तरीका जरूरतमंदों की मदद करना है। सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि अनाथ बच्चों और वृद्धजनों की सेवा न केवल हमारे कर्तव्यों का हिस्सा है, बल्कि यह मानवीयता और संवेदनशीलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। समाज में कमजोर और असहाय वर्गों के प्रति दया और सहयोग भाव रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अनाथ बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा, और स्नेह देना और वृद्धजनों का सम्मान करते हुए उनकी देखभाल करना, एक ऐसी सेवा है, जो समाज को मजबूती और एकता प्रदान करती है।बच्चों और अनाथालय के प्रबंधन ने उनके इस प्रयास की सराहना की। श्री कुमार का यह कार्य न केवल उनकी मां को श्रद्धांजलि थी, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और सेवा भावना का प्रतीक भी है। इधर बाल गृह के बाद परिवहन पदाधिकारी ने अपने कर्मीयों के साथ करकट स्थित वृद्धा आश्रम पहुंचे जहां उन्होंने मौजूद वृद्धों के बीच कंबल और खादय सामाग्री का वितरण किया। मौके पर तनवीर अहमद,कलींदर आजाद समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

# विद्यालय में विशेष सत्रः करियर काउंसलिंग का किया गया सफल आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को कक्षा 9वीं और 10 वीं के भैया-बहनों के लिए विशेष सत्र करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों को उनकी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के आधार पर सही करियर मार्गदर्शन प्रदान करना था। इस आयोजन में परामर्श भारती के विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण चौधरी के प्रेरणादायक शब्दों से हुई। उन्होंने छात्रों को अपनी क्षमताओं और रुचियों को पहचानने और उनके अनुसार भविष्य की योजना बनाने का महत्व समझाया। प्रधानाचार्य ने करियर काउंसलिंग के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। सत्र के दौरान, परामर्श भारती की और सभी छात्रों का मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया गया। इस परीक्षण के माध्यम से उनकी रुचियों, क्षमताओं और व्यक्तित्व का गहन मूल्यांकन किया गया। इस परीक्षण का उद्देश्य छात्रों को यह समझने में मदद करना था कि उनके लिए कौन-से विषय और करियर विकल्प सबसे उपयुक्त होंगे। परीक्षण के परिणाम छात्रों और उनके अभिभावकों को विस्तार से समझाए जाएंगे, जिससे वे अपने भविष्य की योजनाओं को और सटीक बना सकें। वहीं परीक्षण के बाद प्रत्येक छात्र का व्यक्तिगत काउंसलिंग सत्र आयोजित किया जाएगा। इन सत्रों में परामर्श भारती की विशेषज्ञ काउंसलर सागरिका भारती और अन्य विशेषज्ञ छात्रों को उनकी भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में मदद करेंगे। इसमें उन्हें यह जानकारी दी जाएगी कि उन्हें किन विषयों का चयन करना चाहिए, किन कौशलों को विकसित करना चाहिए, और किस प्रकार से अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए। कार्यक्रम में परामर्श भारती के प्रतिनिधि आलोक तिवारी और काउंसलर सागरिका भारती ने छात्रों और अभिभावकों को करियर मार्गदर्शन के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को उनकी क्षमताओं और रुचियों के अनुसार करियर विकल्प चुनने की प्रक्रिया को समझाया।

# हाइवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर घायल, रिम्स रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**बालूमाथ :** बालूमाथ- पांकी रोड में इचाक ग्राम के पास शनिवार की सुबह लगभग6 बजे एक अनियंत्रित हाइबा ने बाइक सवार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी इस टक्कर में बाइक में सवार होमगार्ड का जवान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि होमगार्ड का जवान सतदेव उराव 35 वर्ष पिता विष्णु उराव ग्राम हूर थाना हेरहंज एवम अमरेश यादव 25 वर्ष पिता मनराज यादव ग्राम कारणदाग़ थाना हेरहंज दोनों एक बाइक में सवार होकर बालूमाथ तैतरिया खाड़ कोलियरी ड्यूटी करने जा रहा था। तभी कुशमाही रेलवे साइडिंग से कोयला खाली कर लौट रही है हाइबा ने जोरदार टक्कर मार दीया। जिससे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया।108 एम्बुलेंस की सहायता से दोनो घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल सत्यदेव उराव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## मंत्री के द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुये बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और पर्यटन राज्य मंत्री, भारत सरकार, सुरेश गोपी के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, राजहार का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। मौके पर सखी मंडल की दीदियों द्वारा मांदर बजाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने सेविका द्वारा बच्चों को दी जाने वाली समावेशी शिक्षा और उसके लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। मंत्री ने बच्चों हेतु मौजूद उपकरणों यथा लंबाई व वजन नापी मशीन की जानकारी ली। बच्चों को प्रतिदिन करायी जा रही, गतिविधियों की जानकारी ली। पोषण वाटिका के साथ साथ बच्चों को दी जाने वाली आहार की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया।मौके पर मंत्री के द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किया गया। साथ ही खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।

## सदर अस्पताल के सभागार में डॉ. अनिल सिंह के रिटायर होने पर पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को डॉक्टर अनिल सिंह डीआर सीएचओ रिटायर हो गए। मौके पर सदर अस्पताल सभागार मे उनके रिटायर होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह डीपीसी आशीष डीन डीपीएम चिकित्सकों नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। और उनके कार्यो की सराहना की।कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई। जिसमें डॉक्टर अनिल सिंह के द्वारा जिले में दिए गए योगदान की चर्चा की गई। वक्ताओं ने उनके अनुशासन समर्पण और टीम भावना की प्रशंसा की।इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने उनके साथ बिताए पलों को साझा किया। सिविल सर्जन ने कहा कि डॉक्टर सिंह के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता है।इस अवसर पर डाक्टर सिंह को गुलदस्ता देकर फुल माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डॉ.अनिल सिंह ने कहा कि उनका यहां का अनुभव हमेशा उनके दिल के करीब रहेगा। उन्होंने टीम के द्वारा मिले सहयोग कि सराहना की।

# चेपाकला में 38 वर्षीय प्रकाश ठाकुर की घर में घुसकर हत्या, आपराधिक इतिहास और साजिश पर पुलिस जांच तेज

- शुक्रवार रात 11 बजे अपराधियों ने घर में घुसकर माथे में गोली मारकर हत्या की।
- पुलिस ने मौके से तीन जिंदा कारतूस, एक खोखा, और एक पर्ची बरामद की, जिस पर लिखा था आनंद साव ने मारा।
- हत्या के बाद अपराधी प्रकाश ठाकुर की स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए।
- घटनास्थल के पास 100 मीटर की दूरी पर एक लावारिस टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल मिली।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चेपाकला ग्राम निवासी 38 वर्षीय प्रकाश ठाकुर को अपराधियों ने शुक्रवार रात 11:00 बजे उसके ही घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। माथे में तीन गोली लगने का गहरा निशान है। घटना को अंजाम देने के पश्चात अपराधी प्रकाश ठाकुर का स्कॉर्पियो को भी ले कर भाग गये। घटना की जानकारी मिलते ही रात तकरीबन 11:30 बजे डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार अपने सशस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने घटना स्थल से तीन जिंदा कारतूस एक खोखा के अलावा पर्ची भी बरामद किया है, पर्ची में आनंद साव ने मारा है लिखा है। घटना को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया प्रकाश ठाकुर के घर का दरवाजा खुला हुआ था, छत में लगा दरवाजा बाहर से बंद पड़ा था। घटना स्थल से तकरीबन 100 मीटर दूरी से लावारिश हालत में टीवीएस अपाची मोटरसाइकिल बरामद





किया गया है। प्रकाश ठाकुर का आपराधिक इतिहास भी रहा है, सभी दृष्टिकोण से जांच चल रही है। लगभग 6 अपराधिक कांड में प्रकाश नामजद आरोपी था। 2009 में जुगरा ग्राम निवासी पारा शिक्षक महेश राम की गोली मारकर हत्या करने का आरोप, 2017 में तत्कालीन हजारीबाग में जिला परिषद अध्यक्ष सुशीला देवी के पति लखन साव के ऊपर राइफल से जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें प्रकाश ठाकुर को भी आरोपी बनाया गया था। इसके अलावा 2019 में लंगातु में सिकंदर साहू के ऊपर पिस्तौल से हमला कर घायल करने का भी आप लगा था। वहीं तीन अलग-अलग अपराधी घटनाओ में भी प्रकाश ठाकुर आरोपी था। प्रकाश ठाकुर को गोली मारकर हत्या कर देने घटना को लेकर गांव में भय व्याप्त है। कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं इसमें ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार रात प्रकाश ठाकुर के घर के आसपास लगभग 12 से 13 घरों के बाहर दरवाजे को अपराधियों ने छिटकिनि लगा दिया था। इतना ही नहीं घटना को अंजाम देने के पहले गांव के बिजली ट्रांसफार्मर के चेंजर को गिरा दिया गया था और बिजली पूर्ण रूप से काट दी गई थी। वहीं 15 से 20 फीट लंबा मोटा लकड़ी का अरकट्ठा और सीढ़ी का प्रयोग किया गया। घटनास्थल से तकरीबन 200 मीटर दूरी से अरकट्ठा लाने के दौरान आलू के खेत में कई निशान भी देखे गए हैं। प्रकाश के परिजनों बताया कि विगत 5 वर्षो से प्रकाश ठाकुर अपने घर चेपाकला में अकेले रहा करता था। अपनी पत्नी और अपने दोनो बच्चे को रांची में डेरा लेकर के रख रहा था। पिछले कई वर्षों से अपराधिका कार्य से दूर था ठेकेदारी करके अपना घर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। प्रकाश शुक्रवार तकरीबन 4:00 बजे शाम को बड़कागांव में मनोज महतो के घर के गृह प्रवेश में गया था। 8:30 बजे रात को अपने नजदीकी दो लोगों के साथ घर वापस चेपाकला आया था। हत्या में 5 से 6 या अधिक लोग शामिल हो सकते है। सीसीटीवी कैमरा में बाहर का दृश्य कैद हुआ है जिसमें कई लोग घटना पर वॉच करते नजर आ रहे हैं । घटना को लेकर एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा मृतक के परिजन के द्वारा आवेदन दिया गया है सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार करने के लिए काम हो रहा है। घटना में जो भी आरोपी शामिल है उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बरही विधायक ने सरकारी स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच किया साइकिल वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के करियातपुर में संचालित उत्क्रमित+2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया के तहत सरकारी स्कूल में अध्यतरन आठवीं क्लास के छात्रङ्कछात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनोज कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, करियातपुर मुखिया मनोज रविदास, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद आदि के हाथों किया गया। मौके पर 156 बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल मिलने के बाद सभी बच्चे उत्साहित नजर आए। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बच्चों को साइकिल मिलने से उनकी पढ़ाई और आसान होगी, सुदूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्कूल आनेङ्कजाने में परेशानी होती थी, अब साइकिल मिलने से उन बच्चों को खासकर बच्चियों को स्कूल आनेङ्कजाने में काफी मदद मिलेगी। यह उन्नति का पहिया नहीं एक लक्ष्य प्राप्त करने का पहिया है, यह साइकिल बच्चों को संघर्ष करना सिखाती है, बच्चों को अपने जीवन में एक नया रूप देने के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में यह साइकिल कारगर साबित होगा। आगे



उन्होंने कहा कि सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, प्रधानाध्यापक, विजय रविदास, अध्यक्ष सकलदेव ठाकुर, सहायक शिक्षक किशोर कुमार,अजय कुमार, निरंजन महतो, त्रिलोकी राणा, गजाला प्रवीण, अनिल केशरी, मृत्युंजय कुमार, अर्जुन रविदास, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, संतोष प्रजापति, राजकुमार रविदास, पवन केशरी, कैलाश केशरी,नरेश केशरी, भीम केशरी, रितेश केशरी, अभिषेक केशरी,ब्रह्मदेव यादव, मुन्ना यादव, सचिन यादव, मनोज राणा, प्रकाश साव, स्कूल के छात्र - छात्राओं सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित ग्रामीण उपस्थित थे।

## नव पदस्थापित सीओ और पत्रकारों के साथ गेट टू गेदर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही अंचल कार्यालय में नव पदस्थापित सीओ अमित किस्कू के साथ पत्रकारों ने भेंट की और इस दौरान आपसी परिचय अदान प्रदान किया गया। पत्रकारों ने बीते समय में अंचल के कार्यो में शिथिलता स्थिति से नवपद स्थापित सीओ को अवगत कराया। कहा कि सुदूरवर्ती लोग दिन भर समय देकर अंचल कार्यालय अपने काम के लिए आते हैं, यदि उनका काम न हो तो उनका दिन भर का दिहाड़ी बर्बाद हो जाता है और आने जाने में बेफिजूल खर्च उसे उठाना पड़ता है। इस बाबत सीओ अमित किस्कू ने के कहा कि मेरा यहां पद स्थापित होते ही विधानसभा का चुनाव सामने आ गया, इस कारण मैं व्यस्त रहा। चुनाव समाप्त हो गया है, मैं अंचल का निर्बाध कार्य करने का विश्वास दिलाता हूं। वहीं उन्होंने कहा कि जन शिकायत को दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। किसी भी प्रकार की समस्या हो तो लोग कार्यालय में आकर मिलें। भूमि विवाद के मामलों में निपटारे के लिए जनता दरबार में आने वाले मामलों को त्वरित कार्रवाई व निष्पादन पर बल दिया जाएगा। इस दौरान बरही प्रेस क्लब के पत्रकार उपस्थित थे।

## स्व. डॉ. लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा एवं स्व. सुमित्रा सिन्हा की मनाई गई 36 वीं पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** स्व. डॉ0 लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा के निवास स्थान पर शनिवार को स्व.डॉ0 लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा तथा उनकी पत्नी स्व. सुमित्रा सिन्हा दोनो की 36वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर दोनों के तस्वीर पर डॉ0 अशोक कुमार सिन्हा, सबिता सिन्हा, हरी किशोर प्रसाद सिन्हा, कौशल्या सिन्हा, पत्रकार बंटी मिश्रा, श्री प्रसाद सोनी, संतोष शर्मा एवं गणमान्य लोगों द्वारा दीपप्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पुण्यतिथि के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए गए डॉ0 अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि डॉ0 लक्ष्मी प्रसाद सिन्हा विष्णुगढ़ के पहले चिकित्सक एवं समाजसेवी थे। वे शिक्षा की ज्योति जलाने वाले विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के संस्थापक एवं गरीबों की मसीहा थे। इस मौके पर सबिता सिन्हा ने कहा कि वह हर गरीब के घर जा जा कर मुफ्त में चिकित्सा सेवा दिया करते थे। विष्णुगढ़ के खेल इतिहास में भी इनकीं महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने विष्णुगढ़ में मोहन बागान की टीम को लाकर खेल करवाने में अहम भूमिका निभाए थे । वही मौके पर मधु सिन्हा ने कहा कि डॉ0 सिन्हा को सात नवंबर 1988 में उन्हें उच्च स्तरीय पुरस्कार तथा 35 गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। इस दौरान उनके पौत्र ऋतु सिन्हा और ऋषभ सिन्हा ने कहा कि दादा के नक्शे कदम पर ही हमलोग चलना चाहते हैं। इस मौके पर डॉ0 अशोक कुमार सिन्हा, सविता सिन्हा, मधु सिन्हा, रितु सिन्हा, ऋषभ सिन्हा, रेखा कुमारी, मिश्रीलाल आजाद, हरीकिशोर प्रसाद सिन्हा, बालगोविंद बरनवाल, विष्णुगढ़ मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार कुशवाहा, लालधन महतो,चिंटू बरनवाल, निहाल मिश्रा सहित प्लस टू विद्यालय विष्णुगढ़ के सभी गणमान्य शिक्षकगण मौजूद थे।

## लिपिक के असामयिक निधन पर उपायुक्त ने जताया दुःख



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला अभिलेखागार कार्यालय, हजारीबाग में कार्यरत लिपिक संदीप कुमार दुबे का ईलाज के क्रम में दिनांक 30 नवंबर के पूर्वाह्न में निधन हो गया है। वें लंबे समय से बीमार थे। उनके दुखद निधन एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत सभी समाहरणालय के सभी अधिकारी कार्मियों ने सभाकक्ष में दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर उपायुक्त ने संदीप कुमार दुबे की असामयिक निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की और ईश्वर से उनके शोकाकूल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की प्रार्थना की।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कुश-क्रांतिदर्शी योग सह वैकल्पिक चिकित्सालय के संस्थापक चिकित्सक व प्रशिक्षक आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा के द्वारा नाभि संतुलन एवं चिकित्सा पद्धति विषय पर दिनांक 29/11/2024 से 30/11/2024 तक दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इससे पहले भी आचार्य कुशवाहा के द्वारा विश्वविद्यालय में मर्म चिकित्सा विज्ञान विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था । इस संबंध मे जानकारी देते हुए आचार्य मनोज ने बताया की योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विद्यार्थी वैकल्पिक चिकित्सा का सैद्धांतिक व प्रायोगीक भाग सीखने में काफी दिलचस्पी दिखाते हैं । आचार्य मनोज कुमार कुशवाहा स्वयं भी विश्वविद्यालय से मर्म चिकित्सा विज्ञान विषय पर शोध कार्य कर रहे हैं।आचार्य मनोज कुशवाहा बताते हैं की प्राचीन ऋषि मुनियों ने हमें यह ज्ञान दिया है की हम अपने शरीर को प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित करते हुए स्वस्थ रख सकते हैं यदि हम बीमार भी होते हैं तो बिना दवाई के भी प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा स्वस्थ किया जा सकता है। कार्यशाला का समापन ईश्वरी चिकित्सा अपनाएं और स्वतः ठीक हो जाए के संकल्प के साथ किया गया ।

## जेएसएलपीएस के द्वारा बसरिया क्लस्टर में लाभुकों के बीच किया गया चूजा का वितरण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया जेएसएलपीएस क्लस्टर में ग्रामीणों के बीच सोनाली नस्ल के चुजे का वितरण किया गया। मौके बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप शामिल हुए। और कहा चूजों का अगर ठीक तरीके से रखरखाव किया जाए तो इससे काफी लाभ अर्जित किया जा सकता है, वहीं जेएसएलपीएस के प्रखंड बीपीएम केदार प्रजापति, FTC राजीव पाण्डेय शामिल हुए, कुल 50 लाभुकों को एमएम 50-50 चूजों का वितरण किया गया। महिलाएं चूजा प्राप्त कर काफी खुश दिखे। मौके पर नसीबुन, सुनीता देवी, रीना देवी, विनीता देवी, इंदु देवी, रबीना, नजीरा, रजिया, सफीना, सहित अन्य लाभुक मौजूद थे।

## ट्रेलर के चपेट में आने से मोटरसाइकिल चालक कोयला मजदूर की मौत, मुआवजा को लेकर सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित 13 माइल टीपी 4 के पास टाइल्स लगे 18 चक्का ट्रेलर के चपेट में आने से एक मोटरसाइकिल सवार कोयला मजदूर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के ग्राम कांडाबेर निवासी केदार साव उम्र 47 वर्ष के रूप में की गई है। घटना शनिवार के अहले सुबह लगभग 6¬45 बजे की है। परिजनो ने बताया कि केरेडारी में कोयला खरीद कर हजारीबाग कोयला बेचने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहा था। ट्रेलर का नंबर (बी आर 24 जी डी-1117)है। ट्रेलर पलटने के कारण केदार साव पूर्ण रूप से दब गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद केदार साव को ग्रामीणों ने टाइल्स से खींच कर बाहर निकाला। बताया जाता है कि



ट्रक हजारीबाग की ओर से बड़कागांव की ओर आ रहा था। वह काफी तेज गति से चला आ रहा था परंतु घाटी में तीखी मोड़ होने के कारण ट्रेलर असंतुलित हो गया और मोड़ पर ही पलट गया। घटना को लेकर आक्रोशित बड़कागांव केरेडारी के ग्रामीणों द्वारा बड़कागांव - हजारीबाग रोड को सुबह 6¬45 से बजे सुबह से जाम कर दिया गया और मुआवजे की मांग करने लगे। समाचार लिखे जाने तक रोड जाम था। मृतक अपने पीछे तीन पुत्री खुशबू कुमारी उम्र 27 वर्ष, लक्ष्मी कुमारी उम्र 25 वर्ष,( दोनों विवाहित) एवं प्रियांशु कुमारी उम्र 19 वर्ष (अविवाहित) पुत्र राहुल कुमार अविवाहित, पत्नी मीना देवी एवं बूढ़े माता-पिता छोड़ गए. वह घर का अकेला कमाऊ था. उनकी मृत्यु हो जाने के बाद घर के खर्च कैसे चलेगी यह लोगों को चिंता सता रही थी। घटना को लेकर नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत हुए एवं मौके पर उपस्थित प्रखंड के पदाधिकारी से बातचीत कर मामले का शीघ्र समाधान करने पर जोर दिया। सुबह 7¬00 बजे से लेकर समाचार लेकर जाने तक सड़क जाम था। प्रखंड के वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा सड़क जाम को हटाने का प्रयास निरंतर जारी था। बड़कागांव हजारीबाग रोड में पिछले दो माह में दो कोयला मजदूरों की मौत वाहन की चपेट में आने से हो गई। इसके अलावा आधा दर्जन से अधिक दुर्घटनाएं हुई है जिसमें कई लोगों की मौत भी हुई है। नो एंट्री निर्धारित समय आकलन में पाया गया कि कई वाहन नो एंट्री पालन नहीं करने के कारण कई वाहन दुर्घटना का शिकार हुए हैं।

## विभिन्न कारणों से लगातार बढ़ रही खलिहान में आग लगने कि घटना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कबिलासी पंचायत के गाड़ीसाड़म के बटवारी टांड में एक खलिहान में आग लगने से खलिहान में रखा पुआल व धान जल कर राख हो गया। यह घटना सुबह के 9¬15 बजे कि है. घटना में तकरीबन 250 बोझा का पुवाल और 200-300 किलो धान का नुकसान हुआ। गनीमत यह रही कि आसपास और भी अन्य किसानों का अनाज के बोझा रखे हुए थे पर संजय प्रजापति जो की एक किसान हैं की तत्परता से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और बगल के खलिहानों में फैलने से बचाव किया ,पर वह विशेश्वर महतो का नुकसान रोक पाने में असफल रहे। यह खलिहान विशेश्वर महतो पिता किसुन महतो का था। खलिहान में आग कैसे लगा इसकी भनक किसी को नही लग पाया है। ग्रामीणों के द्वारा कई प्रकार का कयास लगाया जा रहा है। इसमें से एक तो बच्चो के द्वारा खेल कूद के दौरान आग जलाने के क्रम या फिर कुछ वैसे लोग जो सिगरेट पीने वाले लोग सिगरेट पीकर फेंक देने से लगा होगा। हालांकि पुआल जल जाने से कृषक के समक्ष अपने मवेशियों को साल भर चारा खिलाने की समस्या उत्पन्न हो गई है, विशेश्वर महतो काफी मायूस भी दिखे। और आंचल में जाकर आवेदन देने की बात कही व मुआवजे के लिए आवेदन देंगे.

## एनटीपीसी ने चट्टी बरियातू ग्रामवासियों के बीच किया गया मच्छरदानी का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**केरेडारी :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने शनिवार को अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत चट्टी बरियातू ग्रामवासियों के बीच 1,193 मच्छरदानी वितरित की। इस वितरण का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से बचाना और उनकी जीवन शैली को सुरक्षित व स्वस्थ बनाना है। परियोजना द्वारा यह पहल समुदाय के कल्याण के लिए की गई है, ताकि ग्रामीणों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए आवश्यक संसाधन मिल सकें। इस मौके पर गाँव के मुखिया श्री झरि लाल महतों भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना से अपर महाप्रबंधक पवन खांडवे और उप महाप्रबंधक यतीश कुमार ने उपस्थिति दर्ज कराई और इसे सफल बनाने में मदद की। परियोजना के प्रतिनिधि पवन खांडवे ने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाना है। मच्छरदानी वितरण के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे समुदाय के लोग सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सकें। यह वितरण कार्यक्रम चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना की निरंतर सामाजिक कल्याण योजनाओं का हिस्सा है, जिनमें स्वास्थ्य शिविर, पानी के फिल्टर और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी शामिल है। परियोजना के ये प्रयास समुदाय के जीवन स्तर को सुधारने और उनकी भलाई के लिए लगातार जारी हैं।

## पिकनिक मनाने जा रही गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, एक दर्जन घायल, एक गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कटकमसांडी :** हजारीबाग में शनिवार को स्टूडेंट्स से भरी एक सवारी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे उसमें सवार एक दर्जन स्टूडेंट्स जख्मी हो गए। सभी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। हादसा अनियंत्रित तेज रफ्तार गाड़ी के सड़क किनारे करीब 10 फीट नीचे चले जाने की वजह से हुआ। घटना कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटकमसांडी हजारीबाग मार्ग पर लखनु छलटा मोड़ के पास हुई।सवारी वाहन हजारीबाग शहर के मटवारी स्थित कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाले 28 स्टूडेंट्स मटवारी से चतरा जिले अंतर्गत तमासिन जलप्रपात पिकनिक के लिए जा रहे थे। लखनु छलटा के पास तीखे व घुमावदार मोड़ होने के कारण ड्राइवर अपना संतुलन खो बैठा और गाड़ी सीधे सड़क के नीचे चली गई। घटना के बाद वाहन में सवार रवि रंजन ठाकुर वाहन से कूद गया। उसका सिर पत्थर से जा टकराया और वो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि 11 छात्रों को चोटें लगी हैं।इधर, वाहन में सवार मंतोष कुमार, सत्यम कुमार और प्रीति कुमारी ने बताया कि ड्राइवर वाहन तेज चल रहा था। इस क्रम में वो संतुलन खो बैठा और यह हादसा हुआ। जबकि ड्राइवर सुनील कुमार का कहना है कि एक-एक सीट पर 5 से 6 स्टूडेंट्स जबरदस्ती बैठ गए थे। मैंने काफी मना किया लेकिन वो नहीं माने और मजबूरी में गाड़ी चलाना पड़ा। तेज घुमावदार मोड़ होने के कारण मैं स्टेरिंग घुमा नहीं पाया और गाड़ी सड़क छोड़ नीचे चली गई।

## धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड अंतर्गत धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बरही के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी जीत पर बधाई दीं। यह स्वागत समारोह विधायक आवास में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मनोज कुमार यादव की जीत बरही क्षेत्र के विकास और जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह जीत क्षेत्र में नई उम्मीदों और विकास की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगी। उन्होंने विधायक मनोज कुमार यादव को बधाई देते हुए कहा कि जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह सराहनीय है। स्वागत समारोह के दौरान मुखिया और विधायक ने धनवार पंचायत की प्रमुख समस्याओं पर भी चर्चा की। मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने उम्मीद जताई कि विधायक मनोज कुमार यादव अपने कार्यकाल में इन समस्याओं का समाधान करेंगे। समारोह में विधायक मनोज कुमार यादव ने भी जनता को संबोधित किया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को देते हुए कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं, बल्कि बरही क्षेत्र के हर एक व्यक्ति की जीत है। उन्होंने यह भी वादा किया कि बरही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, उपमुखिया दामोदर प्रसाद, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, सुजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बच्चों के नियमित टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

- 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान
- 8 दिसंबर को बूथ पर व 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक
- पल्स पोलियो अभियान के तहत 171692 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रामगढ़ : बच्चों के नियमित टीकाकरण, पल्स पोलियो अभियान को लेकर शनिवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त सहित उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक 0 से 5 वर्ष तक के 171692 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें 8 दिसंबर को 1067 बूथों पर व 9 एवं 10 दिसंबर को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया जाएगा उक्त कार्य हेतु 49 ट्रांजिट टीम एवं 34 मोबाइल टीम बनाए गए हैं साथ ही 153 पर्यवेक्षकों को कार्य में लगाया जाएगा। मौके पर उपायुक्त में सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न करने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली जिसके उपरांत डब्लूएचओ एसएमओ से डॉ सलीन के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को रामगढ़ जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को खसरा एवं रूबेला संबंधित मामलों की पहचान हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने एवं सर्विलेंस सिस्टम में सुधार के तहत सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में आने वाले बच्चों जिनमे घमौरी के साथ-साथ बुखार के लक्षण हो उन्हें चिन्हित कर डीआरसीएचओ एवं डब्लूएचओ के चिकित्सकों के संज्ञान में लाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने आम जनों तक खसरा एवं रूबेला से संबंधित विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने एवं किसी भी बच्चे में इसका लक्षण दिखने पर त्वरित रूप से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करने के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया।

## हर बच्चे को कामयाब बनाना विद्यालय का लक्ष्य






- श्री अग्रसेन स्कूल का मना 25 वां स्थापना दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

भुरकुंडा : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा का 25 वां स्थापना दिवस शनिवार को मनाया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया और प्राचार्य विवेक प्रधान ने किया। अपने संबोधन में श्री राजगढ़िया ने कहा कि विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए संकल्पित है। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को संपूर्ण शिक्षा देते हुए उनकी सफलता की नींव तैयार करना है। इसी सोच के साथ विद्यालय आगे बढ़ रहा है। आने वाले चुनौतियों को भी स्वीकार कर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हम तत्पर हैं। आधुनिक शिक्षा व संस्कार बांटना ही हमारा उद्देश्य रहा है। विद्यालय की सफलता के पीछे कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों गहरा विश्वास है।प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि हर बच्चे का भविष्य संवारने के लिए विद्यालय उन्हें सही मार्गदर्शन और शिक्षा देने में जुटा है। हमारी कोशिश है कि हर बच्चा अपने जीवन मे कामयाबी के शिखर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई को किसी दवाब के रूप में नहीं लेना चाहिए, बल्कि शांत मन से चीजों को समझने का प्रयास करना चाहिए। कभी भी किसी अच्छे चीज की शुरुआत करने से खुद को मत रोकें। यदि आप कुछ अच्छा करने को ठान लें, तो सफलता जरूर मिलेगी।स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों ने कई आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की। खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन हुआ। स्थापना दिवस के अवसर पर बच्चों और शिक्षकों के बीच मिठाइयां बांटी गई।

## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में तैयार किया स्वादिष्ट व्यंजनों



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रामगढ : श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विद्यालय के प्रांगण में अपनी प्रतिभा को दिखाते हुए बिना किसी आंच के खाना पकाने का आनंद लिया और स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार किया।इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 और कक्षा 7वीं के बच्चें उपस्थित रहें। बिना आग के खाना पकाने से न केवल सुरक्षा सुनिश्चित होती है, ये व्यंजन सरल और मज़ेदार होने के साथ-साथ स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देते हैं।बच्चों के लिए यह एक सुखद सीखने का अनुभव बन जाता है। अपने बच्चे को कुछ बुनियादी खाना पकाने के कौशल सिखाने के अलावा इस अवसर का उपयोग उनके दूसरों के साथ तालमेल विकसित करने के लिए भी प्रेरित होते हैं। इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से प्रथम फलों का सलाद कक्षा 3 बी ग्रुप सी अक्षत साहू, कौशल फ्रूट सलाद द्वितीय श्रेणी 3 सी ग्रुप सी गुरजोत सिंह तीर्थ अग्रवाल फ्रूट सलाद तृतीय कक्षा 3ए ग्रुप सी अदीब अहमद ऋषि कुमार ।सैंडविच में प्रथम श्रेणी 3बी ग्रुप डी पृथ्वी ,शिवांश कुमार दही पापड़ी चैट में प्रथम श्रेणी 3बी ग्रुप बी रोहिराज निविदिता द्वितीय श्रेणी 3 सी ग्रुप बी अदिति, आरोही तीसरा3 ए ग्रुप बी आफिया हुसैन,दृष्टि कुमारी तथा कक्षा सातवीं से फ्रूट सलाद में कक्षा सातवीं सी से प्रथम ग्रुप ए रितिका बनर्जी एंजेल कुमारी ,कक्षा सातवीं अ से ग्रुप ए जानवी दिव्यांशी द्वितीय रही।सातवीं डी से ग्रुप ए दशमी, सृष्टि तृतीय तथा सातवीं बी से ग्रुप ए रिया कुमारी कृतिका कुमारी तृतीय रही। सैंडविच में सातवीं अ ग्रुप बी फर्स्ट हर्षित श्रीवास्तव फातिमा।कक्षा सातवीं सी ग्रुप बी द्वितीय माही गर्ग ,आर्य सोनी। सातवीं डी से ग्रुप बी तृतीय गीतिका ,माही कौर सातवीं डी से ग्रुप बी तृतीय प्रांजल नंदिनी साक्षी बाला बेल दही पापड़ी चाट में 7ब ग्रुप डी फर्स्ट केशव गुप्ता कुशाग्रजीत, सातवीं व ग्रुप डी द्वितीय नीलद्र ,अथर्व प्रकाश सातवीं ए ग्रुप डी तृतीया नयन ,एमडी रेहान सातवीं डी से ग्रुप डी आकाश कुमार ,देव तृतीय रहें।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा और अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित रहें।

## नियमित टीकाकरण व पल्स पोलियो अभियान को लेकर कार्यशाला सह बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रामगढ़ : जिला आर0 सी0 एच0 पदाधिकारी, रामगढ डॉ0 एहतेशाम उद्धीन के अध्यक्षता में District RI Strengthening and Revisd AEFI Operation Workshop एवं अगामी दिनांक 8 दिसम्बर 2024 से होने वाले पल्स पोलियो कायक्रम हेतु जिला स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला पूर्वाह्न Hotel Treat Residency, थाना चौक, रामगढ़ में आयोजित किया गया। जिला आर0 सी0 एच0 पदाधिकारी, रामगढ के द्वारा नियमित टीकाकरण एवं पल्स पोलियो की तैयारियो से संबंधित जानकारी देते हुए SMO WHO डॉ सलीन से अनुरोध किया गया कि नियमित टीकाकरण एवं पल्स पोलियो से संबंधित सभी जानकारियां विस्तार पूर्वक सभी को दी जाय ताकि पल्स पोलियो से संबंधित सभी तैयारी सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं सभी पल्स पोलियो नोडल पदाधिकारी के द्वारा ससमय कराया जा सकें जिसके लिए निम्न निर्देश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दी गई।1. सभी प्रखण्डों को नियमित टीकाकरण एवं पल्स पोलियो से संबंधित सूक्ष्म कार्ययोजना ससमय तैयार करने का निर्देश दिया गया।2. सभी प्रखण्डों में गहन रूप से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया तकि एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित ना रहे। 3. सभी प्रखण्डों में बुथ के अनुसार बैनर, पोस्टर, विभिन्न फोर्मेट एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।4. सभी घरों में सूचना हेतु सूचना पर्ची सभी प्रखण्डों को यथाशीघ्र उपलब्ध करा दिया जायेगा। 5. इस कार्यक्रम के दौरान 1,71,692 बच्चों (0-5 वर्ष) को पोलियो वैक्सिन की अतिरिक्त खुराक पिलाने का लक्ष्य है जिसमें कुल 1067 बुथ, 49 ट्रजिट टीम, 34 मोबाईल टीम, एवं 153 पर्यवेक्षक कार्य में लगाया जाना है।6. दिनांक 08.11.2024 को पोलियों बुथ में एवं 09 एवं 10 दिसम्बर को छुटे हुए 0-5 वर्ष के बच्चों को घर-घर जाकर पालियो वैक्सिन की अतिरिक्त खुराक दी जायेगी।7. सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि पल्स पोलियों का उद्धघाटन दिनांक 08.11.2024 को अपने निर्धारित समय पर करेंगे।इस दौरान डॉ0 मृत्युजंय कुमार सिंह ( उपाधीक्षक सदर अस्पताल रामगढ़), डॉ0 तुलिका रानी, (जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, रामगढ़), सभी प्रखण्डों के प्रभारी चि0 पदा0, रंजीत कुमार सिंह (जिला कार्यक्रम समन्वयक), श्री संदीप कुमार गुप्ता (जिला कोल्ड चैन प्रबंधक) सुनील मधुकर, (Regional Coordinator IEC), रश्मि आनन्द (जिला डाटा प्रबंधक) चन्द्रशेखर महतो (DUHM) अशोक ठाकुर, DCCH श्री प्रकाश महतो, (Computer Operator) सभी प्रखण्डों BPM, BDM एवं अन्य स्वाथ्य कर्मी उपस्थित थे।



## सेवानिवृत कर्मचारियों का विदाई समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

भुरकुंडा : ओम प्रकाश मुन्डा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. नदीम अनवर और डॉ. रिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान ओम प्रकाश मुन्डा को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें पुष्प गुच्छ और उपहार देकर उनके योगदान को सराहा गया, और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गई। समारोह में भुरकुंडा एकेसी के कर्मियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर ललन प्रसाद, फारूक रजा, राहुल का, जोगेन्द्र बड़ाईक, अमलेश भौमिक, रंजन राम, दिवाकर, जितेन्द्र, सिस्टर कुर, रजनी गुलाव एक्का, सुविता, जयमुन्ती देवी, रुखसाना, सत्यनारायण ठाकुर, कन्हैया यादव राजेन्द्र मुन्डा, वाबुदास सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित थे। सभी ने ओम प्रकाश मुन्डा की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट कार्यकाल की सराहना की और उनके समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं।यह आयोजन ओम प्रकाश मुन्डा की प्रेरणादायक यात्रा को याद करने का एक अद्भुत अवसर था और यह समारोह सभी के दिलों में उनकी दीर्घकालिक सेवा और योगदान की यादें जीवित रखेगा।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने मुलाकात कर बधाई दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में प्रधान सचिव राहुल पुरवार, एडीजी प्रिया दुबे ,एडीजी टी कांडासामी, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, एसपी रामगढ़ अजय कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। और साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक राधाकृष्ण किशोर, विधायक हफीजुल हसन अंसारी, विधायक राजेश कच्छप एवं पूर्व विधायक जलेश्वर महतो ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## 31 दिसंबर को धूम मचाले कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रामगढ़ : निधि इवेंटस रामगढ़ द्वारा नये वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 31 दिसंबर को गंगा रेजीडींसी (अशोक टाकीज) रांची रोड में धूम मचाले कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जिसमें देश के जाने-माने कलाकारों द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। आयोजन में झारखंड के जाने-माने कलाकारों को भी शामिल किया गया है । आयोजन में कोलकाता से प्रख्यात डीजे श्रेया, सिगरं मिस दिप्ती,सिगरं पारतौ प्रतिम, एंकर मौमीता, नटराज डासं ग्रुप आदि शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह का प्रोग्राम रामगढ़ मे पहली बार हो रहा है।इसमे आने वाले 3 लकी कपल जोड़ों को ,साथ ही 1 लकी फिमेल,1 लकी मेल, 10 लकी कूपन फ्री गिफ्ट दिया जायगा। बच्चों के लिए फ्री मनोरंजन। साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिए फ्री टी और डीनर की व्यवस्था होगीं । कार्यक्रम संध्या 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलेगा। पूरी विधि व्यवस्था निजी सिक्यूरिटी एजेंसी के माध्यम से की जाएगी। ताकि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को परेशानी नही हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में निधि इवेंटस की पूरी प्रोफेशनल टीम सहयोग कर रही है।कार्यक्रम को लेकर राजू कैथ ने कहा है की रामगढ़ शहर के लोगों से अनुरोध है कि जल्द से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे शीघ्र अपना कूपन बुक करवा लें। इस मौके पर अजय सिंह, सत्येंद्र , आर डी शर्मा, संतोष , रोहित कुमार , राजू राठौर, गौतम , सोनू , ऋषि पंडा, कुनाल , चिंटू मिश्रा,चिंटू मालाकार, डॉ संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला समिति द्वारा निशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रामगढ : मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ कैंट के द्वारा निशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर का आयोजन रांची रोड स्थित एक निजी अस्पताल में किया गया। मुख्य रूप से अस्थि ( हड्डी) रोग विशेषज्ञ डॉ रविंद्र प्रसाद ( एमबीबीएस ,एम एस ऑर्थोपोडिक्स) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत डॉ रविंद्र प्रसाद अरुण जैन रिद्धि जैन प्रिया अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। इस शिविर में करीब 80 मरीज ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। इस मौके पर मारवाड़ी महिला समिति के सदस्यों ने बताया कि आगे भी लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति की तरफ से अरुणा जैन, रिद्धि जैन , प्रिया अग्रवाल, सिंपल बरेलिया, पुष्पा अग्रवाल ,पूनम गर्ग,नैना मेवाड़ श्वेता बगड़िया आदि बहनें शामिल थी।

## पतरातु कीरिगढ़ा में नई रेलवे लाइन बिछाने की योजना का ग्रामीणों ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

पतरातु : प्रखंड अंतर्गत ग्राम किरीगडा में रेलवे लाइन बिछाने के लिए भूमि निरीक्षण करने आए अंचल अधिकारी व अन्य कर्मियों का जन जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया।मौके पर ग्रामीणों ने कहा पीवीयूएनएल पतरातु के द्वारा एक षड्यंत्र के तहत हमारे ग्राम किरीगड़ा में गांव के बीचो-बीच एक नई रेलवे लाइन बिछाने की योजना बना चुकी है। इससे हम ग्रामीण काफी डरे एवं भयभीत हैं अगर गांव के बीचो-बीच रेलवे लाइन बिछ्या जाता हैं तो गांव पूरी तरह से बर्बाद एवं तहस-नहस हो जाएगा गांव समंदर में बने एक टापू के जैसा हो जाएगा और ग्रामीणों का संपर्क दूसरे अन्य गांव से संपर्क खत्म हो जाएगा ऐसी स्थिति में हम ग्रामीणों के पास समंदर में डूब कर जान देने के अलावा दूसरा और कोई रास्ता नहीं बचेगा अगर यह योजना बंद नहीं हुआ तो हम सभी ग्रामीण अपना जान दे देंगे लेकिन किसी भी कीमत में गांव के बीचो-बीच नई रेलवे लाइन बिछाने नहीं देंगे।आगे ग्रामीणों का कहना था कि अगर नई रेलवे लाइन बिछाना है तो जो पूर्व में डबल लाइन बिछी हुई है उसी के साथ-साथ समानांतर एक दो तीन जितना चाहे लाइन बिछा लेकिन गांव के बीचो-बीच नई रेलवे लाइन बिछाने का काम किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो,पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार सिंह,आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह,उप मुखिया उज्जवल कुमार,वार्ड सदस्य संतोष कुमार,कामेश्वर साहू,संतोष कुमार सिंह,मुकेंद्र कुमार,अरविंद सिंह, बलराम सिंह, सिकंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह,रामेश्वर साहू, राजेश साहू,कृष्णा सिंह,संतोष महतो, बसंत सिंह,प्रीतम कुमार, मिथिलेश सिंह,राजेश राजवार, आशीष मुंडा,सिद्धार्थ राजवार, सत्यनारायण सिंह,योगेश्वर साव, संजू देवी,मंजू देवी,सुनीता देवी,प्रतिमा देवी,रिंकू देवी,रीता देवी, कांति देवी,बिंदु देवी,यशोदा देवी, संतोषी देवी,चंपा कुमारी, उज्जवल कुमार,गणेश,जितेन्द्र कुमार,देवानंद सिंह,सचिन,जय सिंह,लालदेव सिंह, देवेंद्र कुमार,लोकेवर कुमार,हित लाल सिंह,सुभाष कुमार,शत्रुघन कुमार सहित सैकड़ो महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## दिव्यांग महिला पैरा क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के चयन को लेकर शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रामगढ : भारत देश के प्रतिबद्ध संस्था दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के तत्वाधान में झारखंड प्रदेश के दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का चयन को लेकर छावनी परिषद के फुटबॉल ग्राउंड रामगढ़ में शनिवार से शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें राज्य कई जिले के दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ियों में शामिल हुए, चयन शिविर में मुख्य अतिथि दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ उपास्थित हुये। चयन शिविर के आयोजन पर बताया गया कि दिव्यांग परिवर्तन फाउंडेशन के बैनर तले आगामी 30 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 को रामगढ़ के छावनी परिषद फुटबॉल ग्राउंडमें नेशनल दिव्यांग महिला क्रिकेट प्रतियोगिता होने जा रही है , जिसमें भारत देश के उड़ीसा प्रदेश , हिमाचल प्रदेश, दिल्ली प्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि टीम भाग ले रही है, झारखंड टीम के चयन में मुख्य संरक्षक विजय मेवाड़ ने विशेष रूप से खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन किया।इस मौके पर अम्बरीन मंजर शाहिद सिद्दीकी, आरिफ कुरैशी , डॉ लालदेव प्रसाद ,अतहर अली, संदीप करमाली , गुलाम रब्बानी , नेहा परवीन , कोच जितेंद्र कुमार, अर्शी राज, सलमान मौजूद रहे।

# विज्ञान एक रोमांच : प्रकाश परावर्तन और अवशोषण पर इंपीरियल पब्लिक स्कूल में किया गया प्रयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के बरमसिया मोड़ पर स्थित इम्पीरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान शिक्षक पंकज कुमार ने कक्षा 8 के छात्रों के लिए एक ज्ञानवर्धक और मनोरंजक गतिविधि का आयोजन किया। इस बीच उन्होंने हल्के और गहरे रंगों द्वारा प्रकाश के परावर्तन और अवशोषण पर आधारित एक प्रयोग करके छात्रों को प्रकाश के व्यवहार को समझाने का प्रयास किया। इस प्रयोग के लिए सफेद और काले गुब्बारे तथा उत्तल लेंस का उपयोग किया गया। पंकज कुमार ने सूर्य की किरणों को उत्तल लेंस से गुब्बारों पर केंद्रित किया। छात्रों ने देखा कि सफेद गुब्बारा, जो प्रकाश को परावर्तित करता है, अधिक देर तक ठंडा रहा। जबकि



काला गुब्बारा, जो प्रकाश को अवशोषित करता है, जल्दी गर्म होकर फट गया। पंकज कुमार ने इस प्रयोग के जरिए छात्रों को रंगों के व्यवहार और उनके दैनिक जीवन में उपयोग का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि गर्मियों में सफेद कपड़े ठंडक बनाए रखते हैं, जबकि गहरे रंग के कपड़े गर्मी को बढ़ा सकते हैं। कक्षा के छात्रों ने इस रोचक प्रयोग को बड़े ध्यान और उत्साह के साथ देखा। प्रयोग ने न केवल विज्ञान को समझने का एक नया दृष्टिकोण दिया, बल्कि छात्रों के मन में विज्ञान के प्रति रुचि भी बढ़ाई। विद्यालय प्रबंधन ने भी पंकज सर की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयोग छात्रों को विषय की गहरी समझ और व्यावहारिक ज्ञान देते हैं।

# अंचल अधिकारी अपना काम करें : ब्रजेंद्र सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा है की धनबाद में आए दिन यहां के अंचल अधिकारी और बालू के तस्करों के साथ कई बार भिड़ंत हो चुका है और खासकर गोविंदपुर इलाका इसके लिए प्रसिद्ध है। अंचल अधिकारी अपने कार्यालय का काम कम और अन्य कामों में ज्यादा रुचि लेते हैं। हाल के गोविंदपुर इलाका के घटना में ना तो उनको उच्च अधिकारी के द्वारा किसी तरह का आदेश प्राप्त हुआ है और ना ही किसी सक्षम पदाधिकारी ने उनको अधिकृत किया है। यह भी देखा जाता है की गरीब ड्राइवर पर झूठा इल्जाम लगाकर प्राथमिक दर्ज कराई जाती है और उन्हें जेल भिजवाया जाता है जबकि न्याय संगत अगर काम हो तो परिणाम दूसरा ही होगा। श्री सिंह ने उपायुक्त से मांग किया है की वैसे अधिकारियों पर अंकुश लगाया जाए और मुख्यमंत्री को अलग से पत्र लिख कर बालू घाटों पर अविलंब निर्णय लेने का निवेदन किया है ताकि झारखंड में विकास का काम आगे बढ़ सके और बालू तस्करियों पर भी लगाम लगाया जा सके।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-01/RDSD/RAMGARH/02/2024-25*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– MMGSY मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/MMGSY /01/2024-25 | गोला | बारघुटू | रामगढ़ जिला के गोला प्रखण्ड के ग्राम– बारघुटू से बाधाकुदर के बीच पाटासुर नाला में पुल निर्माण। | 34703200 | 700000 | 10000 | 18 माह |
| 2 | RE-01/RDSD/ RAMGARH/MMGSY /02/2024-25 | गोला | बेटुल | रामगढ़ जिला के गोला प्रखण्ड के बेटुल से बन्दराचुँआ के बीच गोमती नदी पर पुल निर्माण। | 33438800 | 669000 | 10000 | 18 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 05.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2024 से 14.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 16.12.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9939700965
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 340900 Rural Work Department(24-25).D


# धनबाद रेलवे स्टेशन पर चलाया गया विशेष टिकट चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद रेलवे स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग अभियान एवं मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान के साथ-साथ गोमो, चन्द्रपुरा, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गई। इस जांच अभियान में कुल 1044 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 05 लाख 18 हजार 185 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 143 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। चेकिंग टीमों ने स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की। इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बीबीएमकेयू पीजी मास कम्युनिकेशन में अंजलि ने लहराया परचम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने सत्र 2022 - 24 के पीजी विश्वविद्यालय टॉपरों की सूची जारी कर दी है। एक बार फिर टॉपर्स लिस्ट में बेटियों का दबदबा रहा है। मास कम्युनिकेशन (जन संचार) विभाग में भूली बस्ती धनबाद की रहने वाली अंजली कुमारी विश्वविद्यालय टॉपर रही। अंजली ने कुल 1600 में से 1290 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल कर टॉप रही। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद से ही अंजलि के घर बधाईयों का तांता लगा हुआ है। अंजली ने बताया कि उन्होंने दसवीं की पढ़ाई शाहिद शक्तिनाथ स्मारक विद्यालय से की है, जिसमें उन्हें 379 अंक प्राप्त हुए थे। अहसान आलम कॉलेज से 12वीं में 312 अंक प्राप्त किए तथा स्नातक पॉलिटिकल साइंस से किया जिसमें उन्हें 7.19 सीजीपीए प्राप्त हुए थे। अंजली के पिता अशोक राय बिहारी लाल चौधरी में काम करते हैं। उनकी मां रंजीता देवी गृहिणी है। अंजली तीन भाई बहनों में सबसे बड़ी है। अंजली के पिता ने बताया कि रिजल्ट जानकर बहुत खुश है और उन्हें गर्व है कि उनकी बेटी ने उनका नाम रौशन किया। वह चाहते है कि अंजली और आगे बढे तथा बुलंदियों को छुए। अंजली आगे चलकर आईएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। फिलहाल वो यूपीएससी की तैयारी कर रही है। अंजली ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता, शिक्षकों तथा दोस्तों को दिया है।


**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Chatra.**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/EE/CHATRA/ 18 /2024-25 (2nd -Call)** दिनांक:– **30.11.2024**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | **Construction of 4 Classrooms at Kisan High School Daari Vill -Daari,Panchayat- Daari, Block-Simaria , Dist-Chatra For The Year 2024-25** | **Rs. 51,21,800.00** | **4(Four) Months** |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **04.12.2024** | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | **11-12-2024** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **12-12-2024** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | **9939428677** | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | **9650057169** | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

**Nodal Officer**
**e- Procurement Cell Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Chatra**

PR.NO.340857 Building(24-25):D


# बीसीसीएल कर्मी का सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** महुदा कोल वाशरी डब्लू डब्लू जेड़ कोल वाशरी भुरुंगिया एच बी सेक्सन बीसीसीएल कर्मी के अजीत कुमार लकड़ा फीटर और जगरनाथ वाउरी इलेक्ट्रीशियन एवं ऐरिया -2 महुदा के मईनुदीन अंसारी कम्प्यूटर ऑपरेटर का सेवानिवृत हुए इनका बीसीसीएल कर्मियों के द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर फूल माला एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप प्रबंधक फखरुद्दीन अंसारी , प्रभारी कामेश्वर राम , दिनेश मिश्रा, अमित कुमार मिश्रा तथा कर्मी में रविन्द्र कुमार ,कमलेश यादव , दिलशाद खान , आर पी पासवान ,अनिल दुसाद , केशव रवानी, सन्तोष रवानी,गोपाल नापित, सुरेन्द्र रजवार,आशा देवी आदि


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई निविदा सं.–TRD-OT-9-JACKETMAST-24-25, क्र.सं. (1) कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Jacketing for protection of Masts/ Portals erected on siding loading platform/ goods Wharf for safety of OHE assets in TRD Dhanbad division **कार्य समापन की अवधि – (3) तीन माह (2) कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : रूपया 88,56,332.40 निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/– (3) बीड सिक्युरिटि– रू० 1,77,200/– (4) ई निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 19.12.2024** को **11.00** बजे। **ई–निविदा खुलने की तिथि 19.12.2024** को **11.30** बजे। **(5) वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट www.ireps.gov.in.** ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०/धनबाद**
पीआर/1613/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24-25/32



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई०–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-02/RDSD/RAMGARH/04/2024-25(3rd Call)*

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– MMGSY मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम / पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE-02/RDSD/ RAMGARH/MMG SY /01/2024-25 | पतरातु | कण्डेर | रामगढ़ जिला के प्रखण्ड पतरातु के ग्राम/पंचायत– कण्डेर में डेलिया पत्थर नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 35419400 | 709000 | 10000 | 18 (अठारह) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 05.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2024 से 14.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 16.12.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9939700965
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

PR 340899 Rural Work Department(24-25)#D


# मंत्री के द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और पर्यटन राज्य मंत्री,भारत सरकार,सुरेश गोपी के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, राजहार का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।मौके पर सखी मंडल की दीदियों द्वारा मांदर बजाकर स्वागत किया गया।इस दौरान मंत्री ने सेविका द्वारा बच्चों को दी जाने वाली समावेशी शिक्षा और उनके लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी ली। मंत्री ने बच्चों हेतु मौजूद उपकरणों यथा लंबाई व वजन नापी मशीन की जानकारी ली। बच्चों को प्रतिदिन करायी जा रही, गतिविधियों की जानकारी ली। पोषण वाटिका के साथ साथ बच्चों को दी जाने वाली आहार की जानकारी लेते हुए आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया।मौके पर मंत्री के द्वारा ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर वितरित किया गया। साथ ही खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।इस दौरान सखी मंडल की दीदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं को पलाश मार्ट द्वारा भेंट स्वरूप प्रदान किया।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।**

**भर्ती कैम्प – 03 दिसम्बर 2024**

**रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची** द्वारा **दिनांक 03.12.2024 को पूर्वाहन् 10:00 बजे से 04:00 बजे** तक **अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में भर्ती कैम्प –2024** का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती कैम्प में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl No. | Name & Address of the Employers | Post | No. of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Virson Security & Facility Services Pvt .Ltd. Ranchi | Security Guard | 175 | 10th pass | 18-45 Yrs | 10000 to 14000 | NA | Male Candidates Only |
| | | Security Supervisor | 25 | Graduate | 21-45 Yrs | 12000 to 15000 | Yes | Male Candidates Only |
| | | Driver | 25 | DL+ 10TH pass | 21-45 Yrs | 12000 to 15000 | Yes | Male Candidates Only |
| | | Field Officer | 10 | Graduate | 21-45 Yrs | 12000 to 15000 | Yes | Male Candidates Only |
| 02. | Utkarsh Small Finance Bank Zonal Office-2nd floor, Anmol Plaza, Ratu Rd Chowk, Opp. Election Commission Office, Ranchi. | TCO | 100 | 12th pass/Graduate in any discipline | 18-32 Yrs | 105056 to 12506 | Fresher/ 6 month exp in BFSI | 32 liters fuel pm incentive upto Rs. 25000 PF. Esic coverage term insurance of 10 lac+1 lac accidental insurance Yearly medical coverage of 2 lacs foe self & family |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा _ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

नियोजन पदाधिकारी
अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची

PR 340859 Labour Employment and Traning(24-25)#D

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिये अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर) के अवसर पर दिनाक 25.11.2024 से 10.12.2024 तक जिला अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिदिन आंगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय, प्रखंड/ जिला स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उपरोक्त विषय पर आज दिनाक 30.11.2024 को महिलाओं के खिलाफ हिंसा का उन्मूलन के लिए कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभागार में किया गया।कार्यशाला में शिक्षा विभाग,जेएसएलपीएस, डालसा, जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी/ कर्मी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/ सदस्य, सभी



बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पीड़िता अगर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें तो इसकी मदद से कई सारी समस्याओं से बचा जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोड़ना चाहिए। किसी महिला को किसी प्रकार की हिंसा का सामना करना पड़ता है तो हेल्पलाइन की मदद से उसे सहायता मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम इसका प्रचारित किया जाना चाहिए। सभी कार्यक्रमों की डॉक्युमेंटेशन की जानी चाहिए। लोगों के लिए सार्वजनिक जगहों पर हिंसा उन्मूलन के लिए कार्यक्रम करें और उन्हें जोडें। उनका फीडबैक लें। आज के कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी प्रतिभागी दिनाक 02.12.2024 से 09.12.2024 तक जिले के सभी प्रखंडों एवं सभी उच्च विद्यालय में जागरूकता सत्र का आयोजन करेंगे जिसके लिए अलग से दिशा निर्देश जारी किए गये है। कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञ Dhwani Foundation की रेशमा कुमारी एवं अधिवक्ता प्रियंवदा कुमारी द्वारा महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए कुछ विशेष अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी जो इस प्रकार है्कार्यस्थल पर पोक्सो एक्ट,बाल विवाह एक्ट, महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 उद्देश्य- इस अधिनियम का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन की घटनाओं को रोकना और उनका समाधान करना तथा ऐसे उत्पीडन से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक तंत्र प्रदान करना है।

# बाल विवाह मुक्त गांव बनाने में किशोरों की भूमिका अहम : डॉ. शंभु नाथ चौधरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कुरु प्रखंड के टाटी पंचायत भवन में चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का 6 दिवसीय (25-11-24 से 30-11-24)गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। इस प्रशिक्षण मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ शंभु नाथ चौधरी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम के 6 बिंदु, पियर एजुकेटर कि भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर किशोरियों के लीडर है आप सभी किशोरियों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके।

## भारतीय संविधान दिवस पखवाड़ा के तहत डा0अ0ना0+2 उच्च विद्यालय कैरो में क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय संविधान दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में 30 नवंबर शनिवार को कैरो मुख्यालय स्थित डॉक्टर अनुग्रह नारायण+2 उच्च विद्यालय कैरो लोहरदगा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चार हाउस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम सभी हाउस के बीच लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् प्रत्येक हाउस से तीन उत्कृष्ट विद्यार्थियों को लेकर प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। प्रतियोगिता में शंख हाउस के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही दूसरे स्थान पर दामोदर हाउस तीसरे स्थान पर कोयल हाउस एवं चौथे स्थान पर स्वर्णरिखा हाउस की टीम रही। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के शिक्षक श्री मनोहर हुसैन ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य श्री गणेश कुमार शास्त्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शिक्षक संध्या मुक्ति केरकेट्टा, जितेन्द्र भूषण कुमार, नईम अंसारी, सुनील पन्ना, विनीत कुमार, राजेश साहू, आनंद कुमार दुबे, पवन भगत, राखी उरांव, अरशद आलम, प्रीति कुजूर, नीलम मुंडा, अनिमा एक्का, मसाज खन्दा तथा विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अवैध बालू लोड ट्रैक्टर परिवहन के दौरान जप्त, खनन अधिनियम के तहत होगी कारवाई




**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू ट्रैक्टर से परिवहन की गुप्त सूचना पर पुलिस कारवाई के दौरान एक ट्रैक्टर जप्त खनन अधिनियम के तहत होगी अग्रतर कारवाई अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र से होने की गुप्त सूचना सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को प्राप्त हुआ। सूचना सत्यापन के दौरान क्षेत्र में छपेमारी अभियान चलाया गया। इसी निमित अरु पंचायत ग्राम से एक ट्रैक्टर में अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जब पुलिस द्वारा ट्रैक्टर में लोड बालू सम्बंधित कागजात की मांग किया जाता उससे पहले ही चालक गाड़ी छोड़ भाग निकला जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा लोडेड बालू खनिज संपदा को अवैध मानते हुए इसकी सूचना अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को सूचनार्थ किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बालू लोड स्वराज ट्रैक्टर जे एच 08 सी 1739 को परिवहन करते हुए अरु नंदलाल हाई स्कूल के समीप से पकड़ थाना लाया गया और थाना परिसर में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु खनन विभाग को अवगत कराया गया।

## वारिस कुरैशी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को बेरोजगार अल्पसंख्यक युवकों को लोन वितरण की गति में तेजी लाने का दिया निर्देश



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को राज अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने लोहरदगा जिला कल्याण पदाधिकारी से मुलाकात कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं अल्पसंख्यक कल्याण कार्यों का जायज़ा लिया साथ ही श्री कुरैशी ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बेरोजगार अल्पसंख्यक युवकों को लोन वितरण की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया क्योंकि लोन रांची से स्वीकृत होकर चुनाव से पहले ही लोहरदगा कल्याण कार्यालय आ गया था चुनाव कार्यो की वजह से लोन वितरण में बाधा आई थी,कब्रिस्तान घेराबंदी में हो रहे देरी का कारण जाना तथा उक्त कार्यो को सा समय पूरा करने का भी निर्देश दिया ताकि अल्पसंख्यक संबंधी नए योजनाओं को धरातल पर उतरा जाए। श्री कुरैशी ने जिले में चल रहे अल्पसंख्यक छात्रावासों की स्थिति को जाना उसमें क्या कमी है उसको पूर्ण करने के लिए संबंधित मंत्रालय से संपर्क स्थापित कर उस कमी को बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। श्री कुरैशी प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक क्षेत्र के विकास हेतु स्थल चयन कर प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजने का भी निर्देश दिया।

## साइबर अपराधियों ने पुष्पा कुमारी से 57 हजार रुपए की ठगी की घटना को दिया अंजाम

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र में साइबर अपराधियों की पकड़ तेज होती जा रही है। इससे रोजाना लोग साइबर अपराधियों की चंगुल में फंस ठगी का शिकार हो रहे है। भंडरा प्रखंड में शनिवार को दो लोग फिर से साइबर अपराधियों के झांसे में आकर ठगी का शिकार हुए है। जिसमें भंडरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी राजेश उरांव की पत्नी पुष्पा कुमारी को साइबर अपराधियों द्वारा मुख्यमंत्री मंईया सम्मान समृद्धि योजना व प्रधानमंत्री सम्मान योजना की राशि खाता में भेजे जाने की बात कहते हुए उसके फोन-पे में लिंक के माध्यम से दो अलग-अलग किस्त में 57 हजार रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसमें साइबर अपराधियों द्वारा पहले बार में 49 हजार व दूसरी बार में आठ हजार रुपए की राशि की ठगी किया गया है। दूसरी घटना भंडरा निवासी विनोद साहू की पुत्री रितु कुमारी के साथ हुई है।

# सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के प्राचार्य डॉ. रामकुमार प्रसाद शनिवार को हुये सेवानिवृत्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के प्राचार्य डॉ. रामकुमार प्रसाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। मौके पर प्राचार्य डॉ रामकुमार प्रसाद को शिक्षकेत्तर कर्मियों के अलावा छात्र-छात्राओं ने बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर छात्रों ने विदाई गीत के अलावे कई कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति की। वक्ताओं ने डॉ रामकुमार प्रसाद के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि डॉ रामकुमार प्रसाद ने अपने कार्यकाल के दौरान सिमडेगा कॉलेज को एक नई पहचान दी। शिक्षा के प्रति उनके समर्पित कार्य के कारण आज जिले के कई गरीब बच्चे आसानी से उच्च डिग्री ग्रहण कर रहे हैं। वहीं



कई छात्र विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। डॉ रामकुमार प्रसाद ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सिमडेगा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में कई कृतिमान हासिल किया है। डॉ रामकुमार प्रसाद के कार्यो की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उनके द्वारा का किए गए योगदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने जिले के गरीब छात्रों के लिए एक नया द्वारा खुला है। डॉक्टर रामकुमार प्रसाद ने भी अपने विचार रखें। उन्होंने समारोह आयोजित करने के लिए सभी शिक्षककेतर कर्मचारी एवं छात्रों के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान कालेज प्रबंधन के अलावा जिले के सभी लोगों का सराहनीय योगदान रहा है। इसके लिए भी आभारी हैं। सभी के सहयोग से ही सिमडेगा कॉलेज को एक नई पहचान देने का प्रयास किया किया। **नए प्राचार्य देवराज प्रसाद ने ग्रहण किया पदभार :** मौके पर नए प्राचार्य के रूप में नए प्राचार्य डॉ देवराज प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सिमडेगा को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने का काम करेंगे। जिले के गरीब बच्चों को भी उच्च शिक्षा देने की दिशा में लगातार प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी गरीब बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

# सिमडेगा डीएसओ के असामयिक निधन पर जिला प्रशासन ने की शोक सभा, दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला में पदस्थापित जिला आपूर्ति पदाधिकारी संदीप भगत की असामयिक निधन होने पर जिला प्रशासन द्वारा आज दिनांक -30/11/2024 को शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर तथा चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी के रूप में सिमडेगा जिले में पदस्थापित संदीप भगत बीमार थे उनका इलाज भुवनेश्वर के अस्पताल में चल रहा था। जहां शुक्रवार की देर रात 9 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिले के एक कर्मठ पदाधिकारी के असामयिक निधन से जिला प्रशासन काफी मर्माहत है उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में दिनांक -30/11/2024 को उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु की अगुवाई में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाहरणालय में कार्यरत जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी द्वारा शामिल होकर दिवंगत संदीप भगत के आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# संगणक आचार्य विकास कुमार मेहता का स्नेह मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के संगणक आचार्य स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा षष्ठ से दशम के भैया -बहन शामिल हुए। संगणक आचार्य विकास कुमार मेहता जी को प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा भी शुभकामना दी गई। सभी वरिष्ठ आचार्य -दीदी जी ने आचार्य विकास कुमार मेहता को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों की आंखों से आंसुओं की धार बहने लगी। संगणक आचार्य विकास कुमार मेहता ने विद्यालय में जनवरी 2022 से वर्तमान नवंबर 2024 तक विद्यालय को संपूर्ण समय दिया। अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए उनकी आंखें भी नम हो गई। विकास कुमार मेहता संगणक विषय में गोल्ड मेडलिस्ट थे। भैया-बहनों को आचार्य जी से काफी लगाव था। विद्यालय परिवार ने विकास कुमार मेहता के उज्जवल भविष्य के कामना करते हैं।

# जयप्रकाश शर्मा गरीबों का बने मसीहा, 2007 से लगातार जरूरतमंद लोगों के बीच बांट रहे हैं कंबल व गर्म कपड़े



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ज्यों ज्यों शरद ऋतु अपने चरम पर पहुंचती है, ठंड से सभी का जीना मुश्किल हो जाता है विशेषकर गरीब और मजदूर वर्ग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होने लगते हैं,परिवार के भरण पोषण के लिए उन्हें जाड़े की सुबह में भी काम पर जाना पड़ता है और सर्द रात भी काटना मुश्किल हो जाता है। लोहरदगा नगरपालिका के सफाई कर्मी भी इस कड़कड़ाते ठंड में भोर बिहान से अपनी सेवा में लग जाते हैं, उन्हीं को थोड़ी राहत देने शहर के दवा व्यवसायी और समाज सेवी जय प्रकाश शर्मा ने 60 सफाई मित्रों के बीच जा कर कंबल वितरित किया। सभी उनके सहयोग से प्रसन्न हुए। जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि 2007 से जब से उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया तभी से हर वर्ष व्यक्तिगत और विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से जरुरतमंदों के बीच जा कर कंबल और गरम कपड़े वितरित करते आ रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी वे अपनी सेवा देते हैं। अब तक सैकड़ों लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। शर्मा ने कहा कि ठंड से बचाव जरूरी है, ठंड लगने से कई बार लोग बीमार भी पड़ जाते हैं। थोड़ी सी मदद कर हम गरीबों का बचाव कर सकते हैं। अनुपयोगी और पुराने गर्म कपड़े भी दे कर सेवा दी जा सकती है।अगली सेवा सदर अस्पताल में रहने वाले मरीजों और सुदूरवर्ती ग्रामीणों के बीच की जाएगी।

# बांग्लादेश में अत्याचार नहीं रुक तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी : सुनील अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज जय श्रीराम समिति की बैठक हटिया गार्डन स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला एवं नगर के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से जिला कमेटी का विस्तार, मंदिरों में महाआरती, तीर्थ यात्रा का आयोजन एवं बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर खास चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ने कहा जल्द ही पूरे जिला कमेटी का विस्तार किया जाएगा। आगे कहा कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार से पूरे हिंदू समाज में आक्रोश है जल्द ही अत्याचार ना रुका तो समिति उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। मौके पर ओम महतो, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू, कोषाध्यक्ष प्रदीप कसेरा, विनोद प्रसाद, बजरंग करवा, रामकुमार साहू, अनुज कुमार, नगर अध्यक्ष दीपक साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# डाइट चीरी में बीआरपी, सीआरपी, मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु बीआरपी सीआरपी मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन डाइट चीरी, लोहरदगा में किया गया। आज दिनाँक 30.11.2024 को दूसरे और अंतिम दिवस का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर दीनबंधु डे, अम्बिका शरण पांडेय, जीतेन्द्र मित्तल एवं डाइट की ललिता कुमारी के द्वारा दिया गया। सिनी के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर शिवचरण महतो, लोहरदगा प्रतिनिधि तरुण कुमार, सुष्मिता धान द्वारा भी प्रशिक्षण के दरम्यान जानकारी के साथ साथ आवश्यक सहयोग दी गई। सभी प्रखंडों के बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण पलाश मॉड्यूल के अनुसार दिया जा रहा है। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर



विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण पलाश प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर दिया जा रहा है। आज के प्रशिक्षण चर्या में विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य और दायित्व, नई शिक्षा नीति 2020, निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और बाल अधिकार चाइल्ड राइट्स, पोक्सो एक्ट, बाल अधिकार अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम, प्रोजेक्ट रेल, प्रोजेक्ट इम्पैक्ट, प्रयास, लेखा संधारण आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उपरोक्त प्रशिक्षण सीआरपी दीनबंधु डे, सीआरपी जीतेंद्र मित्तल और बीआरपी अम्बिका शरण पांडेय द्वारा विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दरम्यान प्रभाग प्रभारी अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप द्वारा बतलाया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण एक समय बद्ध कार्यक्रम है, जिसे माह दिसंबर, 2024 से जनवरी, 2025 तक पूर्ण किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण में सिनी के तरुण कुमार द्वारा भी सभी प्रशिक्षुओं को विद्यालय प्रबंधन समिति से संबंधित जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षणचार्य में प्रखंड अधीन सभी बीआरपी, सीआरपी उपस्थित रहे। जिनमें संजीव कुमार, संजय कुमार, बनवारी उरांव, सीमा शर्मा, नीलू गोयल, निधि गुप्ता, निशि कुमारी, इम्तियाज अहमद, जावेद अंसारी, धर्मेंद्र प्रसाद सोनी, उपेन्द्र नाथ ठाकुर, विकास जायसवाल सहित जिले के सभी बीआरपी, सीआरपी उपस्थित हुए।

# अनीता रानी बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं और शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं : शैलेंद्र सुमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं बल्कि शिक्षक समाज को सदैव नई दिशा देते हैं और आजीवन शिक्षा दान करते हैं। उक्त बातें बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा में शिक्षिका अनीता रानी के विदाई समारोह में शिक्षक कर्मचारी नेता शैलेंद्र सुमन ने कही। श्री सुमन ने कहा कि शिक्षक को हमेशा विद्यार्थियों के शिक्षा के प्रति उच्च गुणवत्तापूर्ण विचार होना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में बहुमुखी प्रतिभा की धनी अनीता रानी के बहुमूल्य योगदान को भुलाया नही जा सकता है। बालिका उच्च विद्यालय के प्रिंसिपल नीलोफर खुर्शीद ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि अनीता रानी ने काफी लंबे समय तक बच्चियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभाग द्वारा मिले दायित्व को सदैव पूरी तन्यता से निभाया। बच्चों और सहकर्मियों के



साथ भी इनका व्यवहार आत्मीय रहा। शिक्षक संघ के मुमताज अहमद ने कहा कि सेवानिवृत हो रही शिक्षिका अनीता रानी ने विद्यालय के एकेडमिक ही नहीं बल्कि सभी तरह के एजुकेशनल एक्टिविटी में अपना सहभागिता निभाया। इनके कार्य का फक्र हम सबों को है। आज इनके द्वारा शिक्षा के प्रति किए गए कार्यो से सीखने की जरूरत है। पूर्व प्रिंसिपल सी पी भगत, एलिस रानी, सुखमणि उरांव ने इनके लंबे सेवा के कार्य को काबिलेतारिफ बताया और कहा कि इनका सेवाकाल बेदाग रहा जो कि एक बड़ी उपलब्धि है। रिटायर हो रही शिक्षिका अनीता रानी ने मिल रहे अपार प्रशंसा के प्रति उपस्थित तमाम जनों का आभार प्रकट किया।सेवा निवृत शिक्षिका रेखा सोनी, शिक्षिका सुधा रानी, जेबा कौशर, सुरैया शबा, सुनीता कुमारी, सुनीता टोप्पो, सुनीता स्टेलना कुजूर शिक्षक मुकेश कुमार, वली अहमद, असरफ खां, सीआरपी जितेंद्र मित्तल, आदि ने भी अनीता रानी के सराहनीय कार्यो की तारीफ किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। विदाई समारोह के दौरान विद्यालय परिवार भावुक नजर आए और अपने शिक्षिका के कार्य को याद कर काफी प्रफुल्लित भी थे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका, शिक्षेत्तर कर्मचारी, पारिवारिक सदस्य एवं भारी संख्या में अभिभावकगण मौजूद थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, रविवार, 01 दिसंबर 2024 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### वारिस कुरैशी ने लोहरदगा में अल्पसंख्यक कल्याण कार्यों का लिया जायज़ा



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार के सदस्य वारिस कुरैशी ने शनिवार को लोहरदगा जिला कल्याण पदाधिकारी से मुलाकात कर सरकार द्वारा चलाए जा रहे अल्पसंख्यक कल्याण कार्यों का जायज़ा लिया। साथ ही श्री कुरैशी ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बेरोजगार अल्पसंख्यक युवकों को लोन वितरण की गति में तेजी लाने का निर्देश दिया। क्योंकि लोन रांची से स्वीकृत होकर चुनाव से पहले ही लोहरदगा कल्याण कार्यालय आ गया था। चुनाव कार्यो की वजह से लोन वितरण में बाधा आई थी।कब्रिस्तान घेराबंदी में हो रहे देरी का कारण जाना तथा उक्त कार्यों को सा समय पूरा करने का भी निर्देश दिया ताकि अल्पसंख्यक संबंधी नए योजनाओं को धरातल पर उतरा जाए। श्री कुरैशी ने जिले में चल रहे अल्पसंख्यक छात्रावासों की स्थिति को जाना उसमें क्या कमी है उसको पूर्ण करने के लिए संबंधित मंत्रालय से संपर्क स्थापित कर उस कमी को बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। श्री कुरैशी प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक क्षेत्र के विकास हेतु स्थल चयन कर प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेजने का भी निर्देश दिया।

### केदारनाथ जीत की चर्चा देश भर में : महेंद्र भट्ट

**देहरादून :** केदारनाथ की नवनिर्वाचित विधायक आशा नौटियाल शनिवार को बलवीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय पहुंची। इस दौरान भाजपा परिवार की ओर से उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि केदारनाथ जीत की चर्चा और खुशी देश भर में है। अब कांग्रेस के नेता भी स्वीकार कर रहे हैं कि उनके पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जैसे नेताओं का विकल्प नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने केदारनाथ की जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए जनादेश को क्षेत्रवाद और अफवाहों के जहर को समाप्त करने और विकास की नीतियों को आगे बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि केदारनाथ जीत की चर्चा और खुशी देशभर में है। केदारनाथ की जनता ने भाजपा और उनके उम्मीदवार पर विश्वास जताया है, उसके लिए पार्टी उन सभी का आभार व्यक्त करती है।महेंद्र भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी समेत पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत के परिणाम से उपचुनाव में जीत मिली। सभी ने व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को पीछे छोड़कर पार्टी और उसके विचारों के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यात्रा को प्रभावित करने की साजिश रचने वालों को केदारनाथ की देवतुल्य जनता ने नकार दिया है।महेंद्र भट्ट ने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय चुनावों के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें निकाय, पंचायत चुनावों और 2027 के आम विधानसभा चुनावों तक जीत के रूप में जारी रखना है।

# सड़क हादसे में पांच की मौत, 6 घायल

एजेंसी

**श्रावस्ती :** जिले में थाना इकौना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के पास कार और टैम्पो में टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हुए हैं। सभी को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद कार और टैंपो हाई-वे के किनारे गड्ढे में गिर गए।

इकौना थाना प्रभारी अश्वनी कुमार दुबे ने हादसे में पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। मरने वालों में श्रावस्ती के पांडेयपुरवा निवासी लल्लन(44), प्रयागपुर निवासी



रफीक(40), बरई निवासी ननके यादव (30) मोहम्मदापुर निवासी अयोध्या प्रसाद (60) और बहराइच के मुरलीधर के रूप में हुई है। सभी टैम्पो में सवार थे। हादसे में जो छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनमे सूबेदार, नागेश्वर प्रसाद, शाकिराबानो, विजय चौधरी, सोहराब, और शिवराम है। सभी घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि अपनी कार (यूपी51 एआर3596) बनवाने के लिए विजय चौधरी बहराइच आया था। उसके साथ सोहराब (42) भी था। इकौना के मोहनीपुर के पास टैम्पो में कार की टक्कर होने के बाद दोनों वाहन सड़क किनाने गड्ढे में जा गिरे। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में जान गंवाने वालों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## सभी पदाधिकारियो और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने का डीसी ने दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के कार्यालय प्रधान द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मियों के साथ बैठक आहूत की गई। सभी को समय पर कार्यालय में आने और कार्य स्थल पर संवेदनशीलता के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।

**प्रखंड एवं अंचल स्तर पर बैठक आहूत :** रांची जिला में सभी प्रखंड तथा अंचल कार्यालय में भी पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड एवं अंचल स्तर पर बैठक कर सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया।

कहा गया कि यह आवश्यक है कि सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कार्यस्थल पर समय से आएं, कार्य



अवधि में कार्यालय में उपस्थित रहें और बिना अधिकृत छुट्टी के अवकाश पर ना जाएं।

सभी को आम जनता के साथ संवेदनशील बने रहने का निर्देश दिया गया। आम जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालय का चक्कर काटने की जरूरत ना पड़े, प्राथमिकता से उनकी समस्याओं का समाधान करें।

## सांसद वीडी राम के प्रयास से पलामू-गढ़वा के छूटे हुए गांव में जल्द होगा विद्युतीकरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिले क्रमशः पलामू एवं गढ़वा के छूटे हुए गांवों एवं टोलों में शीघ्र बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ऐसे टोलों एवं गांवों के सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके लिए सांसद ने लोकसभा में शून्य काल के अंतर्गत मामले को उठाया था एवं तत्कालीन केन्द्रीय विद्युत मंत्री श्री आरके सिंह सिंह को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर अनुरोध किया था।विदित है कि गढ़वा शहर, मेदिनीनगर शहर के अलावा भी छोटे-छोटे शहरों में भी बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भारत सरकार के द्वारा संचालित रेवंपेड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंदर की जा रही है। साथ ही दोनों जिलों के प्रखंड़ों एवं गांवों में मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। श्री राम ने कहा कि उम्मीद है कि उक्त बिजली योजनाओं के कार्य के पूर्ण होते ही बहुत जल्द ही छूटे हुए गांवों एवं टोलों में भी निर्वाध रूप से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## प्राकृतिक जल संसाधनों का विस्तृत भंडार है उत्तराखंड : विस अध्यक्ष

एजेंसी

**देहरादून :** दून विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) के 19वें राज्य स्तरीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन के समापन सत्र में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।विधानसभा अध्यक्ष का परिषद ने स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने सम्मेलन के दौरान विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शोधकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए।विधानसभा अध्यक्ष ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र बसु की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. बसु के प्रयोगों ने भारतीय विज्ञान और अनुसंधान को नई ऊंचाई दी है। उनके द्वारा की गई खोजों ने विज्ञान को एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया और यह सिद्ध किया कि जीवन केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण प्रकृति में विद्यमान है। सम्मेलन की उपलब्धियांइस वर्ष के सम्मेलन का मुख्य विषय



उत्तराखंड में जल और प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन रहा। इसमें 300 से अधिक मौलिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सम्मेलन छात्रों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों और वैज्ञानिकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले शोधार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में उत्तराखंड की प्रगतिविधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यूकास्ट प्रदेश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। देहरादून में देश की पांचवीं साइंस सिटी का निर्माण एक बड़ी उपलब्धि है।

नृत्य प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

# हमारी परंपरा को सहेज रही है बेटियां : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम आवासीय विद्यालय परिसर में उच्चतम कक्षाओं के छात्रों के लिए नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां निर्णायक के रूप मे मौजूद पलामू के नृत्य जगत को नई ऊंचाई देकर नई कीर्तिमान स्थापित कर चुके निदेशक सुजीत कुमार, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, समन्वयक रिजवाना परवीन, विकास विश्वकर्मा, नृत्य शिक्षिका पूजा चंद्रवंशी व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने लोक नृत्य, साहित्यिक नृत्य, पारंपरिक मैथिली नृत्य जैसे कई नृत्य का प्रदर्शन किया।निर्णायक श्री सुजीत ने




छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन को सराहा तथा बच्चों के बेहतरीन प्रदर्शन के अनुसार प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया, जहां प्रीति कुमारी प्रथम स्थान, सोनी कुमारी द्वितीय स्थान व रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही। वही आदित्य कुमार का नृत्य करने का अलग अंदाज ने खास रूप से कार्यक्रम का रौनक बढ़ाया।विद्यालय के चेयरमैन ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया। श्री देव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते वक्त में जिस तरह से लोग सस्ती लोकप्रियता, क्षणिक उपलब्धियों का ताज अपने माथे सजाने के लिए हमारी परंपरा को भूल कर अश्लीलता परोसने के लिए व्याकुल है, वैसे में हमारे समाज के बेटियों के द्वारा लोक, साहित्य व पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन वाकई में बहुत खूबसूरत रहा। मौके पर इस कार्यक्रम के संचालन कर रही रूपम कोसनम, समन्वयक रोशन राज, दीपक कुमार व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### रांची में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**रांची :** रांची के बुंडू थाना क्षेत्र अंतर्गत धुर्वा मोड़ ओवर ब्रिज के ऊपर शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। युवक की शिनाख्त विरेन्द्र मुंडा (28) के रूप में की गयी है। वह बुंडू थाना क्षेत्र के टांगर टोली का रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात वाहन के चपेट में आने से विरेन्द्र की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग जमा हो गए। भीड़ ने सड़क जाम कर दिया। लोग मुआवजे की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने प्रतिनिधियों और बुंडू प्रशासन को घटनास्थल पर भेजा। परिजनों को तत्काल सहायता राशि देकर शव को उठा लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। एसडीपीओ बुंडू ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## संभल हिंसा : जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर 10 दिसंबर तक रोक

एजेंसी

**संभल :** जामा मस्जिद के सर्वे के बाद भड़की हिंसा के बीच संभल जिला प्रशासन ने शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ा कदम उठाया है। जिला प्रशासन ने शनिवार को आदेश जारी कर 10 दिसंबर तक जिले में बाहरी लोगों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जिले की सीमा में किसी भी बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि को सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इस कदम का उद्देश्य क्षेत्र में शांति बनाए रखना और किसी भी अप्रिय स्थिति को टालना है। इस आदेश के मद्देनजर आज समाजवादी पार्टी (सपा) का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल संभल का दौरा नहीं कर सका। इस दल का



नेतृत्व उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे करने वाले थे। उन्होंने लखनऊ में अपने आवास पर पत्रकारों को बताया कि प्रदेश के गृह सचिव संजय प्रसाद ने फोन कर उनसे संभल न जाने का अनुरोध किया है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य सरकार को संभल में शांति और सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि शाही जामा मस्जिद के सर्वे की रिपोर्ट को सील बंद रखा जाए और स्थानीय अदालत में इस मामले की कार्यवाही फिलहाल स्थगित रहे। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, ÷शांति और निष्पक्षता सुनिश्चित होनी चाहिए। हम नहीं चाहते कि कोई गलत कदम उठाया जाए।19 नवंबर को स्थानीय अदालत ने शाही जामा मस्जिद के सर्वे कराने का आदेश दिया। कुछ याचिकाकर्ताओं ने अदालत में दावा किया कि मस्जिद की जगह पहले एक हरिहर मंदिर था। इस आदेश के बाद 24 नवंबर को हिंसा भड़क उठी, जिसमें पथराव की घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई।

## फुटपाथ मार्केट व प्रदर्शनी मेदिनीनगर की जरूरत : अरुणा शंकर

प्रथम महापौर ने किया वूलन मार्केट का शुभारंभ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बेलवाटिका चौक पर पर कश्मीरी वूलन मार्केट का शुभारंभ मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने करते हुए कहा एक समय था कि जब हम कश्मीर जाते थे तो वहां से कश्मीरी कपड़ा खरीद कर यहां अपने पारिवारिक एवं मित्रों को उपहार देने के लिए लाते थे या खुद पहनते थे। आज हमारा शहर इतना बड़ा हो चुका है कि कश्मीरी एवं भूटानी लोग आकर कश्मीर और भूटान का कपड़ा हमारे यहां बेचकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, जिसकी मुझे खुशी है। प्रथम महापौर ने कहा कि इस बार मुझे महापौर बनने का निगम की जनता ने आशीर्वाद दिया तो जहां फुटपाथ व्यवसाईयों के लिए शहर के बीच स्टेट बस डिपो के बगल में खाली पड़ी जमीन पर एक शानदार फुटपाथ व्यवसायों के लिए मार्केट दिया जाएगा। वहीं दूसरे राज्य से आकर हम सबों के बीच अच्छे-अच्छे वस्तुएं बेचने या प्रदर्शनी लगाने वाले व्यवसाययों के लिए प्रदर्शनी हाल भाड़े पर दी जाएगी। जिसमें उन छोटे व्यवसाईयों को रहने की भी व्यवस्था होगी। प्रथम महापौर ने कहा कि मेरे कार्यकाल मैं पारित किया गया फुटपाथ एवं नालियों पर बैठकर व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं हेतु बड़ा तालाब के समीप सब्जी मार्केट का जिसका टेंडर हो चुका है, आशा है कि जल्द निगम वासियों को निगम तोहफे में देगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला, संजू शुक्ला, विराज अहमद, सबजद्दर अहमद मलिक, जावेद अहमद, धीरज चंद्रवंशी, सुनील गुप्ता एवं कई सारे व्यावसाई उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन से आलू के ट्रकों को रोकने के मामले को सुलझाने का किया आग्रह

**रांची :** पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि तत्काल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से बातकर इस मामले को सुलझाएं। मरांडी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार के द्वारा आलू का ट्रक झारखंड आने से रोकने के निर्णय ने रोजमर्रा की जिंदगी में महंगाई की चिंता बढ़ा दी है। बंगाल से आलू लेकर झारखंड आ रहे सैकड़ों ट्रकों को वापस लौटाया जा रहा है। सब्जी मंडियों में भी महज कुछ दिनों का ही स्टॉक बचा हुआ है। आवक कम होने के कारण आलू की कीमतें आसमान छूती जा रही हैं और आमजनों के रसोई से आलू गायब होती जा रही है।

## श्यामली में कला एकीकरण विषय पर कार्यशाला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सीबीएसई, सीओई, पटना के तत्वावधान में कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत शिक्षकों के लिए जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में कला एकीकरण (आर्ट इंटीग्रेशन) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में मैक्लूसकी गंज, लातेहार और राँची प्रक्षेत्र के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों के लगभग 65 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

इस कार्यशाला में ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, हटिया की प्राचार्य पल्लवी सिंह और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्य खुशी राम झा ने रिसोर्स पर्सन के रूप में पीपीटी, ऑडियो-वीडियो तथा अन्य क्रियाकलाप के द्वारा प्रदत्त विषय को विस्तार से समझाया। इन्होंने चार सत्र के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में कला एकीकरण से परिचय व



संबंध, पाठ्यक्रम में कला एकीकरण का योजनाबद्ध प्रवेश, प्रायोगिक शिक्षा के माध्यम से कला एकीकरण का विकास तथ कला एकीकरण पर सीबीएसई हैंडबुक की जाँच जैसे विषय पर गहनतम प्रकाश डाला। रिसोर्स पर्सन ने बताया कि कला एकीकरण, सीखने-सिखाने का एक मॉडल है। इसमें कला को निर्देश को बढ़ाने के लिए दूसरे विषयों के साथ जोड़ा जाता है।

छात्रों को कला के प्रवेश बिंदु के तौर पर विषय वस्तु सीखने का मौका मिलता है, जिससे बच्चों में आलोचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और धैर्य-दृढ़ता जैसे कौशल विकसित होते हैं। यह विद्यालय में सहयोग, सहकारिता और आत्मविश्वास का माहौल बनाने के साथ दीर्घकालिक अवधारणा में भी सुधार होता है। कार्यशाला में प्रशिक्षु शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक ज्ञानवर्धन किया। क्रियाकलाप में इनकी सक्रियता देखते बनती थी।

### रांची समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव के लिए नोडल पदाधिकारी नामित

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर रांची समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई के सन्दर्भ में निर्देश दिए। समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव को और बेहतर बनाने के लिए उपायुक्त द्वारा नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया। जिला स्तर पर प्रत्येक कार्यालय में कर्मी समय पर अपने कार्यालय पहुंचे इसके लिए प्रतिदिन की मॉनिटरिंग करने के लिए भी नोडल पदाधिकारी को उपायुक्त ने प्रतिनियुक्त किया। समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आईडी कार्ड बनाने तथा आमजनों की शिकायतों के निस्तारण के लिए व्हाट्सएप नंबर पर सतत फॉलो अप बनाए रखने के लिए प्रतिनियुक्ति संबंधित कार्य में हुई प्रगति की जानकारी उपायुक्त ने ली।